जबलपुर
सोमवार, 26 मई 2025
- ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष–14/15 अमावस्या
- वर्ष : 20, अंक : 26
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 35
न्यूर.26

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## पीएम मोदी का आज गुजरात दौरा
### 82,950 करोड़ की परियोजनाओं की देंगे सौगात



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार पीएम मोदी सोमवार को अपने गृह राज्य गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर जा रहे हैं, जहां वह भुज, दाहोद और गांधीनगर में 82,950 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की सौगात देंगे। इस दौरान वह कई विकासमूलक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।







मुख्यमंत्री परिषद की बैठक के दौरान पीएम मोदी के साथ ग्रुप फोटो

**एनडीए का सीएम कॉन्क्लेव :** एनडीए ने मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों की बैठक में प्रस्ताव पास कर सशस्त्र बलों और पीएम मोदी की प्रशंसा की

पीएम ने कहा कि जातिगत गणना हाशिए पर पड़े लोगों और हर क्षेत्र में पिछड़े लोगों को विकास की मुख्यधारा में लाने की दिशा में बड़ा कदम

# राजग की बैठक में पीएम मोदी ने नेताओं को दी नसीहत-बेवजह की बयानबाजी से बचें



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में रविवार को हुई बैठक में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने एकजुटता का प्रदर्शन किया है। राजग के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों ने ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों के पराक्रम और पीएम मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए प्रस्ताव पारित किया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बैठक की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम मोदी का स्वागत किया



बैठक में बिहार चुनाव मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ और सुशासन के मुद्दे पर भी चर्चा

आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर एनडीए इसका पर्दाफाश करेगा और जनता को उन लोगों के बारे में बताएगा जिन्होंने लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश की थी

### पीएम ने दिया मंत्र...
## हमें आत्मनिर्भर भारत बनाना है

जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा था कि यह सेना का शौर्य है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया है कि हमें आत्मनिर्भर भारत बनाना है। एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बताया कि बैठक में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान पर भी चर्चा हुई। नक्सलवाद को लेकर जो योजनाएं चल रही हैं, उन पर चर्चा हुई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी रणनीति पर चर्चा की और उन्होंने हमारा मार्गदर्शन किया और सभी मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों को बताया कि हमने इसे हराने के लिए अपनी ताकत का इस्तेमाल कैसे किया है। उस चर्चा में छत्तीसगढ़ के सीएम ने बताया कि हमने नक्सलवाद के खिलाफ कैसे लड़ाई लड़ी है और हमें कैसे सफलता मिल रही है। इस दौरान नड्डा ने कहा कि 25-26 जून को आपातकाल के 50 साल पूरे हो जाएंगे। इस मौके पर एनडीए इसका पर्दाफाश करेगा और जनता को उन लोगों के बारे में बताएगा जिन्होंने लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश की थी।

*कई राज्यों के सीएम ने अपनी प्रमुख योजनाओं का प्रजेंटेशन भी दिया*

*बैठक में ऑपरेशन सिंदूर और जाति जनगणना के अलावा मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ और सुशासन तथा बिहार चुनाव के मुद्दे पर चर्चा हुई। साथ ही विभिन्न राजग शासित सरकारों की ओर से अपनाए गए सर्वोत्तम कदमों पर भी विचार-विमर्श हुआ। कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपनी प्रमुख योजनाओं पर प्रस्तुति भी दी।*








### ताजमहल को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी

**आगरा।** ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर रहीं। पर्यटन विभाग को केरल से एक ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें ताजमहल को आरडीएक्स से उड़ाने की बात कही गई थी। मेल मिलते ही सीआईएसएफ, ताज सुरक्षा पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डाग स्क्वाड और पुरातत्व विभाग की टीमों ने ताजमहल परिसर में तीन घंटे तक सघन तलाशी अभियान चलाया।



डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि यह ईमेल फर्जी निकला। साइबर थाना में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। सुरक्षा के मद्देनजर ताजमहल के पूर्वी और पश्चिमी गेट पर सतर्कता बढ़ा दी गई। पर्यटकों को पेन तक ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। सीसीटीवी कैमरों से हर गतिविधि पर नजर रखी गई।

लालू ने बड़े बेटे को दिया 'वनवास'... क्या छोटे के 'राजतिलक' का रास्ता हो गया अब साफ?

# तेजप्रताप को 6 साल के लिए आरजेडी से निकाला, 'रिलेशनशिप' पर किया था पोस्ट



तेज प्रताप के निष्कासन से पार्टी में आंतरिक संघर्ष की संभावना

एजेंसी ⏭ पटना

आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को दिल पर पत्थर रखकर छह साल का वनवास दे दिया। लालू यादव ने ऐसा काम कर दिया, जो कोई पिता नहीं करता है। लेकिन, तेज प्रताप यादव ने आखिरकार लालू को यह करने को मजबूर कर दिया। बिहार की राजनीति और आगामी चुनाव को देखते हुए एक बड़ा घटनाक्रम है।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले क्या यह राष्ट्रीय जनता दल में एक बड़ा राजनीतिक भूचाल आने के संकेत हैं? ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या सचमुच में तेज प्रताप यादव अब पार्टी और परिवार से बाहर हो गए हैं? क्या तेजस्वी यादव का लालू यादव के बाद आरजेडी का असली बॉस बनने का रास्ता साफ हो गया?

- लालू प्रसाद यादव ने तेजप्रताप के रिलेशनशिप के ऐलान वाले वीडियो को पार्टी और परिवार की प्रतिष्ठा के खिलाफ माना और तेज प्रताप को पार्टी से निष्कासित करने का निर्णय लिया।



बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले क्या यह राष्ट्रीय जनता दल में एक बड़ा राजनीतिक भूचाल आने का संकेत हैं?

### लालू बोले- मैं लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती

लालू ने कहा कि इस प्रकार का आचरण पार्टी के नैतिक मूल्यों के खिलाफ है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। मैं लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। अपने निजी जीवन का भला -बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम हैं। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमज़ोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया जाता है।

### अनुष्का के साथ अपने रिश्ते का खुलासा किया था तेजप्रताप ने

तेज प्रताप यादव ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें उन्होंने अनुष्का यादव के साथ अपने रिश्ते का खुलासा किया था। उन्होंने कहा था कि वह 12 साल से रिलेशन में हैं। लालू प्रसाद यादव ने इस वीडियो को पार्टी और परिवार की प्रतिष्ठा के खिलाफ माना और तेज प्रताप को पार्टी से निष्कासित करने का निर्णय लिया।

### तेजस्वी ने अध्यक्ष लालू के फैसले का समर्थन किया

तेजस्वी यादव ने भी कहा कि वह (तेजप्रताप) अपने निजी जीवन का फैसला लेने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने कहा कि वह पार्टी अध्यक्ष लालू यादव के फैसले के समर्थन में हैं। उन्होंने तेजप्रताप के बारे में कहाकि वह एडल्ट हैं।

सिहोर जिले से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने

# पीएम के विकसित भारत का संकल्प मेरे लिए मंत्र बन गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहै कि एक ताकतवर भारत और विकसित भारत हमारा लक्ष्य है।

विकसित भारत का पीएम नरेंद्र मोदी का संकल्प मेरे लिए मंत्र बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत विकसित तब बनेगा जब हमारा हर एक गांव विकसित बनेगा, मतलब ऐसा भारत जहां सड़क, बिजली, पानी का जाल बिछा हो, खेती उन्नत हो। हर एक परिवार रोजगार से जुड़ा हो, कोई भी इस धरती पर भूखा न सोए, इलाज की बेहर सुविधाएं हो।



- मन में संकल्प यही कि हर गांव विकसित बने
- किसान मेरे रोम रोम में रमा, कृषि हर सांस में बसी
- लैब का अनुसंधान, खेतों तक पहुंचेगा

### विकसित भारत संकल्प पदयात्रा

शिवराज सिंह ने कहा कि मैं एक अलग उद्देश्य से इस पदयात्रा पर निकला हूं। आज उत्पादन बढ़ाने के लिए अच्छे बीज बनाने वाली संस्था आईसीएआर के वरिष्ठ अधिकारी और ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक भी मेरे साथ इस पदयात्रा में आए हैं। ये वैज्ञानिक खेतों में जाकर किसानों से बात करेंगे, उन्हें अनुसंधान के बारे में जानकारी देंगे। चौहान ने कहा कि कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए अब 29 मई से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत की जा रही है।

भोपाल में दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग कांड केस में नया खुलासा

# फरहान के मोबाइल से मिले '64' लड़कियों के आपत्तिजनक वीडियो

इनमें से 58 लड़कियां टीआईटी कॉलेज में पढ़ चुकीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल में दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग कांड के मुख्य आरोपी फरहान के ही मोबाइल में पुलिस को 64 लड़कियों के आपत्तिजनक वीडियो मिले हैं। इनमें से 58 टीआईटी कॉलेज में पढ़ चुकी हैं। सभी आरोपी लड़कियों में सनातन परंपरा के विरुद्ध जहर भरते और फिर समझाते कि हमारी दुआ में बहुत ताकत होती है।



### उधर, मोहसिन खान पर चौथी एफआईआर धोखाधड़ी की

**इंदौर।** शूटिंग एकेडमी में छात्राओं के साथ अश्लील हरकत और रेप के मामले में गिरफ्तार मोहसिन खान पर अब धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। इसे मिलाकर मोहसिन पर चार केस दर्ज हो चुके हैं। धोखाधड़ी का केस ध्रुव महाजन ने शुक्रवार रात को दर्ज कराया। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि ध्रुव महाजन साल 2018 में मोहसिन की एकेडमी में जाता था। मोहसिन की बातों में आकर फरियादी ने उसे 2 लाख 80 हजार रुपए राइफल के लिए दे दिए। काफी समय बाद भी मोहसिन ने युवक को न तो राइफल दी और न ही पैसे लौटाए।




इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025
कृषि-उद्योग समागम 2025
उन्नत कृषि से बढ़ती समृद्धि
जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
आइए, जुड़िए मध्यप्रदेश की नई कृषि क्रांति से
कृषि-उद्योग समागम 2025
एवं
खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों का सम्मेलन
26 से 28 मई 2025
मंगुभाई पटेल, राज्यपाल
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मुख्य अतिथि
जगदीप धनखड़
उपराष्ट्रपति, भारत
गरिमामयी उपस्थिति
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
26 मई, 2025 | अपराह्न 12:15 बजे | नरसिंहपुर
मुख्य आकर्षण
मुख्यमंत्री द्वारा हितलाभ वितरण और निवेशकों के साथ संवाद
विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी
नवीन कृषि तकनीकों, यंत्रों एवं ड्रोन्स का प्रदर्शन
सूक्ष्म सिंचाई, संरक्षित खेती और बायो फर्टिलाइज़र की प्रदर्शनी
खाद्य प्रसंस्करण, जैविक खेती और मत्स्य पालन एवं पशुपालन का प्रदर्शन
राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा तकनीकी प्रदर्शनी
एफपीओ, निर्यातक, स्टार्ट-अप्स की संगोष्ठी
कृषकों द्वारा किए गए नवाचारों का प्रदर्शन
कृषक सम्मेलन एवं विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन
सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP
D-11028/25




सारे सिस्टम के लिए एक 'संवेदनशील सिस्टम' की बड़ी मिसाल

श्रीनगर बॉर्डर पर तैनात जवान की महीने भर की बेटी के दिल में छेद

# तबीयत बिगड़ी तो रात में खुल गया जिला स्वास्थ्य कार्यालय, 3 घंटे में दस्तावेज तैयार कर मुंबई भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

शनिवार की रात स्वास्थ्य विभाग के लिए किसी इमरजेंसी अलर्ट से कम नहीं थी। सरकारी अवकाश होने के बावजूद रात 8 बजे से 11 बजे तक जिला स्वास्थ्य कार्यालय खुला रहा। कारण था-आर्मी के जवान की एक महीने की मासूम बच्ची की जान बचाना, जिसे दिल में छेद की गंभीर बीमारी थी। कुछ ही घंटों में दस्तावेज तैयार हुए और बच्ची को परिजनों के साथ मुंबई इलाज के लिए रवाना कर दिया गया। मामला अधारताल निवासी राहुल कुशवाहा की एक माह की बेटी आराध्या का है। बच्ची के पिता भारतीय सेना में पदस्थ हैं।



मुंबई के डॉक्टरों से बातचीत कर व्यवस्था सुनिश्चित की गई

## रात में ही अस्पताल पहुंचा पूरा स्टाफ

बच्ची की बिगड़ती हालत को देखते हुए उसकी मां और दादा रामायण कुशवाहा डीईआईसी कार्यालय पहुंचे। चूंकि शाम 5 बजे के बाद कार्यालय बंद हो चुका था, ऐसे में उन्होंने फोन पर डीईआईसी जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला से संपर्क किया। शुक्ला घर लौट रहे थे, लेकिन जैसे ही उन्हें मासूम की हालत की जानकारी मिली, वे तुरंत वापस कार्यालय पहुंचे। सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा को भी सूचना दी गई, और वे भी रात को कार्यालय पहुंचे। कुछ ही देर में पूरा स्टाफ कार्यालय बुलाया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आराध्या के इलाज के लिए सभी दस्तावेज तैयार किए गए। रात में ही डॉक्टरों से संपर्क हुआ, और रेलवे टिकट की भी व्यवस्था कर बच्ची को परिवार समेत मुंबई के नारायणा अस्पताल के लिए रवाना किया गया।

## मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत होगा इलाज

जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला ने बताया कि बच्ची की हालत बेहद नाजुक थी। समय की संवेदनशीलता को समझते हुए पूरी टीम ने तीन घंटे के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी कीं। मुंबई के डॉक्टरों से बातचीत कर व्यवस्था सुनिश्चित की गई। उन्होंने बताया कि आराध्या का पूरा इलाज मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत निःशुल्क किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों के जन्मजात विकृतियों जैसे दिल में छेद, कटे होंठ, पैरों का टेढ़ापन, नेत्रविकार आदि का इलाज निःशुल्क किया जाता है।

## खबर संक्षेप


### अश्लील हरकत करने वाला भाजपा नेता गिरफ्तार

**मंदसौर।** दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर महिला मित्र के साथ अश्लील हरकतें करने और डांस करने वाले भाजपा नेता मनोहर धाकड़ को पुलिस ने रविवार दोपहर को गिरफ्तार कर लिया है। भाजपा नेता धाकड़ के दो वीडियो सामने आए थे। 13 मई की रात में एक वीडियो में वह महिला मित्र के साथ आपत्तिजनक स्थिति में दिखा था, दूसरे में उसके साथ डांस करता नजर आया था। फिलहाल एसडीओपी दिनेश प्रजापति और टीआई आरसी डांगी उससे पूछताछ कर रहे हैं।



### प्रेम विवाह से नाराज पिता ने खेत में किया सुसाइड

**दतिया।** भांडेर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक व्यक्ति ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान रविंद्र श्रीवास्तव (50 वर्ष) के रूप में हुई है। वे दतिया कलेक्ट्रेट की नकल शाखा में बाबू के पद पर कार्यरत थे। रविंद्र अपनी बेटी महिमा के प्रेम विवाह से खुश नहीं थे। महिमा ने ग्वालियर निवासी अजय सिसोदिया से प्रेम विवाह किया था। शादी में मां और भाई की सहमति थी।




### खंडवा में महिला से गैंगरेप करने वाले दो हिरासत में

**खंडवा।** खालवा थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को एक 45 वर्षीय आदिवासी महिला के साथ दरिंदगी की हदें पार कर देने वाली घटना सामने आई थी। महिला की मौत हो गई है। महिला एक शादी समारोह में शामिल होने गई थी। शादी के बाद वह हरि के साथ उसके घर गई, जहां दोनों आरोपियों ने शराब पी और फिर महिला के साथ गैंगरेप किया।



तीसरे नंबर पर आना लक्ष्य: भारत ने एक और कीर्तिमान स्थापित कर दिया- हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था

# भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना, हम जापान से आगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। भारत ने एक और कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। ये दावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट रिपोर्ट में किया है, जो 22 अप्रैल 2025 को जारी हुई थी। नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम देश की अर्थव्यवस्था पर टिप्पणी की है। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं।

ये दावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट रिपोर्ट में किया है, जो 22 अप्रैल 2025 को जारी हुई थी

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने बताया कि भारत आज जापान से बड़ा है। केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं। अगर हम जो सोचा जा रहा है, उस पर टिके रहते हैं, तो यह अगले ढाई से 3 वर्षों की बात है।



- भारत को अगले 20 से 25 वर्षों के लिए जनसांख्यिकीय लाभांश का वरदान मिला
- प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से अपने स्तर पर विजन दस्तावेज तैयार करने का आह्वान किया

### भारत ऐसे मोड़ पर जहां से बहुत तेजी से कर सकता है विकास

सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत एक ऐसे चरण में है, जहां यह बहुत तेजी से विकास कर सकता है, जैसा कि अतीत में कई देशों ने किया है। भारत को अगले 20 से 25 वर्षों के लिए जनसांख्यिकीय लाभांश का वरदान मिला है, जिससे हम तेजी से विकास कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से अपने स्तर पर विजन दस्तावेज तैयार करने का आह्वान किया है। इसमें भारत के विकास का खाका पहले से ही दिख रहा है।

### टॉप 10 अर्थव्यवस्थाएं (जीडीपी के आधार पर)

| | |
|---|---|
| अमेरिका | : 30.51 ट्रिलियन |
| चीन | : 19.23 ट्रिलियन |
| जर्मनी | : 4.74 ट्रिलियन |
| भारत | : 4.19 ट्रिलियन |
| जापान | : 4.19 ट्रिलियन |
| ब्रिटेन | : 3.84 ट्रिलियन |
| फ्रांस | : 3.21 ट्रिलियन |
| इटली | : 2.30 ट्रिलियन |
| कनाडा | : 2.23 ट्रिलियन |
| ब्राजील | : 2.13 ट्रिलियन |

### 2025-26 में भारत की जीडीपी 4.287 ट्रिलियन तक पहुंचने का अनुमान

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की नई रिपोर्ट के अनुसार 2025-26 में भारत की जीडीपी 4.287 ट्रिलियन तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि जापान की जीडीपी $4.186 ट्रिलियन रहने का अनुमान है। यानी भारत अब जापान से आगे निकल चुका है। भारत की विकास दर 2025 में 6.2% और 2026 में 6.3% रहने का अनुमान है, जो कि बाकी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में ज्यादा है। ग्रामीण इलाकों में खपत बढ़ने से ये विकास दर बनी रहेगी। हालांकि, ग्लोबल अनिश्चितता और ट्रेड टेंशन की वजह से इसमें थोड़ा असर पड़ सकता है।

कटनी में मंदिर के सामने बनी दीवार को लेकर बवाल

# दीवार तोड़ने पहुंचे विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ता पुलिस का लाठीचार्ज

2015-16 में रेलवे द्वारा मंदिर के सामने यह दीवार बनाई थी, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन और पूजा में असुविधा हो रही थी



**हरिभूमि न्यूजःकटनी।** शहर के रेलवे स्टेशन पर शनिवार को उस वक्त तनाव की स्थिति बन गई, जब विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता यहां श्रीराम मंदिर के सामने बनी दीवार को तोड़ने के लिए हथौड़े लेकर जोरदार नारेबाजी करते हुए पहुंचे और दीवार को तोड़ने लगे। मौके पर मौजूद आरपीएफ और जीआरपी के साथ कोतवाली पुलिस दीवार तोड़ रहे कार्यकर्ताओं से हथौड़े छीनने लगी, लेकिन फिर भी कार्यकर्ता नहीं माने। इसके बाद पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर वाटर कैनन का इस्तेमाल करते हुए लाठीचार्ज कर दिया। इससे आक्रोषित कार्यकर्ता पुलिस से भिड़ गए और रेलवे स्टेशन के बाहर ही धरने पर बैठ गए और जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करने लगे।

### स्टेशन के बाहर ही हनुमान चालीसा का पाठ

इसी बीच शनिवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के 70 से 80 कार्यकर्ता अचानक रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए। इसके बाद जैसे ही मौके पर पहुंची आरपीएफ, जीआरपी और सिटी पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसी दौरान तीखी झड़प और धक्का-मुक्की हो गई। इससे कार्यकर्ता आक्रोशित होकर धरने पर बैठ गए और स्टेशन के बाहर ही हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया गया, जिससे माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण हो गया। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि दीवार को तत्काल हटाया जाए और श्रद्धालुओं के लिए रास्ता खोला जाए।

अब लगेगी सेहत वाली क्लास!

# सीबीएसई के स्कूलों में लगेंगे 'शुगर बोर्ड', मिलेगा मिठास का सही पाठ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा स्कूलों को चीनी की खपत को सीमित करने के महत्व को रेखांकित करने के लिए समर्पित 'शुगर बोर्ड' स्थापित करने का निर्देश दिए जाने के बाद, विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम छात्रों और अभिभावकों दोनों को चीनी के सेवन के बारे में सूचित विकल्प बनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम बच्चों में मोटापा, टाइप-2 डायबिटींज़ और अन्य मेटाबॉलिक बीमारियों से बचाने में कारगर होगा।

### ताकि बच्चे और अभिभावक चीनी की खपत पर जागरूक फैसले ले सकें

यह कदम बचपन में मोटापे और डायबिटीज से बचाव में अहम

- बोर्ड यह दर्शाएंगे कि रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों में कितनी छिपी हुई चीनी मौजूद होती है। बच्चों को बताया जाएगा कि पैकेज्ड फूड, फ्लेवर्ड योगर्ट, जूस और ब्रेकफास्ट सीरियल्स में भी शुगर होती है, जो अक्सर नजर नहीं आती।
- सीबीएसई से जुड़े 27,000 से अधिक स्कूलों में यह निर्देश लागू होगा। इसका असर 25 करोड़ से ज्यादा स्कूली बच्चों और उनके परिवारों तक पड़ेगा

### डब्ल्यूएचओ की सिफारिश

#### दैनिक कैलोरी का 10 प्रतिशत से चीनी का कम सेवन करें

अत्यधिक चीनी और मीठे पेय पदार्थों का सेवन केवल खाली कैलोरी है और बच्चों में यह एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता का विषय है। अधिक सेवन से मोटापा, मेटाबॉलिक सिंड्रोम, दांतों में सड़न, व्यवहार और संज्ञानात्मक प्रभाव हो सकते हैं।

भारी बारिश के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर कैनोपी गिरी

घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल यात्रियों की बढ़ी परेशानी

# टर्मिनल नंबर-एक पर हुआ हादसा, कई फ्लाइट्स लेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई एयरपोर्ट) के टर्मिनल एक पर भारी बारिश के कारण फोरकोर्ट एरिया की छत का एक हिस्सा ढह गया। घटना के बाद का वीडियो वायरल हो रहा है। लगातार बारिश और तेज हवाओं के चलते आईजीआई एयरपोर्ट पर फ्लाइट संचालन भी प्रभावित हुआ। पानी भरने, तेज हवाओं और भीड़ बढ़ने के कारण कई फ्लाइट्स लेट हो गईं और कई फ्लाइट्स को रद्द करना पड़ा, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।



अपहरण ने खोला तस्करी का राज

# एक्सरे हुआः दुबई से लौटे चार युवकों के पेट से निकला सोना

एजेंसी ▶▶ मुरादाबाद

यूपी के मुरादाबाद में दिल्ली-लखनऊ हाइवे पर पुलिस ने बदमाशों से जिन चार युवकों को छुड़ाया था, उनके पेट में सोना होने की पुष्टि शनिवार को हो गई। दरअसल, शुक्रवार को दुबई और सऊदी से लौटे छह युवकों और कार चालक का अपहरण हुआ था, जिन्हें पुलिस ने मुठभेड़ के बाद मुक्त कराया था। उधर, जिला अस्पताल में देर रात पुलिस और डॉक्टरों की टीम ने युवकों के पेट से 9 कैप्सूल निकलवा लिए हैं। अब पुलिस इस गुत्थी को भी सुलझाने में जुट गई है कि आखिर ये युवक कस्टम को चकमा देकर कैसे आए? रामपुर के टांडा थाना क्षेत्र के रहने वाले नावेद और जाहिद सऊदी से और शाने आलम, मुतल्लिब, अजरूद्दीन, जुल्फिकार दुबई से शुक्रवार को दिल्ली एयरपोर्ट से घर लौट रहे थे।

- डॉक्टरों की टीम ने युवकों के पेट से 9 कैप्सूल निकाले



विवादित बयानों पर कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र को घेरा


पूछा- पीएम की रगों में गरम सिंदूर है तो बर्खास्तगी क्यों नहीं?

# खरगे बोले- न देवड़ा पर एक्शन हुआ, न विजय शाह बर्खास्त हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने वाले मंत्री विजय शाह को मंत्री पद से बर्खास्त न करने और सेना पर टिप्पणी करने वाले डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा पर कार्रवाई न करने पर केंद्र सरकार को घेरा है।

खरगे ने एक्स पर लिखा कि भाजपा के नेताओं में पहलगाम के पीड़ितों और हमारी वीर सेना पर लांछन लगाने की होड़ चल रही है। भाजपा के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के शर्मनाक बयान ने एक बार फिर ओछी मानसिकता को उजागर कर दिया। खरगे ने आगे लिखा कि जब पहलगाम में शहीद नौसेना ऑफिसर की पत्नी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा था, तब भी सरकार चुप थी। उन्होंने पीएम से कहा कि आप कहते हैं कि आपकी रगों में सिंदूर है, अगर ऐसा है, तो आपको महिलाओं के सम्मान के लिए अपने इन बद्जुबान नेताओं को बर्खास्त करना चाहिए।



इसी महीने की 7 और 8 तारीख को पारा रहा था 31.4 और 31.7 डिग्री

दो साल से लगातार ठंडा हो रहा नौतपा, भोपाल में 30 मई 2023 को नौतपे में पारा 32.8 डिग्री तक रहा

# भोपाल में 17 दिन बाद पारा 35 डिग्री के नीचे, पहले दिन ही ठंडा रहा नौतपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। रविवार को नौतपे के पहले दिन ही मौसम के ऐसे मिजाज से पारा बढ़ने के बजाए घट गया। भोपाल में लगातार दो साल से नौतपा ठंडा हो रहा है। 30 मई 2023 को भी नौतपे में पारा 32.8 डिग्री तक रहा था, जबकि पिछले साल भी नौतपा के सभी दिनों में ज्यादा गर्मी नहीं रही। राजधानी में 17 दिन के बाद रविवार को पारा 1.7 डिग्री गिरकर 34.8 डिग्री पर रहा।

### कहां कितना गिरा पारा?



रविवार से नौतपे की शुरूआत हुई है। इस बीच दो दर्जन से अधिक जिलों आंधी, बारिश और बादलों से पारा तेजी से गिरा है। सबसे अधिक कमी उज्जैन में 3.5 डिग्री की रही, जबकि पश्चिमी मप्र में औसतन 2 डिग्री तक पारा गिरा। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 37 डिग्री तक रहा, जो सामान्य से औसतन 7 डिग्री तक कम है। मलाजखंड, छिंदवाड़ा, उमरिया, सिवनी, बैतूल आदि जिलों में बारिश के बाद पारा सामान्य से 8 से 10 डिग्री के बीच कम दर्ज हुआ है।

### आज यहां यलो अलर्ट

सोमवार को बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा में आंधी के साथ बारिश होगी। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सीधी, रीवा, सतना, शहडोल, उमरिया,जबलपुर, नरसिंहपुर, पन्ना, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़ आदि जिलों में बादल- बौछारों के साथ आंधी का यलो अलर्ट है।

## 'मन की बात' में पीएम मोदी ने किया संबोधित

# 'ऑपरेशन सिंदूर' ने पाकिस्तान को किया बेदम, दुनिया ने देखा भारत का दम

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो शो 'मन की बात' के जरिए लोगों से बात की। कार्यक्रम का122वां एपिसोड प्रसारित हुआ। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, भारतीय सेना के पराक्रम पर बात की। आतंकवाद के खिलाफ भारत की सोच को बताया*

**कार्यक्रम के122वें एपिसोड में कई मुद्दों को किया उद्धृत, बढ़ते भारत की तस्वीर सामने रखी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो शो 'मन की बात' के जरिए लोगों से बात की। कार्यक्रम का122वां एपिसोड प्रसारित हुआ। पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर बात की। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, भारतीय सेना के पराक्रम पर बात की। उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक ने संकल्प लिया है कि आतंकवाद को खत्म करना ही है। उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं है, यह बदलते भारत की तस्वीर है।

### हर किसी का पसीना इस विजय में रहा शामिल

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया, यह उनका अदम्य साहस था और उसमें शामिल थी, भारत में बने हथियारों, उपकरणों और तकनीक की ताकत। उसमें 'आत्मनिर्भर भारत' का संकल्प भी था। हमारे इंजीनियर, हमारे टेक्नीशियन हर किसी का पसीना इस विजय में शामिल है।



### सेनाओं के पराक्रम ने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया

पीएम मोदी ने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियो, नमस्कार! आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। आक्रोश से भरा हुआ है। संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। जिस स्पष्टता के साथ, जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया, वो अद्भुत है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दुनिया-भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है।


### कई शहरों में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे देश को देश-भक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है। आपने देखा होगा, देश के कई शहरों में, गावों में, छोटे-छोटे कस्बों में, तिरंगा यात्राएं निकाली गई। हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना के प्रति वंदन-अभिनंदन किया।

**'ऑपरेशन सिंदूर' ने पूरे देश को प्रभावित किया**

पीएम मोदी ने कहा कि सोशल मीडिया पर कविताएं लिखी जा रही थीं, संकल्प गीत गाए जा रहे थे। छोटे-छोटे बच्चे पेंटिंग्स बना रहे थे, जिनमें बड़े संदेश छुपे थे। मैं अभी तीन दिन पहले बीकानेर गया था। वहां बच्चों ने मुझे ऐसी ही एक पेंटिंग भेंट की थी। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है।

### *जीवन जोशी को बताया जीती-जागती प्रेरणा*



उन्होंने कहा कि जीवन जोशी, उम्र 65 जीती-जागती प्रेरणा भी हैं। अब सोचिए, जिनके नाम में ही जीवन हो, वो कितनी जीवंतता से भरे होंगे। जीवन जी उत्तराखंड के हल्द्वानी में रहते हैं। बचपन में पोलियो ने उनके पैरों की ताकत छीन ली थी, लेकिन उनके हौसलों बुलंद हैं। चीड़ के पेड़ों की सूखी छाल से सुंदर कलाकृतियां बनाते हैं।

**कागज के कचरे से आज स्टार्टअप चल रहे**

उन्होंने कहा कि हमारे घरों और दफ्तरों में हर दिन बहुत सारा कागज का कचरा निकलता है। मुझे ये जानकर अच्छा लगा कि भारत के कई स्टार्टअप इस सेक्टर में शानदार काम कर रहे हैं।

### कुछ स्कूलों में 'शुगर बोर्ड' भी लगाया जा रहा



पीएम ने कहा कि आपने स्कूलों में ब्लैकबोर्ड तो देखा होगा, लेकिन अब कुछ स्कूलों में 'शुगर बोर्ड' भी लगाया जा रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### हिमाचल में 1 जून से प्लास्टिक पूरी तरह बैन

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 1 जून से सभी तरह के प्लास्टिक पर पाबंदी लग जाएगी। दुकानदार और



व्यावसायिक प्रतिष्ठान में इनका प्रयोग नहीं कर सकेंगे। ये बैग नाइलोन या अन्य प्लास्टिक पदार्थ जैसे पॉली-विनायल-कार्बोहाइड्रेटस पॉली प्रापाइलीन और पॉली-स्टाइरीन से तैयार होते हैं। प्रदेश के वातावरण में इनके नष्ट नहीं होने के कारण इन पर बैन लगाया जा रहा है।

### केंद्र की गेहूं खरीद 29.7 मिलियन टन के पार

**नई दिल्ली।** केंद्र ने अप्रैल से जून तक चलने वाले 2025-26 रबी मार्केटिंग सीजन के दौरान अब तक



29.7 मिलियन टनसे अधिक गेहूं की खरीद की है। आंकड़ों के मुताबिक, 2021-22 सीजन के बाद से यह सबसे अधिक खरीद है। इस साल गेहूं की खरीद पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 13.5 प्रतिशत अधिक है। राज्यों में खरीद पूरी होने के करीब है।

### ओडिशा के कुलडीहा में 5 शिकारी गिरफ्तार


**बालासोर।** ओडिशा के कुलडीहा क्षेत्र के एक जंगल से पांच शिकारियों को एक देशी बंदूक, धनुष और तीर



के साथ गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को जब शिकारी कथित तौर पर जंगल के अंदर लगाए गए एक ट्रैप कैमरे को चुराने की कोशिश कर रहे थे और उनकी तस्वीरें अन्य कैमरे में कैद हो गईं। ट्रैप कैमरे वन्यजीवों की तस्वीरों को कैद करने के लिए लगाए जाते हैं।

### प्रतिस्पर्धी के बावजूद भारत अवसरों की भूमि

**जमशेदपुर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कहा कि



मौजूदा प्रतिस्पर्धी विश्व परिदृश्य के बावजूद भारत अवसरों की भूमि है। वे जमशेदपुर में 'सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' के कौस्तुभ जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में अपनी बौद्धिक क्षमता, प्रौद्योगिकी और युवा एवं दुनिया का नेतृत्व करने की पर्याप्त क्षमता है।

### एएसआई, एसजेटीए करेंगे पुरी मंदिर को संरक्षित

**भुवनेश्वर।** पुरी में स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) और भारतीय पुरातत्व



सर्वेक्षण ने 12वीं शताब्दी के मंदिर की स्थापत्य विरासत व संरचनात्मक अखंडता को संरक्षित करने सहयोगात्मक पहल की है। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाढ़ी और एएसआई के महानिदेशक यदुवेंद्र सिंह रावत ने संरक्षण प्रयासों पर चर्चा की।

---

## उत्तर भारत सहित पूरे देश में मौसम का मिजाज बदला

# मानसून के आते ही केरल में तूफानी बारिश दिल्ली-उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में अलर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



उत्तर भारत सहित पूरे देश में मौसम का मिजाज बदल चुका है। दिल्ली-एनसीआर सहित कई राज्यों में शनिवार देर रात मूसलाधार बारिश हुई। बारिश की वजह से कई शहरों में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। आमतौर पर मानसून 1 जून को केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार 24 मई को ही मानसून ने राज्य में दस्तक दे दी। मौसम विभाग (आईएमडी) ने केरल के कन्नूर और कासरगोड में रेड अलर्ट और अन्य राज्यों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने महाराष्ट्र के कई जिलों के लिए भी रेड अलर्ट जारी किया है। जिन शहरों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है, वहां भारी बारिश, आंधी और तेज हवाएं चलने की संभावना है। आईएमडी ने बताया कि दक्षिण कोंकण तट के पास अरब सागर में बना गहरा कम दबाव का क्षेत्र शनिवार सुबह 5:30 बजे एक डिप्रेशन में तब्दील हो गया।

**केरल में कई शहरों में चेतावनी**

मौसम विभाग ने रविवार को कासरगोड, कन्नूर समेत केरल के कई जिलों के लिए रेड अलर्ट भी जारी किया है। तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पथनमथिट्टा, अलाप्पुझा, कोट्टायम, एर्नाकुलम, इडुक्की, त्रिशूर, पलक्कड़, मलप्पुरम, कोझिकोड, वायनाड सहित अन्य जिले अगले 3 दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट पर हैं।





### रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग में भी होगी भारी बारिश

महाराष्ट्र के रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के लिए आईएमडी ने रेड अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी महाराष्ट्र के सतारा और कोल्हापुर भी रेड अलर्ट पर हैं। आईएमडी की वैज्ञानिक शुभांगी ए. भूटे ने कहा कि अवसादन के कारण महाराष्ट्र के कई इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश हुई है। खराब मौसम के कारण मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी दी गई है।

### कर्नाटक में गरज-चमक के साथ चलेंगी तेज हवाएं

आईएमडी ने भविष्यवाणी की है कि 24 से 27 मई तक तटीय और दक्षिणी कर्नाटक में भारी से बहुत भारी वर्षा होगी तथा राज्य के उत्तरी भाग में भी तेज बारिश होगी।

### दक्षिणी राज्यों में अत्यधिक भारी बारिश की संभावना

आईएमडी के अनुसार अन्य दक्षिणी राज्यों में 26 मई को तमिलनाडु , पुडुचेरी और कराईकल में अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 30 मई तक बारिश होने की संभावना है। असम और मेघालय में 29 और 30 मई को बहुत भारी बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश, बिहार , छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में गरज और तेज हवाओं के साथ मध्यम बारिश की उम्मीद है । 25 और 26 मई को बिहार में 70 मील प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

### समय से 12 दिन पहले महाराष्ट्र पहुंचा मानसून, 3 दिन में पहुंचेगा मुंबई

अब मानसून दक्षिण-पश्चिम मानसून महाराष्ट्र पहुंच गया है। 3 दिनों में मुंबई और कुछ अन्य हिस्सों में पहुंचने की उम्मीद है। यह 7 जून के आसपास महाराष्ट्र और 11 जून को मुंबई पहुंचता है। आईएमडी ने कहा, मुंबई सहित



महाराष्ट्र के कुछ और हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए हालात अनुकूल हैं।

**कर्नाटक, गोवा,मणिपुर में दस्तक**

भारतीय मौसम विभाग ने रविवार को बताया कि मानसून रविवार को अरब सागर, कर्नाटक, पूरे गोवा, महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों, उत्तरी बंगाल की खाड़ी और मिजोरम के कुछ हिस्सों, मणिपुर और नगालैंड के कुछ हिस्सों में पहुंच गया। यहा बेलगावी, हावेरी, मांड्या, धर्मपुरी, चेन्नई, आइजोल, कोहिमा को प्रभावित करेगा।

### नवांशहर में आंधी तूफान से सब कुछ उथल पुथल, 200 गांवों में 14 घंटे गुल रही बिजली

काठगढ़। नवांशहर में शनिवार शाम तेज आंधी जोरदार तूफान में बदली, जिससे सब कुछ उथल-पुथल कर दिया और शाम को साढ़े सात बजे के करीब चारों तरफ तूफान के आवाजें आने लगी। लोगों में भी भगदड़ सी मच गई और बिजली को भी बंद कर दिया गया।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर कैनोपी गिरी




**नई दिल्ली।** दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 पर भारी बारिश के कारण फोरकोर्ट एरिया की छत का एक हिस्सा ढह गया। भारी बारिश के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर शेड क्षतिग्रस्त होने से यात्रियों को परेशानी हो सकती है। लेकिन इसकी आधिकारिक घोषणा फिलहाल नहीं की गई है।

---

## आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवत बोले

# हिंदू समाज की एकता से शक्तिशाली बनेगा भारत



अजय्यं च विश्वस्य देहि मे शक्ति

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू समाज की एकता पर जोर देते हुए कहा है कि भारत को इतना शक्तिशाली बनाया जाए। सैन्य ताकत और आर्थिक रूप से कि दुनिया की कई ताकतें मिलकर भी उसे जीत न सकें। उनका कहना है कि केवल ताकत से कुछ नहीं होगा, बल्कि शक्ति के साथ-साथ सद्गुण और धर्मनिष्ठा भी जरूरी है।

अगर शक्ति के साथ नैतिकता न हो तो वह अंधी ताकत बन सकती है जो हिंसा फैला सकती है। यह बात करीब दो महीने पहले बेंगलुरु में हुई संघ की शीर्ष बैठक (अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा) के बाद ली गई थी। भागवत ने कहा कि हमारी सीमाओं पर बुरी ताकतें लगातार सक्रिय हैं। हमें मजबूरी में ताकतवर बनना पड़ेगा ताकि हम अपनी रक्षा खुद कर सकें। हम दूसरों पर निर्भर नहीं रह सकते। उन्होंने दैनिक संघ प्रार्थना का जिक्र करते हुए कहा कि हम प्रार्थना करते हैं 'अजय्यं च विश्वस्य देहि मे शक्ति' यानी ऐसी शक्ति दो कि हम विश्व में अजेय बनें।

### ताकत के साथ धर्म भी जरूरी

उन्होंने साफ किया कि ताकत अकेले काम नहीं आएगी, बल्कि उसे धर्म और सदाचार के साथ जोड़ना होगा। सिर्फ बल हो और कोई दिशा न हो, तो वह हिंसक बन जाता है। इसलिए बल और धर्म दोनों साथ-साथ होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जब कोई विकल्प न हो, तो दुष्ट शक्तियों का खात्मा बलपूर्वक करना ही पड़ता है। हम ये ताकत दुनिया पर राज करने के लिए नहीं चाहते, बल्कि इसलिए कि हर कोई शांति, स्वास्थ्य और सम्मान से जी सके।

### बांग्लादेश के हिंदुओं का उदाहरण दिया

उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया में कहीं भी अगर हिंदुओं पर अत्याचार होता है, तो उनके लिए अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करते हुए काम किया जाएगा। बांग्लादेश में जब हाल में हिंदुओं पर अत्याचार हुआ, तो भारत में लोगों ने जिस तरह नाराजगी जाहिर की, वह पहले कभी नहीं देखा गया।

### 'धर्म' का मतलब किसी मजहब से नहीं

भागवत ने कहा कि आने वाले 25 वर्षों में संगठन का संकल्प है पूरे हिंदू समाज को एक करना और भारत को विश्वगुरु बनाना। उन्होंने समाज से आग्रह किया कि वह अपने निजी, पारिवारिक, सामाजिक और व्यावसायिक जीवन में धार्मिक मूल्यों को अपनाए, जो हिंदुत्व से जुड़े हों। अब दुनिया को धार्मिक क्रांति की जरूरत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यहां 'धर्म' से मतलब किसी मजहब से नहीं, बल्कि मानव जीवन को सत्य, पवित्रता, करुणा और तपस्या के आधार पर पुनर्गठित करने से है।

---

## पंजाब समेत 4 राज्यों में उपचुनाव

# पांच सीटों के लिए 19 जून को होगी वोटिंग, 23 को नतीजे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने 4 राज्यों की 5 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव का ऐलान कर दिया





है। मतदान की तारीख 19 जून है। नतीजे 23 जून को आएंगे। निर्वाचन आयोग ने गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल के 5 विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपचुनाव की तिथि घोषित कर दी है। जिन सीटों पर चुनाव होने हैं, उनमें कादी और विसावदर शामिल हैं। केरल की नीलांबुर, पंजाब की लुधियाना और कालीगंज हैं।

### नामांकन की आखिरी तारीख 2 जून

चुनाव आयोग के अनुसार जिन सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उनके लिए अधिसूचना कल यानी 26 मई को जारी की जाएगी। नामांकन की आखिरी तारीख 2 जून है। नामांकन की जांच 3 जून को की जाएगी। उम्मीदवारों के पास अपने नाम वापस लेने मौका 5 जून तक मिलेगा। इन सीटों पर सभी चुनावी प्रक्रिया 25 जून से पहले पूरी की जानी हैं।

## बस से 'मणिपुर' शब्द हटाने का विरोध

# राजभवन की घेराबंदी करने जा रहे लोग पुलिस से भिड़े

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर में रविवार को उस समय तनाव बढ़ गया जब प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के



बीच झड़प उस वक्त हुई जब प्रदर्शनकारी राज्य परिवहन की एक बस से 'मणिपुर' शब्द हटाए जाने के विरोध में राजभवन की घेराबंदी करने जा रहे थे। कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटेग्रिटी के आह्वान पर बड़ी संख्या में लोग ख्वैराम्बंद बाजार में एकत्र हुए और रैली निकाल कर राजभवन की ओर बढ़ने लगे। सुरक्षाबलों ने उन्हें रोकने की कोशिश की।

### सुरक्षाबलों ने आंसू गैस के गोले छोड़े

राजभवन से लगभग 150 मीटर पहले कंगला गेट पर सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के कई गोले छोड़े। एक अस्पताल अधिकारी ने बताया कि इस झड़प में घायल हुए 5 प्रदर्शनकारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## तिरंगा यात्रा निकाली





गुवाहाटी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुवाहाटी में भारतीय सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए आयोजित 'तिरंगा यात्रा' में हिस्सा लिया।

---

## राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मकवाना ने कहा

# जातिगत गणना विभाजनकारी नहीं, सामाजिक न्याय बढ़ेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने जातिगत गणना से समाज में खाई पैदा होने के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा है कि एकत्र किए गए आंकड़े



नीतिगत निर्णय लेने में आधार के रूप में काम आएंगे। इससे सामाजिक न्याय को मजबूती मिलेगी। हाशिए पर पड़े पिछड़े समुदायों के उत्थान में मदद मिलेगी। एनडीए सरकार की ओर से अगली जनगणना में जातिगत गणना को शामिल किए जाने का मकवाना ने स्वागत कहा है।

**समाज में खाई पैदा होने के आरोपों को खारिज किया**



**यूपीए सरकार ने कभी जारी नहीं किया**

यूपीए सरकार ने 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना करवाई थी, जो 1931 के बाद से देश भर में जाति के आंकड़े एकत्र करने की पहली कोशिश थी। हालांकि, 2011 की जनगणना के जातिगत आंकड़े कभी भी पूरी तरह से जारी या उपयोग नहीं किए गए। मकवाना ने कहा कि इससे जाति के आधार पर कोई विभाजन पैदा नहीं होगा। बल्कि, इससे सामाजिक न्याय मजबूत होगा।

**इससे बाबा साहेब के सपने पूरे होंगे**

उन्होंने कहा कि यह पिछड़ी जातियों का उत्थान करेगा और एससी के लिए बाबासाहेब आंबेडकर के सपने के सभी तीन पहलुओं सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक को मजबूत करेगा। इससे मुद्रा योजना जैसी योजनाओं के लाभार्थियों को बेहतर तरीके सुविधाएं दी जा सकेंगी।

### डेटा संग्रह में हमारी कोई भूमिका नहीं

उन्होंने कहा किडेटा संग्रह में हमारी कोई भूमिका नहीं है। लेकिन डेटा सामने आने के बाद, आयोग की यह सुनिश्चित करने में भूमिका होगी कि अनुसूचित जातियों को अनुपात के आधार पर उनका उचित हिस्सा मिले। इस लिहाज से, यह सामाजिक न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसकी सराहना करते हुए एनसीएससी अध्यक्ष ने कहा कि जाति जगणना पीएम नरेंद्र मोदी के समाज के अंतिम व्यक्ति के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

## शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में गैस रिसी

# लोगों में मची अफरा-तफरी मरीजों को लेकर भागे लोग

एजेंसी ▶▶ शाहजहांपुर

यूपी के शाहजहांपुर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर की ओटी में केमिकल गिरने के बाद गैस फैलने से भगदड़ मच गई। मरीज और तीमारदार सुरक्षित स्थान की ओर भागने लगे। भगदड़ के दौरान एक गंभीर मरीज के मरने की बात सामने आई थी, लेकिन डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने किसी की मौत की बात से इनकार कर दिया है। घटना रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे की है। ट्रामा सेंटर की ओटी में



उपकरणों को सैनेटाइज किया जा रहा है। इस दौरान फॉर्मलिन केमिकल जमीन में गिरने से गैस पैदा हुई होगी। एसी-पंखे से गैस फैली थी। इस दौरान ऑक्सीजन रिसाव की अफवाह से हड़कंप मच गया। गंभीर मरीज समेत तीमारदार बाहर की ओर दौड़ पड़े।

## चौतरफा हो रहा स्मार्ट मीटर का विरोध, सियासत मौन

# जनता में फैले स्मार्ट भ्रम पर चुप्पी क्यों...?

जबलपुर।

स्मार्ट मीटर के मामले जबलपुर शहर में स्थिति अब अराजक हो रही है. बिजली विभाग को मनमानी से मतलब, सत्ता के जनप्रतिनिधि मुहं छिपा रहे हैं, विपक्ष के आंदोलन का कोई असर नहीं है. नतीजा शहरवासी स्मार्ट मीटर के मामले संदेह, अनिश्चित्ताओं, गलतफहमियां, हानी, क्षति आदि का एक साथ शिकार है. जबरदस्ती घर में जो लोग मीटर लगाने घुसते हैं, वो ठेकेदार के आदमी होते हैं, जिनके पास कोई आईडी नहीं होती. जो मीटर लगाया जा रहा है वो मानक है या नहीं यह बताने वाला कोई नहीं, मीटर लगने के बाद जो शिकायतें आ रही हैं विद्युत विभाग वो सुनने तैयार नहीं है. कुल मिलाकर जबलपुर शहर में स्मार्ट मीटर के मामले जबलपुर का आम उपभोक्ता चौतरफा परेशान है.



### उपभोक्ता कह रहे सुनियोजित लूट

जबलपुर में बिजली विभाग द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटर अब विवादों के केंद्र में आ गए हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि ये मीटर वास्तविक खपत से कहीं अधिक बिजली यूनिट की गणना कर रहे हैं, जिससे बिजली बिल अप्रत्याशित रूप से बढ़ रहे हैं। कई उपभोक्ता इसे एक "सुनियोजित लूट" करार दे रहे हैं और इन मीटरों की स्वतंत्र तकनीकी जांच की मांग कर रहे हैं।

### 98 से 495 यूनिट हो गई...

सबसे गंभीर मामला अमखेरा निवासी श्याम श्रीवास्तव का सामने आया है, जिनके घर लगे स्मार्ट मीटर ने महज 20 दिनों में 495 यूनिट की खपत दर्ज की, जबकि चेक मीटर ने उसी अवधि में केवल 98 यूनिट की खपत बताई। इसके बावजूद बिजली विभाग ने बिना सूचना के बिजली कनेक्शन काट दिया, और डेढ़ महीने से परिवार अंधेरे में रहने को मजबूर है।

### नहीं हो रही जांच ...

बिजली विभाग ने अब तक इस पूरे विवाद पर चुप्पी साध रखी है। एक अधिकारी ने केवल इतना कहा कि "स्मार्ट मीटर उन्नत तकनीक पर आधारित हैं और इनमें त्रुटि की संभावना नहीं है। यदि कोई शिकायत आती है तो जांच की जाएगी।" लेकिन उपभोक्ताओं का दावा है कि शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद कार्रवाई नहीं होती, उल्टा अधिकारियों का व्यवहार उपेक्षापूर्ण होता है।

### बिना सहमति बदले मीटर

बीते कुछ सप्ताहों में शहर के कई इलाकों में उपभोक्ताओं ने यह आरोप लगाया कि बिना पूर्व सूचना और सहमति के उनके पारंपरिक मीटर बदल दिए गए। कुछ स्थानों पर महिलाओं ने विरोध करते हुए कर्मचारियों को मीटर लगाए बिना लौटने पर मजबूर कर दिया।

### सरकार और विभाग पर टिकी निगाहें

इस पूरे प्रकरण को लेकर अब उपभोक्ता सरकार और बिजली विभाग की ओर देख रहे हैं। सवाल यह है कि क्या स्मार्ट मीटरों की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कोई ठोस जांच होगी या फिर उपभोक्ताओं को लूटने का सिलसिला जारी रहेगा? फिलहाल, जबलपुर में स्मार्ट मीटर की 'स्मार्टनेस' पर भरोसा करना उपभोक्ताओं के लिए महंगा साबित हो रहा है।

# केन्ट बोर्ड के अमले पर हमला पड़ सकता है महंगा

जबलपुर।

महावीर कम्पाउंड में खुली जमीन पर कथित अवैध निर्माण को रोकने गये केन्ट बोर्ड के कर्मचारियों पर हमले के आरोपी के अवैध निर्माण पर अब केन्ट बोर्ड बुल्डोजर चलाने की तैयारी कर रहा है. इसके लिये तमाम औपचारिक कार्यवाही पूरी की जा रह है. केन्ट बोर्ड की प्रभारी सीईओ ने कलेक्टर एसपी को पत्र लिखकर बुल्डोजर एक्शन के लिये पुलिस बल मुहैया कराने की मांग की है. आज सोमवार को शहर में मुख्यमंत्री और उपराष्ट्रपति के मूवमेंट के कारण यदि पुलिस बल मुहैया नहीं हुआ तो कल कार्यवाही संभावित है. पुलिस बल उपलब्ध हुआ तो आज ही बुल्डोजर चल सकता है.केन्ट बोर्ड कर्मचारियों पर महावीर कम्पाउंड निवासी वजीउद्दीन द्वारा किये गये कथित हमले को केन्ट बोर्ड ने काफी गंभीरता से लिया है. और उसपर सख्त एक्शन की प्लानिंग की गई है.

**अवैध निर्माण पर बुल्डोजर चलाने की तैयारी**

### क्या है मामला....

गौरतलब है की बंगला नंबर 44 महावीर कंपाउंड की खुली जमीन पर वजीउद्दीन द्वारा अवैध निर्माण कर मकान बनाया जा रहा है। इस अवैध निर्माण को लेकर केन्ट बोर्ड अधिनियम 2006 की धारा 248(1) के अंतर्गत गत 1 मई को कैंट बोर्ड द्वारा नोटिस दिया गया था, लेकिन वजीउद्दीन द्वारा नोटिस का पालन नही किया गया। और ग्राउंड फ्लोर का निर्माण पूरा कर दूसरी मंजिल का निर्माण भी शुरू कर दिया। आरोप है की कैंट बोर्ड का अमला जब अवैध निर्मण रोकने गया तो आरोपी वजीउद्दीन ने अमले पर हमला कर दिया।

अवैध निर्माणकर्ता द्वारा हमला किए जाने के मामले में कैंट बोर्ड सीईओ द्वारा पुलिस को भेजी लिखित शिकायत गई है। जिसमें 15 मई की शाम हुए घटनाक्रम का विस्तृत विवरण के साथ बोर्ड के ड्राफ्ट्समैन नितेश पटेरिया व चौकीदार सुशील कल्याण पर हमला करने वाले वजीउद्दीन एवं उनकी पत्नी के विरूद्ध शासकीय कार्य में बाधा डालने के मामले में प्रकरण दर्ज करने को कहा गया है।

# आपरेशन सिंदूर शौर्य का प्रतीकः मोदी

## मंत्री ने सेना के जवानों के साथ सुनी मन की बात

जबलपुर।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद रविवार को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोगों ने लाइव सुना। मन की बात के 122 वें एपिसोड के माध्यम से प्रधानमंत्री का संदेश स्पष्ट रुप से सुना गया कि 'आतंकवाद का खत्म करना भारत का संकल्प है। आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है, ऑपरेशन सिंदूर इसी शौर्य और साहस व संकल्प का प्रतीक है जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी गई जगह-जगह दुनिया ने अब भारत की सेना का पराक्रम एक बार फिर देख लिया है।




आज पूरे देश को भारत की तीनों सेनाओं की वीरता पर गार्व है, लोग अपने बच्चों का नाम ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर सिंदूर रख रहे हैं। कार्यक्रम के बाद राज्य सरकार के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि आज का दिन उनके लिए विशेष था। आज सैन्य जवानों के बीच पहुंचकर पीएम मोदी के कार्यक्रम को सुनने का अवसर मिला। मन की बात कार्यक्रम समाज और राष्ट्र के बीच एक सेतु का काम कर रहा है। जबलपुर स्थित आर्मी मुख्यालय मध्य भारत एरिया के बतरा ऑडोटोरियम वन एसटीसी कैंट में प्रधानमंत्री के मन की बात का कार्यक्रम रखा गया था। इस दौरान विधायक कैंट अशोक रोहाणी, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, अभय सिंह आदि भी मौजूद रहे।

**इटारसी मेमू ट्रेन सहित तीन ट्रेनें प्रभावित**

# स्टेशन पर सुधार कार्य के चलते चार दिन तीन घंटे का ब्लॉक

जबलपुर।

मुख्य रेलवे स्टेशन पर सुधार कार्य के चलते तीन जोड़ी रेलगाडियाँ प्रभावित हुई हैं। बताया गया कि रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी संदर्भ में पमरे के जबलपुर रेलवे स्टेशन पर 27 मई से 30 मई तक सुधार कार्य के दौरान चार दिनों तक तीन घंटों का रेलवे ब्लॉक लेने का निर्णय लिया गया हैं। इस दौरान पमरे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली इटारसी- कटनी- इटारसी मेमू ट्रेन एवं जबलपुर नैनपुर जबलपुर पैसेंजर ट्रेन को निरस्त एवं रानी कमलापति- अधारताल-रानी कमलापति इंटरसिटी ट्रेन को शॉर्ट टर्मिनेट/ऑर्जिनेट किया गया है।



पमरे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली प्रारंभिक तिथियों से निरस्त रेलगाडियों में 27 से 30 मई तक जबलपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 61617 इटारसी-कटनी मेमू एवं कटनी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 61618 कटनी- इटारसी मेमू ट्रेन रद्द रहेगी। 26 से 29 मई 2025 तक जबलपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 51703 जबलपुर-नैनपुर पैसेंजर ट्रेन रद्द रहेगी। इसी प्रकार 27 से 30 मई 2025 तक नैनपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 51704 नैनपुर-जबलपुर पैसेन्जर ट्रेन रद्द रहेगी। रानी कमलापति इंटरसिटी ट्रेन मदनमहल स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट/आर्जिनेट रहेगी। 27 से 30 मई 2025 तक रानी कमलापति से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22187 रानी कमलापति-अधारताल इंटरसिटी ट्रेन मदनमहल स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी यानी मदनमहल से अधारताल तक आंशिक निरस्त रहेगी। इसी प्रकार 27 से 30 मई 2025 तक अधारताल से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22188 अधारताल-रानी कमलापति इंटरसिटी ट्रेन मदन महल स्टेशन से शॉर्ट आर्जिनेट होगी यानी अधारताल से मदनमहल तक आंशिक निरस्त रहेगी।

# प्रेमी की हत्या की आरोपित नाबालिग के विरुद्ध किशोर न्याय बोर्ड में चलाया जाए प्रकरण

**जबलपुर।** ग्वारीघाट और शहपुरा पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना पर संत नगर एलएंडटी मैदान में जुआ खेल रहे 9 जुआरियों को गिरफ्तार कर 29 हजार रुपये जप्त किये. थाना प्रभारी ग्वारीघाट सुभाषचंद्र बघेल ने बताया कि शनिवार देर रात मुखबिर की सूचना पर एलएनटी मैदान में छापा मारा गया यहां अभिषेक पटैल, जवाहिर यादव, राजू कोल, लोरेन्स उर्फ रोहित डेनियल, रज्जू उर्फ प्रसन्न सेन को यहां जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ा. पूछताछ में जुआरियों ने बताया की वे यहां फड़बाज मुकेश समन्तरा के फड़ पर जुआ खेल रहे थे. इन आरोपियों से 25 हजार 300 रुपये जप्त किये गये. इसी प्रकार शहपुरा पुलिस ने ग्राम मगरमुंहा में दीपक कोल, नीरज कोल, शेख शाहिद, नरेन्द्र चक्रवर्ती को जुआ खेलते हुये पकड़ा. जुआरियों के पास तथा फड़ से ताश के 52 पत्ते एवं 3 हजार 750 रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### बाउंसर पर चाकू से जानलेवा हमला

गढा थाना क्षेत्र में ड्यूटी कर लौट रहे एक निजी कालेज के बाउंसर पर पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक ने चाकू से जानलेवा हमला किया. पुलिस ने आरोप के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है. घटना के संबंध में गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार तिलवारा स्थित ज्ञान गंगा कालेज में बाउंसर की ड्यूटी करने वाला 44 वर्षीय नीलू गिरी गोस्वामी कल शाम ड्यूटी कर घर लौट रहा था, तभी रास्ते में जनता होटल के पास पुरानी रंजिश को लेकर ऋषि दुबे नामक युवक ने रोका और चाकू से प्राण घातक हमला कर दिया. उसके सीने में सांघातिक चोट आई घायल को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 109(1), 296 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। आरोपी अभी फरार है।

### दो अस्पतालों के एम्बूलेंस संचालक भिड़े, चाकूबाजी में एक घायल

लार्डगंज थाना अंतर्गत गोलबाजार स्थित एक एमआरआई सेंट मरीजों को लेकर पहुंचे दो अस्पतालों के एम्बूलेंस चालकों के बीच आपसी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई. शराब पीने के लिये रुपये नहीं देने पर चाकू से हमला करने और जातिगत रूप से अपमानित करने का आरोप लगाया है. लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर हास्पिटल की कैम्प एम्बूलेंस चालक गत रात से ही गोलबाजार स्थित एक एमआरआई सेंटर आया था. उसी समय मेट्रो हास्पिटल का एम्बुलेंस चालक उदय तिवारी चंदू भी आए. दोनों ने सज्जन दाहिया से शराब पीने के लिये रुपये मांगे, मना करने पर विवाद हो गया. इस दौरान उसे जातिगत रूप से अपमानित कर उदय और चंदू ने मारपीट की. चंदू ने चाकू से हमलाकर बाएं हाथ की उंगली तथा दाहिने पैर की पिडरी वायें पैर की जांघ में चोटें पहुंचा दी तथा दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। घायल का मेडिकल कालेज मे इलाज कराया है।

# गरीबों के राशन बेचकर खा गये 23 लाख

## राशन दुकान विक्रेता, अध्यक्ष पर मामला दर्ज

जबलपुर।

गोहलपुर थानान्तर्गत चितरंजन वार्ड स्थित शासकीयउचित मूल्य की दुकान में 23 लाख 44 हजार रूपए के राशन की कालाबजारी सामने आने के बाद राशन दुकान की सहकारीसमिति के अध्यक्ष व सेल्समेनके खिलाफ धोखाधडी व अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज किया गया है। गोहलपुरपुलिस ने बताया कि नरसिंह शिक्षित बेरोजार उपभोक्ता सहकारी भण्डार द्वारा संचालित शासकीयउचित मूल्य की दुकान चितरंजनदास वार्ड में परियट पिपरिया के निवासियों ने अनियमितता की शिकायत सहायक आपूर्ति अधिकारी कलेक्ट्र शाखा जबलपुर संजय खरे को की थी। अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि राशन दुकान अक्सर बंदरहती थी वहीं दुकान से परियट पिपरिया के लोगों को राशन नहीं मिल रहा था। राशन दुकान के निरीक्षण के लिए सहायक आपूर्ति अधिकारी संजन खरे 17 मईको पहुंचे थे जहां उन्होंने देखा कि दुकान में तीनों दिन पीला बोर्ड नहीं लगा था। जब उन्होंने दुकान के विक्रेता इमरान मंसूरी को दुकान पहुंचकर जांच कराने कहा तो वह नहीं पहुंचा। गत 15 मई को शाम लगभग 6 बजे सहायक आपूर्ति अधिकारी ने निरीक्षण किया तो राशन दुकान बंद मिली। जांच में पता चला कि राशन दुकान का सेल्स मेन उपभोक्ताओं को राशन नहीं दे रहाथा वहीं राशन पर्ची निकाल लेता था। राशन के दुकान के विक्रेता ने उपभोक्ता के हिस्से के राशन व्यपवर्तन कर काला बजारी करते हुए शासन को चपत लगायी। खाद्यय शाखा की जांच में पाया गया कि राशन दुकान के विक्रेता ने नरसिंह शिक्षित बेरोजगार उपभोक्ता सहकारीभण्डार की अध्यक्ष से मिली भगत कर 23 लाख 44 रूपये के राशन की कालाबजारी कर शासन व उपभोक्ताओं से धोखाधड़ी व अमानत में ख्यानत की है। राशन दुकान के सेल्स मेन इमरान मंसूरी व नरसिंह बेरोजगार सहकारी भण्डार के अध्यक्ष श्रीमती शाबाना बेगम पर धोखाधडी का मामलादर्ज किया गया है।

# हाई कोर्ट ने सेशन कोर्ट में मुकदमा चलाने का आदेश किया निरस्त

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति दिनेश कुमार पालीवाल की एकलपीठ ने स्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार अपीलकर्ता की उम्र 18 साल से कम मानते हुए उसके विरुद्ध प्रेमी की हत्या के प्रकरण का विचारण किशोर न्याय बोर्ड में चलाए जाने का आदेश पारित किया। इसी के साथ बालिग मानते हुए सेशन कोर्ट में मुकदमा चलाने का आदेश निरस्त कर दिया। अपील में कहा गया था कि भोपाल के अशोका गार्डन थानांगत 27 जुलाई, 2019 को दो अन्य साथियों के साथ मिलकर प्रेमी पीयूष जैन की हत्या का आरोप लगा है। स्कूल व मैट्रिक के प्रमाण-पत्र के आधार पर किशोर न्याय बोर्ड ने उसे नाबालिग माना था। जिसके विरुद्ध मृतक के पिता ने सत्र न्यायालय में अपील दायर की थी। सागर नगर निगम के द्वारा जारी जन्म प्रमाण-पत्र व नर्सिंग होम के रजिस्टर के अनुसार उसका जन्मतिथि 20 सितम्बर, 1999 मानते हुए उसके विरुद्ध सत्र न्यायालय में प्रकरण का विचारण करने के आदेश जारी किए थे। सत्र न्यायालय के उक्त आदेश को चुनौती देते हुए अपील दायर की गई थी। एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर अपीलकर्ता को बालिग माना है। जांच रिपोर्ट के अनुसार अपीलकर्ता की आयु 17 से 19 साल के बीच है। जन्म तिथि के संबंध में स्कूल व जन्म प्रमाण-पत्र सहित अन्य दस्तावेज नहीं होने पर उम्र निर्धारण में जांच रिपोर्ट मायने रखती है।

## किसकी शह पर शहर में बिक रही अवैध शराब

# नजराना के खेल में हर गली बनी मयखाना

जबलपुर।

शहर में अवैध शराब की ब्रिक्री धड़ल्ले से हो रही है, खासकर नई आबकारी नीति के बाद ड्राय एरिया में जमकर अवैध शराब बिक रही है, आखिर अवैध शराब आ कहा से रही है. आबकारी विभाग और ठेकेदारों की मिलीभगत से तस्करों के पास शराब पहुंच रही है, पुलिस भी इस खेल में शामिल है. जब कोई विरोधी ठेकेदार के एरिया में शराब पहुंच जाए तो हाय तौबा मचता है और दिखावे के लिये जप्ती और कार्यवाही होती है. गौरतलब है की अवैध शराब की ब्रिकी को लेकर तस्कर और ठेकेदारों के बीच तिलवारा के सगड़ा क्षेत्र में जमकर दिनदहाड़े मारपीट भी हुई थी, दराअसल नई आबकारी नीति के तहत नर्मदा किनारे के क्षेत्रों को ड्राय एरिया घोषित किया गया है. लिहाजा बादशाह हलवाई मंदिर, भटौली रेतनाका ललपुर रामपुर छापर गुप्तेश्वर तिराहा, गुरंदी घमापुर शीतला माई आदि शहरीय क्षेत्रों में अवैध का खेला चल रहा है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में मानेगांव



चरगवां भेड़ाघाट शहपुरा बेलखेड़ा में अवैध शराब का कारोबार फलफूल रहा है. सूत्रों की मानें तो आबकारी विभाग पुलिस और ठेकेदारों की सांठगांठ से यह पूरा अवैध शराब का खेला हो रहा है. इस खेला में शहर की हर गली मयखाना बनती नजर आ रही है. जहां देखो वहां शराब के पौओ बाटल डिस्पोजल ग्लास कचरे के रूप में नजर आते हैं. ड्राय एरिया में जहां ठेकेदार ही खुद अवैध शराब बिकवा रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर ठेकेदारों में चल रही आपसी प्रतिस्पर्धा से एक दूसरे के इलाकों में अवैध शराब का कारोबार फैलाने की कोशिशें भी जारी हैं. लड़ाई झगड़े इसी का मुख्य कारण हैं, सूत्रों का कहना है की इस बार महंगे दामों पर ठेके गये और कुछ बाहरी ठेकेदार भी एंट्री कर गये उनसे पुराने ठेकेदारों की पटरी नहीं बैठ रही है. यही वजह है की अवैध शराब का खेला चल रहा है. आबकारी विभाग के हाल पहले की तरह ढाक के तीन पात हैं. एक अधिकारी निलंबित होकर गये दूसरे निलंबित अधिकारी बहाल होकर जबलपुर की कमान संभालने आ गये, उन्होंने जैसे तैसे ठेके तो नीलाम करा दिये. अब ठेकेदारों से ज्यादा कमाई करने के बदले में ज्यादा नजराना भी लिया जा रहा है. लिहाजा ठेकेदारों को मनमानी की छूट दे दी गई है. फिर भला पुलिस क्यों पीछे रह जाए. बिना पुलिस के न तो शराब दुकानें 11 के बाद खुल सकती हैं, न अवैध शराब बिक सकती है. अब इन सब नियमों का उल्लंघन हो रहा है तो पुलिस पर भी सवाल उठ रहे हैं. क्या ठेकेदार आबकारी और पुलिस का काकस अवैध शराब के कारोबार को बढ़ावा दे रहा है।


# निगम मुख्यालय में कांग्रेस पार्षद दल का प्रदर्शन आज

**जबलपुर।** नगर में सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन सिस्टम फेल हो चुका है. बारिश सिर पर नाले नालियों की सफाई नहीं हो पाई है, इससे जलप्लावन होगा. इन तमाम समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्षद दल द्वारा आज 26 मई सोमवार को शाम 4 बजे निगम मुख्यालय में घेराव प्रदर्शन किया जाएगा. नेताप्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा ने बताया की शहर में विकास के कार्य ठप्प पड़े हुये हैं, ठेकेदारों का भुगतान नहीं हो पा रहा है, जिससे स्वीकृत काम प्रारंभ नहीं हो पा रहे हैं. डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमा गई है. बारिश सिर पर है नाले नालियां और कंजरवेंसिंग की सफाई की ओर ध्यान नहीं दिया गया है. जिससे बारिश में जल प्लावन की स्थिति बनेगी, नगर सत्ता को अनेक बार चेताया गया है, लेकिन नगर सत्ता कुंभकरणीय निद्रा में लीन है. नगर सत्ता का नींद से जगाने आज 26 मई को शाम 4 बजे सभी कांग्रेस पार्षद नौदरा ब्रिज स्थित पूर्व प्रधान मंत्री स्व राजीव गांधी की प्रतिमा स्थल पर एकत्रित होंगे और यहां से निगम का घेराव करने के लिये कूच करेंगे. सभी कांग्रेस पार्षदों और नेताओं से उपस्थिति की अपील कांग्रेस अमरीष मिश्रा, आयोध्या तिवारी शुगुफ्ता उस्मानी आदि ने की है.

### वर्ष 2004 में लोकमत समूह की ओर से विक्टोरिया हॉस्पिटल में गहन चिकित्सा ईकाई शुरू की थी

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहरलाल दर्डा की कांस्य प्रतिमा का अनावरण आज

हरिभूमि, जबलपुर।



वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और लोकमत मीडिया समूह के संस्थापक स्वर्गीय जवाहरलाल दर्डा 'बाबूजी' की नवनिर्मित कांस्य प्रतिमा का अनावरण सोमवार, 26 मई को दोपहर 5 बजे जबलपुर के सेठ गोविंददास शासकीय जिला चिकित्सालय (विक्टोरिया हॉस्पिटल) परिसर में किया जाएगा. इस भव्य लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकमत मीडिया समूह के प्रबंध निदेशक देवेंद्र दर्डा करेंगे.

इस अवसर पर मध्यप्रदेश सरकार के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, सांसद आशीष दुबे, सांसद सुमित्रा बाल्मिक, विधायक अजय विश्नोई, विधायक अभिलाष पांडे, विधायक नीरज सिंह, विधायक लखन घनघोरिया, विधायक अशोक रोहाणी, विधायक सुशील तिवारी 'इंदु', विधायक संतोष वरकडे और जबलपुर नगर निगम के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू समेत कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रहेगी.

उल्लेखनीय है कि बाबूजी ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान जबलपुर जेल में 1 साल 9 महीने की सजा काटी थी. इसी संदर्भ में यहां पर हर साल चिकित्सा शिविर का आयोजन कर मुफ्त दवा का वितरण किया जाता है. वर्ष 2004 में लोकमत समूह की ओर से विक्टोरिया हॉस्पिटल में गहन चिकित्सा ईकाई कक्ष शुरू किया गया है. बाबूजी ने अपने रचनात्मक और निःस्वार्थ सामाजिक कार्यों से देश की स्वतंत्रता और जनसेवा के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी है. उनकी स्मृति में स्थापित यह प्रतिमा भावी पीढ़ियों को प्रेरणा प्रदान करती रहेगी. लोकमत परिवार की ओर से सभी गणमान्यजनों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## राहुल-प्रियंका के जबलपुर आगमन को लेकर बैठक आज

**सिहोरा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा का 31 मई को जबलपुर में जय हिंद सभा में आगमन को लेकर तथा तैयारियों के संबंध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा की बैठक का आयोजन आज सोमवार को दोपहर 11 बजे से परिणिता पैलेस मझौली बायपास में किया गया है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिहोरा अध्यक्ष बिहारी पटेल ने बताया बैठक जिला ग्रामीण प्रभारी रजनीश सिंह विधायक केवलारी,ग्रामीण के अध्यक्ष डॉ नीलेश जैन,जिला संगठन मंत्री राजकिशोर पटेल,पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दिनेश यादव,पूर्व विधायक नित्य निरंजन खंपरिया,संजय यादव,पूर्व युवक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश तिवारी की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई है।जिसमे सभी वरिष्ठ कांग्रेस जन,ब्लाक कांग्रेस पदाधिकारी, मंडलम अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, बी,एल,ए, सेवादल, एन एस यू आई, युवक कांग्रेस, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ, महिला कांग्रेस, सोशल मीडिया प्रभारी, जनपद सदस्य, सरपंच सहित समस्त कांग्रेस जन से उपस्थिति की अपील की गई है।

# केन्ट के बाजार क्षेत्रों में नागरिकों के लिये बनेगा पार्किंग जोन : रोहाणी

**जबलपुर।** केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वर दास रोहाणी ने क्षेत्र के नागरिकों को जलप्लावन से राहत प्रदान करने के साथ-साथ शहर और केन्ट विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों के लिए सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए चिन्ता की है। इसके लिए केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वर दास रोहाणी ने पुलिस एवं निगम प्रशासन के अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में बैठक की।

बैठक में श्री रोहाणी के द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की और व्यस्तम बाजार क्षेत्रों में व्यवस्थित पार्किंग के लिए भी कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने शहर के साथ-साथ केन्ट विधानसभा क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में और अधिक सुधार लाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि केन्ट विधानसभा के बाजार क्षेत्रों में नागरिकों के लिए पार्किंग जोन बनेगा, जिससे यातायात व्यवस्थित होगा। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज बिज, एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी, एडिशनल एस.पी. यातायात, नगर निगम से अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, अन्य अधिकारीगणों सहित क्षेत्रीय नागरिक आशीष राव, पुष्पराज सिंह सेंगर, सौरभ गोयल, पूर्व पार्षद सुंदर अग्रवाल तथा व्यापारी गण उपस्थित रहे।

## परिवार समाज को जोड़ रही मन की बात

**जबलपुर।** चेरीताल वार्ड क्रमांक 27 में बूथ 117 में भाजपा नेता जी एस ठाकुर के साथ आचार्य श्री विद्यासागर मंडल भाजपा महानगर जबलपुर के प्रभारी दिलीप पटेल, पार्षद प्रतिभा भापकर की उपस्थिति में मन की बात सुनी गई. इस दौरान नरेंद्र साहू राजेन्द्र व्यौहार,नरेंद्र खरे, प्रियंका श्रीवास्तव ,प्रशांत महानूर, आलोक चनपुरिया, अंबर दुबे, निशांत गुलाबवानी,आलोक ठाकुर,अजय पटेल, ब्रजेश नेमा, पिंकू ठाकुर, महेश सोंधिया, कमल सोनी, पप्पू राठौर, अरूण साहू, ओम प्रकाश दहिया, हर्ष सोनी, विनोद सोनी, माया गुजराती, पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, मनोज पटेल, विध्येश भापकर सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। श्री ठाकुर एवं पार्षद प्रतिभा भापकर ने यहां कहा मन की बात समाज परिवार को जोड़ने का एक माध्यम है। वर्तमान में भारतीय संस्कृति और संस्कारों को समाज भूल गया है। आस पड़ोस सभी मिलकर मित्रों पड़ोसी के साथ महीने में एक बार सामूहिक रूप से भारत देश की उन्नति और नयी सोच का क्रियान्वयन उमंग और उत्साह के साथ जीवन में उतार कर भारत की तरक्की के रास्ते तय करता है।

## कबीर के वचनों से सराबोर सत्संग में उमड़े श्रद्धालु

**जबलपुर।** रविवार सत्संग मानव जीवन को दिशा देने वाला वह माध्यम है, जहाँ व्यक्ति को सच्चे ज्ञान, आत्मचिंतन और मोक्ष के मार्ग की जानकारी मिलती है। यह न केवल जीवन की नकारात्मकताओं को दूर करता है, बल्कि *गीता जी के अनुसार तत्वदर्शी संत के माध्यम से आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का साधन भी बनता है। इसी संदर्भ में संत रामपाल महाराज के सानिध्य में जिला कटनी के माधवनगर के सिंधु सदन परिसर में परमेश्वर के अमृतज्ञान की वर्षा हुई। जिसमें टेलीविजन के माध्यम से संत रामपाल ने बताया कि मनुष्य जीवन का मुख्य उद्देश्य परमात्मा की भक्ति द्वारा मोक्ष प्राप्त करना है। यह भक्ति तभी सार्थक होती है जब वह पूर्ण सतगुरु से दीक्षा लेकर, प्रमाणित विधि से की जाए।वे कहते हैं कि बिना भक्ति के यह अमूल्य मानव जीवन व्यर्थ चला जाता है। सच्ची भक्ति ही वह साधन है जो आत्मा को जन्म-मरण के बंधन से मुक्त कर सकती है।

## तैराकी स्पर्धा के पुरुस्कार वितरित

**जबलपुर।** जिला तैराकी संघ के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय तैराकी वॉटर पोलो प्रतियोगिता 2025 में ईशिका अनवी अर्निमा आगम मानविक ने अलग अलग कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया. पुरूस्कार समारोह में विजेता तैराकों को मेडल एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया. मुख्य अतिथि पार्षद लवलीन आनंद एवं नगर निगम क्रीड़ा अधिकारी नीतेश कछवाहा ने प्रदान किये. इस अवसर पर पार्षद प्रतीभा भापकर, रंजीत सिंह ठाकुर, अमर पटेल आदि उपस्थित थे. अतिथितियों का स्वागत तैराकी संघ के अध्यक्ष संजय पटेल, जयंत गुप्ता उमेश पटेल ने किया।

## मुख्यमंत्री का आगमन आज

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आज सोमवार 26 मई को अपने जबलपुर आगमन होगा. यहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव दोपहर 3:40 बजे नरसिंहपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा कोकिला रिसॉर्ट के समीप निर्मित हेलीपेड पर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 3:55 बजे विराट हॉस्पिस, 4:45 बजे राइट टाऊन स्थित श्री महिला गृह उद्योग लिज्जत पापड़ एवं शाम 5:30 बजे सेठ गोविंददास चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे तथा शाम 6:15 बजे स्टेट प्लेन द्वारा भोपाल प्रस्थान करेंगे।

## शाह की टिप्पणी से करोड़ों भारतीय आहतः मरकाम

**जबलपुर।** प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की बहादुर अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई अशोभनीय, अपमानजनक और महिला विरोधी टिप्पणी ने पूरे देश की भावनाओं को आहत किया है. कांग्रेस इस बयान की निंदा करती है और इसे 140 करोड़ भारतीयों की गरीमा पर हमला मानती है. यह बात कांग्रेस विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने जबलपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में कही. इस दौरान नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा, निगम में नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा, अभिषेक चौकसे चिंटू और विजय रजक उपस्थित थे. श्री मरकाम ने यहां मंत्री विजय शाह के इस्तीफे की मांग की।

### गढ़ा में चौपाल कर विकास कार्यों की दी जानकारी

# जबलपुर विकास की दृष्टि से शीघ्र ही एक अलग स्वरूप में दिखेगाः मंत्री

हरिभूमि जबलपुर।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने गढ़ा वार्ड स्थित राजुल सिटी में चौपाल कर जबलपुर के विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सांसद के रूप में जबलपुर की जनता ने 20 साल तक बढ़ते वोटों से उन्हें आशीर्वाद देकर इतिहास रचा है, विधानसभा चुनाव में भी भरपूर आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद मिलने पर जन प्रतिनिधियों का उत्तरदायित्व बन जाता है कि वे उनके सुख-दुख में सहभागी बने और जनहित के विकास कार्य करें। इसी भावना से वे जगह-जगह चौपाल कर विकास कार्यों की जानकारी दे रहे हैं और लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।



मंत्री श्री सिंह ने कहा कि वे चुनाव के दौरान कभी शराब व पैसे नहीं बांटे, माताओं बहनों ने भी इसका समर्थन किया। राजनैतिक रूप से माताओं-बहनों का जो संकल्प है वह सत्यता और पवित्रता पर आधारित है। जहां माताऐं बहनें होती है वहां सामाजिक बुराई नहीं पनप सकती है।एक समय था जब माता के नाम से बेटों की पहचान होती थी, आज भी अच्छे कार्य का शुभारंभ कन्या पूजन से शुरू होता है। उन्होंने कहा कि वे बिना बुलाये ही ऐसे चौपालों में आकर लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान विकास को लेकर जो बातें कहीं गई है वे पूरे तो होंगे ही, साथ ही जो नहीं कहे गये हैं, वे विकास कार्य भी होंगे। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि बजट सत्र के दौरान जबलपुर के विकास के लिए 3200 करोड़ स्वीकृत करायें हैं, जिससे हर व्यक्ति के घर के पास विकास की झलक दिखेगी और जबलपुर विकास की दृष्टि से शीघ्र ही एक अलग स्वरूप में दिखेगा। पश्चिम विधानसभा में एक साल में लगभग 11 करोड़ के कार्य स्वीकृत हुए हैं, इतना ही नहीं पूरे जबलपुर में मध्यप्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओव्हर जिसकी लागत 1100 करोड़ रूपये है अपनी पूर्णता की ओर है। साथ ही रोप वे बनाया जायेगा, जिसमें एक रोप-वे एम्पायर टॉकिज से सदर, छोटी लाईन होते हुए गौरीघाट व गौरीघाट के उस पार तक जायेगा जिसकी लागत 750 करोड़ होगी, दूसरा रोप-वे जिसकी लागत 350 करोड़ रूपये है, सिविक सेंटर, अंधेरदेव, दमोहनाका होते हुए अधारताल तक बनेगा। है। इसके साथ ही उन्होंने कई विकास कार्यों की जानकारी दी, जिसमें कहा कि अब गढ़ा बाजार की सड़क 53 फिट चौड़ी होगी। गोरखपुर बाजार में सभी बिजली के तार अंडरग्राउंड होंगे। उन्होंने कहा कि 380 करोड़ की लागत से शीघ्र ही एक फ्लाईओव्हर छोटी लाईन फाटक से साई मंदिर तक बनेगा, जिसका एक रेम्प रामपुर छापर तथा दूसरा रेम्प हवाबाग कॉलेज की ओर होगा। फ्लाईओव्हर के संबंध में उन्होंने कहा कि सगड़ा में भी एक फ्लाईओव्हर बनेगा तथा संजीवनी नगर से विजय नगर स्थित जीरो डिग्री के बीच 190 करोड़ की लागत से भी एक फ्लाई ओव्हर बनाया जायेगा। इसके साथ ही कहा कि मेडिकल से तिलवारा और गौरीघाट में 6 लेन सड़क बनने जा रही है। यात्रियों की सुविधा के लिए गौरीघाट में बिलहरी तक भी एक सड़क बनाई जायेगी और यह सब 2 साल के अंदर मूर्त रूप में दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि गौरीघाट शमशान घाट का भी सौंदर्यीकरण का कार्य किया जायेगा। साथ ही नगर निगम की सड़कों को भी व्यवस्थित रूप प्रदान किया जायेगा। नर्मदा तट को सरयु के तट की तर्ज पर विकसित किया जायेगा।

## पर्यावरण व जल संरचनाओं का संरक्षण करना हमारा दायित्व है

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमें एक समृद्ध पर्यावरण व जल संरचनाएं विरासत में दिये हैं। हमारा कर्तव्य भी है कि भावी पीढी के लिए सभी मिल जुलकर पर्यावरण व जल संरचनाओं को संरक्षित करें और उन्हें विरासत में दें। इस दौरान उन्होंने राधा कृष्ण की बावड़ी जिसे पुनर्जीवित कर जल मंदिर के रूप में लोकप्रिय बनाया है, ऐसे ही अन्य जल संरचनाओं का संरक्षण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोक कल्याण की भावना से अब विकास कार्यो के दौरान एक मीटर से अधिक व्यास वाले पेड़ को नहीं काटा जायेगा, बल्कि उन्हें शिफ्ट किया जायेगा और लोक कल्याण सरोवर भी बनाया जायेगा। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है और विकास से समृद्धि की झलक आती है उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जबलपुर में विकास का एक नया परिदृश्य दिखाई देगा। मंत्री श्री सिंह ने राजुल सिटी के अलावा वीर सावरकर वार्ड के शिव नगर में भी चौपाल कर आमजन को विकास कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान अभय सिंह ठाकुर, कौशल सूरी, दिलीप पटैल, श्रीमती पूजा पटेल, प्रणय गुप्ता, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, अजय तिवारी, विवेक यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## न्यायालय संभागीय आयुक्त का आदेश निरस्त

## हाई कोर्ट से पार्षद कविता रैकवार को मिली राहत

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने न्यायालय संभागायुक्त, जबलपुर का आदेश निरस्त कर दिया। इसी के साथ जबलपुर के हनुमानताल वार्ड की पार्षद कविता रैकवार की पार्षदी बहाल किए जाने का राहतकारी आदेश पारित कर दिया। दरअसल, संभागायुक्त अभय वर्मा के न्यायालय ने भाजपा पार्षद कविता रैकवार की पार्षदी महज जाति प्रमाण पत्र फर्जी पाए जाने के आधार पर शून्य कर दी थी। न्यायालय संभागायुक्त ने यह आदेश भोपाल की उच्च स्तरीय जांच कमेटी की रिपोर्ट के प्रकाश में पारित किया था। जबकि उससे एक दिन पूर्व हाई कोर्ट भोपाल की उच्च स्तरीय जांच कमेटी की रिपोर्ट को निरस्त कर चुका था। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया था कि इस तरह किसी का जाति प्रमाण पत्र फर्जी नहीं हो जाता। लिहाजा, नए सिरे से जांच की जाए। जांच में जो बिंदु सामने आएं, उनके अनुरूप आगामी कार्रवाई की जाए। लेकिन इस आदेश के ठीक एक दिन बाद ही न्यायालय संभागायुक्त ने पार्षदी शून्य कर दी। लिहाजा, उस आदेश के विरुद्ध कविता रैकवार ने दोबारा हाई कोर्ट की शरण ले ली थी। हाई कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के बाद पार्षदी बहाल करने का राहतकारी आदेश सुना दिया।

## सकारात्मक सोच से सपना बनी ड्रोन पायलट

**जबलपुर।** सपना काछी एक सामान्य घरेलू महिला है, जो जबलपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत जोगीढाना के ग्राम गोकलपुर की निवासी है। वे कभी अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को लेकर हमेशा चिंतित रहती थीं। आज एक सफल उद्यमी और ड्रोन पायलट हैं। उनकी इस सफलता में ग्रामीण आजीविका मिशन का महत्वपूर्ण योगदान है। अपने बेहतर भविष्य के लिए सपना काछी ने अपने गांव की 15 अन्य महिलाओं के साथ मिलकर ओम शांति ओम महिला आजीविका स्व सहायता समूह का गठन किया। इस समूह के माध्यम से उन्होंने विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त किए, जैसे कि सिलाई, कृषि सखी, और ड्रोन पायलट प्रशिक्षण लिया और उसे मूर्त रूप में लाने के लिए ठान ली। मिशन से जुड़ने के बाद सपना काछी को आर्थिक सहायता और समर्थन मिला। उन्हें मुख्यमंत्री आर्थिक कल्याण योजना के तहत 30 हजार रुपये की सहायता मिलीए जिससे उन्होंने सिलाई मशीन खरीदी। इसके अलावा उन्हें सामुदायिक निवेश निधि से 30 हजार रुपये की राशि मिली, जिसका उपयोग उन्होंने गाय खरीदने में किया। सपना काछी ने अपने पति के साथ मिलकर व्यावसायिक सब्जी उत्पादनए सब्जी विक्रय, सिलाई कार्य, और दूध विक्रय से अच्छी आमदनी की। उनकी मासिक आमदनी 20 से 22 हजार रुपये हो गई। ड्रोन का उपयोग शुरू करने के बाद, उनकी आमदनी 30 से 35 हजार रुपये प्रतिमाह के आस.पास हो गई है। सपना काछी ने मिशन से जुड़ने के बाद आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास प्राप्त किया।

## कांग्रेस सेवादल ने आयोजित किया मासिक ध्वजवंदन

**जबलपुर।** जबलपुर शहर कांग्रेस सेवादल के तत्वाधान में रविवार सुबह 9:00 बजे भोगाद्वार हनुमान मंदिर के समीप पूर्व पार्षद प्रत्याशी श्रीमती निजु जेसले की मुख्य अतिथि में मासिक झंडा वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में महिला शहर कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष एडवोकेट मीनाक्षी स्वामी, जबलपुर कांग्रेस सेवा दल प्रवक्ता जितेंद्र यादव ,ब्लॉक अध्यक्ष उमेश पटेल , रिंकू कुशवाहा ब्लॉक अध्यक्ष, राकेश चक्रवर्ती ,रीना विश्वकर्मा ,कमल चौधरी अनिल गुप्ता, विनय नेमा , वंदना चौधरी ,दीपक चौधरी, दिलीप चौधरी, अर्जुन चौधरी, अशोक चौधरी गोविंद चौधरी ,आदि क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे. झंडा वंदन के बाद आगामी 31 मई को जय हिंद यात्रा कर तैयारियों के संबंध में भी चर्चा की गई।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर व्याख्यान

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति से पुनः भारत विश्व गुरु बनेगा

**जबलपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत की ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक चेतना का उद्घोष है। भारतीय ज्ञान परंपरा से सिंचित राष्ट्रीय शिक्षा नीति से पुनः भारत विश्व गुरु बनेगा यह कहना हैं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ अतुल कोठारी का। वे शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास एवं प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति और भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर आयोजित राष्ट्रीय व्याख्यान में बोल रहे थे।

कार्यक्रम के शुभारंभ में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, जबलपुर के प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने उपस्थित अतिथियों, विद्वतजनों, शिक्षकों, शोधार्थियों एवं छात्रों का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि यह व्याख्यान केवल एक बौद्धिक आयोजन नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन है, जो शिक्षा को भारतीय दृष्टिकोण से पुनर्परिभाषित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है। इस दौरान मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के संचालक अशोक कड़ेल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मध्यप्रदेश में विभिन्न स्तरों पर हो रहे क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में नई शिक्षा नीति को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए निरंतर योजनाबद्ध कार्य किए जा रहे हैं, चाहे वह पाठ्यक्रम परिवर्तन हो, शिक्षकों का पुनः प्रशिक्षण हो, या नवाचारों को पाठ्यचर्या में स्थान देने की बात हो। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के कुलपति प्रो. डॉ. राजेन्द्र कुरारिया ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारत की ज्ञान परंपरा को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करने का माध्यम है। यह केवल नीति नहीं, एक दृष्टिकोण है जो भारतीयता को समझकर तैयार किया गया है। इस अवसर पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय संयोजक ए. विनोद भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ श्रीमती आभा पांडेय ने किया कार्यक्रम में शिक्षाविदों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आयोजन ने सभी प्रतिभागियों को भारतीय दृष्टिकोण से शिक्षा के मर्म को समझने और आत्मसात कर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के ज़मीनी स्तर पर क्रियान्वयन के लिए प्रेरित किया।

## सिविल वाद के निराकरण तक यथास्थिति के निर्देश

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने एक याचिका का इस निर्देश के साथ पटाक्षेप कर दिया कि सिविल वाद के निराकरण तक दोनों पक्ष यथास्थिति कायम रखें। याचिकाकर्ता छतरपुर निवासी निमिया अहिरवार सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता शंभूदयाल गुप्ता व कपिल गुप्ता ने दलील दी कि ग्राम गिलोहा तहसील लवकुश नगर याचिकाकर्ता व उसकी बहनों के नाम एक निस्संतान वृद्धा ने अपनी चल-अचल संपत्ति वसीयत कर दी थी। जिसके बाद से कृषि भूमि से आजीविका चल रही थी। कालांतर में द्वेषवश नए वारिस सामने आ गए और विवाद करने लगे। तहसीलदार ने उनकी शिकायत पर बिना ठोस साक्ष्य के वसीयतानामा निरस्त कर दिया। जिसके विरुद्ध अपील में भी राहत नहीं मिली। लिहाजा, हाई कोर्ट आना पड़ा। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि इस तरह के मामले में सिविल न्यायालय को ही निर्णय लेने का अधिकार है। तहसीलदार व संभागायुक्त के आदेश पर पुनर्विचार के लिए सिविल वाद दायर करें। जब तक सिविल वाद लंबित रहे दोनों पक्ष यथास्थिति कायम रखें।

## मार्शल पर पांच हजार का ईनाम घोषित

**जबलपुर।** सिविल लाइन, केंट, और गोराबाजार का कुख्यात बदमाश मार्शल पाल की गिरफ्तारी पर पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने पांच हजार रूपए का ईनाम घोषित किया है। बदमाश पर हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट, अडीबाजी, के मामले दर्ज है। बदमाश अपनी गैंग के सदस्यों के साथ लगातार वारदातें कर रहा है। जिसकी तलाश के लिए छापेमारी जारी हैं।

**श्री बालकृष्ण नेमा-** आमनपुर मदनमहल निवासी श्री बालकृष्ण नेमा (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा बाई रजक-** गोपाल होटल सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री गनपत रजक की धर्मपत्नी श्रीमती उमा बाई रजक (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेश कुमार कटारे-** अधारताल धनी कुटिया के पास निवासी श्री सुरेश कुमार कटारे (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरिता यादव-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री प्रदीप कुमार यादव की धर्मपत्नी श्रीमती सरिता यादव (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती निर्मला ठाकुर-** ग्राम धनगौर तेंदूखेड़ा दमोह निवासी श्री रूप लाल ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला ठाकुर (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भैया लाल चौधरी-** भानतलैया बेलबाग रोड निवासी श्री भैया लाल चौधरी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती श्यामा बाई बेन-** लठा




पांडे का बगीचा गोरा बाजार निवासी श्री कमल प्रसाद बेन की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई बेन (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रकाश-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री दशरथ के पुत्र श्री प्रकाश (22) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सोने लाल चौधरी-** अम्बेडकर नगर पोलीपाथर निवासी श्री सोने लाल चौधरी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई कोरी-** करियापाथर सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री भैया लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई कोरी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सरला वाजपेयी-** सिंघई कॉलोनी दीक्षितपुरा निवासी श्री राज नारायण वाजपेयी की धर्मपत्नी श्रीमती सरला वाजपेयी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बैजी बाई जाट-** घमापुर चौक बेलबाग निवासी श्री रघुवीर चंद्र जाट की धर्मपत्नी श्रीमती बैजी बाई जाट (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
न्यूनतम साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
निधन साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
निधन साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
निधन साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

# निवेश के लिए बांड भरोसेमंद विकल्प, निश्चित आय की गारंटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि शेयर बाजार में अस्थिरता के बीच बांड एक भरोसेमंद निवेश विकल्प के रूप में उभरा है। देश में महंगाई के साथ अमेरिकी शुल्क को लेकर चिंता और वैश्विक स्तर पर तनाव समेत अन्य कारणों से उत्पन्न अनिश्चितताओं से जहां एक तरफ शेयर बाजार प्रभावित हो रहा है, वहीं बांड लगातार निश्चित रिटर्न प्रदान कर रहा है।

- जोखिम से बचने वालों के लिए बांड निश्चित रिटर्न प्रदान कर रहा

उनका यह भी कहना है कि जोखिम लेने से बचने वाले और निश्चित आय चाहने वाले लंबी अवधि के निवेशकों के लिए बांड सुरक्षित निवेश यानी स्थिर आय की गारंटी देता है। पिछले तीन माह (23 मई, 2025 तक) में निफ्टी 50 सूचकांक में 5.4 प्रतिशत की गिरावट आई है।

### शेयर बाजार की अस्थिरता व वैश्विक तनाव के बीच बांड भरोसेमंद

#### बीते वर्ष बांड ने 8.03 का दिया रिटर्न

बीते वित्त वर्ष 2024-25 में देखा जाए तो मुद्रास्फीति और वृहद आर्थिक चिंताओं के बीच सोने ने 41.5 प्रतिशत का रिटर्न दिया जबकि निफ्टी-50 ने 7.44 प्रतिशत का मामूली रिटर्न दिया है। वहीं 10 साल की सरकारी प्रतिभूतियों पर औसत रिटर्न 6.89 प्रतिशत जबकि उच्च श्रेणी के कॉरपोरेट बांड यानी 'एएए' रेटिंग वाले बांड पर 8.03 प्रतिशत का रिटर्न मिला।



*नए निवेशकों के लिए बांड एक सहारा :* कई निवेशकों के लिए यह एक तरह का सहारा है जिसकी उन्हें अस्थिर वित्तीय माहौल में जरूरत होती है। उल्लेखनीय है कि पिछले पांच साल (2020 से 2025) में निफ्टी 50 सूचकांक ने संचयी रूप से 19.8 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। हालांकि, यह इक्विटी बाजार के मजबूत प्रदर्शन को दर्शाता है, लेकिन इसमें काफी उतार-चढ़ाव भी रहा।

*सोने पर रिटर्न सालाना 16.32 फीसदी रहा :* वहीं सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोने पर रिटर्न संचयी रूप से सालाना 16.32 प्रतिशत रहा। दस साल की अवधि वाले सरकारी बांड पर रिटर्न औसतन 6.19 प्रतिशत और उच्च श्रेणी के कॉरपोरेट बांड (एएए रेटिंग वाले) पर संचयी रूप से सालाना रिटर्न 6.9 प्रतिशत रहा है।

#### बांड निश्चित रिटर्न दे रहा

वहीं बांड लगातार एक निश्चित रिटर्न दे रहा है। सरकारी प्रतिभूतियां सालाना 6.2 से 6.8 प्रतिशत रिटर्न दे रही हैं जबकि उच्च रेटिंग वाले कॉरपोरेट बॉन्ड सालाना 6.8 से 7.5 प्रतिशत रिटर्न दे रहे हैं। यानी कुल मिलाकर बॉन्ड एक भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभरा है।

#### दीर्घकालिक निवेशकों के लिए बांड सुरक्षित

*विशेषज्ञों ने कहा, "जोखिम से बचने वाले और दीर्घकालिक निवेशकों के लिए, शेयर बाजार में गिरावट की स्थिति में बांड एक सुरक्षा प्रदान करता है और विविधीकरण के माध्यम से निवेश के मोर्चे पर अस्थिरता को 30 प्रतिशत तक कम करते हैं।"*

## खबर संक्षेप

### बीते सप्ताह सरसों, मूंगफली और पामोलीन में गिरावट




**नई दिल्ली।** कमजोर आवक और मांग बढ़ने के कारण बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजार में सरसों तेल-तिलहन, मूंगफली तेल कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। वहीं गिरावट आने के बावजूद मौजूदा दाम ऊंचा रहने की वजह से मांग प्रभावित होने के चलते कच्चे पामतेल एवं पामोलीन तेल की कीमतों में कमी आई।

### स्कोडा ट्यूब्स 220 करोड़ का आईपीओ 28 मई को लाएगा

**नई दिल्ली।** स्टेनलेस स्टील ट्यूब और पाइप विनिर्माता स्कोडा ट्यूब्स का 220 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 28 मई को खुलेगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्य दायरा 130-140 रुपये प्रति शेयर तय किया। आईपीओ 30 मई को बंद होगा। गुजरात की कंपनी ने एक बयान में कहा कि एंकर (बड़े) निवेशक 27 मई को बोली लगा सकेंगे।

### पूंजीकरण में सबसे अधिक नुकसान रिलायंस को हुआ



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 78,166.08 करोड़ रुपये की गिरावट आई। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 609.51 अंक या 0.74 प्रतिशत नीचे आया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 166.65 अंक या 0.66 प्रतिशत टूट गया।

### ग्रासिम का शुद्ध लाभ बढ़कर पहुंचा 2,973 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख होल्डिंग कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 9.23 प्रतिशत बढ़कर 2,973.26 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान कंपनी की परिचालन आय 17.33 प्रतिशत बढ़कर 44,267.26 करोड़ रुपये रही।

### रिजर्व बैंक ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर लगाया जुर्माना



**मुंबई।** आरबीआई ने कुछ नियामकीय मानदंडों के गैर-अनुपालन के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और ट्रांजेक्ट्री टेक्नोलॉजीज पर जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने 1949 के कुछ प्रावधानों और 'कृषि कर्ज प्रवाह -संपार्श्विक मुक्त कृषि ऋण' पर निर्देशों के गैर-अनुपालन के लिए 63.6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### बीईएमएल का मुनाफा मार्च तिमाही में 12 फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की खनन उपकरण विनिर्माता बीईएमएल लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 11.9 प्रतिशत बढ़कर 287.55 करोड़ रुपये रहा। 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 256.80 करोड़ रुपये रहा था। शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, "समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की आमदनी बढ़कर 1,656.36 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 1,518.25 करोड़ रुपये थी।"

### भारत के शहद निर्यात पर 10 फीसदी निर्यात शुल्क लगाया

# अमेरिका के साथ शहद निर्यात पर शुल्क का मुद्दा उठाए भारत सरकार : सीएआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा भारत के शहद निर्यात पर फिलहाल 10 प्रतिशत के शुल्क के कारण देश के शहद निर्यातकों को काफी नुकसान हो रहा है और उन्होंने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से अमेरिका के समक्ष इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाने और इसे पूर्वस्तर पर लाने की मांग की है।

इससे शहद निर्यातकों को अच्छा दाम मिल सकेगा और शहद उत्पादक किसानों को उचित लाभ मिल सकेगा। मधुमक्खीपालन उद्योग परिसंघ (कनफेडरेशन ऑफ एपीकल्चर इंडस्ट्री या सीएआई) के अध्यक्ष देवव्रत शर्मा ने बताया, शुल्क युद्ध शुरु होने से पहले, भारत से निर्यात होने वाले शहद पर शून्य शुल्क लगता था जिसे मौजूदा समय में 10 प्रतिशत किया गया है।

#### अमेरिका 90 दिन बाद शुल्क 26 फीसदी करना चाह रहा

तीन महीने या 90 दिन तक यह शुल्क फिलहाल 10 प्रतिशत रहेगा लेकिन उसके बाद अमेरिका इसे 26 प्रतिशत करने की मंशा रखता है। इस वृद्धि के बाद भारतीय शहद निर्यात बुरी तरह प्रभावित होगा क्योंकि उसपर 520 डॉलर प्रति टन का शुल्क लागू हो जायेगा।

#### समस्या सुलझाने की मांग

इससे भारतीय शहद निर्यात प्रभावित होता है और अंततः भारत के मधुमक्खीपालक किसान प्रभावित हो रहे हैं। मधुमक्खीपालक किसानों और उद्योग की ओर से सीएआई अध्यक्ष ने वाणिज्य मंत्री से अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में देश के किसानों की इस समस्या को सुलझाने की मांग की है ताकि किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।



#### भारत का 90 फीसदी शहद अमेरिका को निर्यात

*शर्मा ने कहा कि भारत का सर्वाधिक 90 प्रतिशत शहद का निर्यात अमेरिका को किया जाता है। अमेरिका यदि शुल्क बढ़ाएगा तो हमारे देश का मधुमक्खीपालन उद्योग बुरी तरह प्रभावित होगा। उल्लेखनीय है कि सरसों से निकले शहद की उसके औषधीय गुण के कारण सबसे अधिक निर्यात मांग है।*

#### प्राकृतिक शहद के मुकाबले फिल्टर शहद सस्ता

सीएआई के अध्यक्ष ने बताया कि प्राकृतिक शहद के मुकाबले फिल्टर किया गया शहद इसलिए भी सस्ता होता है क्योंकि शहद में पाये जाने वाले और 20 माइक्रॉन आकार के पोषक तत्व को अलग कर दिया जाता है। शुल्क के अलावा भारत पर डंपिंग-रोधी शुल्क 2.5 प्रतिशत लगता है और वियतनाम पर यह शुल्क 100 प्रतिशत है। लेकिन वियतनाम के फिल्टर शहद होने के कारण यह डंपिंग-रोधी शुल्क 'शून्य' हो जाता है।

- देश के शहद निर्यातकों को इससे काफी नुकसान हो रहा
- अमेरिका के समक्ष मुद्दे को गोयल से जोर शोर से उठाने की मांग
- पहले भारत से निर्यात होने वाले शहद पर शून्य शुल्क लगता था

*वियतनाम व अर्जेंटीना भी बड़ी चुनौती :* सीएआई के अध्यक्ष ने कहा कि अभी देश के मधुमक्खीपालकों और शहद निर्यातकों के सामने वियतनाम और अर्जेन्टीना भी चुनौती पेश कर रहे हैं। ये देश शहद को फिल्टर कर उसे 1,500-1,600 डॉलर प्रति टन के भाव निर्यात कर रहे हैं। इन देशों की कम कीमत के कारण भारतीय शहद (2,000 प्रति टन) के समक्ष चुनौती पैदा हो रही है।

#### देश के निर्यातकों को 2000 डॉलर प्रति टन मिल रहा

शर्मा ने कहा कि देश के शहद निर्यातकों को पहले ही काफी कम दाम (लगभग 2,000 डॉलर प्रति टन) मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस शुल्क वृद्धि के कारण शहद निर्यात के लिए जो पहले 2,000 डॉलर प्रति टन का अधिकतम निर्यात मूल्य (एमईपी) अनिवार्य किया गया था और इसमें शहद निर्यातकों एवं किसानों के लाभ की कल्पना की गई थी, वे सब बेअसर हो जाएंगे।

# आरबीआई के लाभांश से सरकार की राजकोषीय स्थिति होगी बेहतर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- एसबीआई ने अपने जारी रिपोर्ट में यह बात कही
- रिजर्व बैंक ने 2.7 लाख करोड़ रुपए का बंपर लाभांश दिया

भारतीय रिजर्व बैंक के लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये के बंपर लाभांश से सरकार की राजकोषीय स्थिति बेहतर हो सकेगी और दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में वृद्धि को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। एसबीआई के अर्थशास्त्रियों की रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025-26 के अपने बजट में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल मिलाकर 2.56 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान लगाया था। आरबीआई के लाभांश हस्तांतरण के बाद यह आंकड़ा अब बजट अनुमान से कहीं ऊंचा रहेगा।

"हमारा अनुमान है कि इससे राजकोषीय घाटा बजट के स्तर से 0.2 प्रतिशत कम होकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.2 प्रतिशत रहेगा। वैकल्पिक रूप से यह लगभग 70,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त खर्च का रास्ता खोलेगा, जबकि अन्य चीजों में कोई बदलाव नहीं होगा।

आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए रिकॉर्ड 2.69 लाख करोड़ रुपये के लाभांश की घोषणा की है। यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश हस्तांतरण की तुलना में 27.4 प्रतिशत की वृद्धि है।

#### विदेशी मुद्रा भंडार शिखर पर पहुंचा

सितंबर, 2024 में, विदेशी मुद्रा भंडार 704 अरब अमेरिकी डॉलर के शिखर पर पहुंच गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके बाद केंद्रीय बैंक ने मुद्रा को स्थिर करने के लिए 'ट्रक भरकर डॉलर' बेचे थे।" आरबीआई के लिए अधिशेष की स्थिति इसके एलएएफ (तरलता समायोजन की सुविधा) परिचालन और घरेलू और विदेशी प्रतिभूतियों की होल्डिंग से ब्याज आय द्वारा तय की गई थी।

# पीएनबी का 16,000 करोड़ रुपए की वसूली का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के दूसरे सबसे बड़े सरकारी बैंक पीएनबी ने चालू वित्त वर्ष में 16,000 करोड़ रुपये की वसूली और एक प्रतिशत से कम 'स्लिपेज' का लक्ष्य तय किया है।

- देश का दूसरा सबसे बड़ा बैंक चालू वित्त वर्ष में यह वसूली करेगा

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। बैंकिंग में नियमित रूप से किस्त अदायगी वाले अच्छे कर्ज के फंसे हुए ऋण में बदलने की दर को स्लिपेज कहते हैं।
बैंक की कुल वसूली चौथी तिमाही में 4,733 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में 14,336 करोड़ रुपये रही। इस दौरान कुल स्लिपेज अनुपात 0.73 प्रतिशत था। पीएनबी के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक चंद्रा ने कहा, "आने वाले वक्त में वसूली को अधिकतम करना और नए 'स्लिपेज' को रोकने की प्राथमिकता होगी। हम वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 14,000 करोड़ रुपये की वसूली के मुकाबले इस साल 16,000 करोड़ रुपये वसूली का लक्ष्य बना रहे हैं... हमें उम्मीद है कि तिमाही आधार पर हमारी स्लिपेज लगभग 1,500 करोड़ रुपये से 1,700 करोड़ रुपये के बीच होगी।"

#### एनपीए की वसूली पर ध्यान

चंद्रा ने कहा कि बैंक तकनीकी रूप से बट्टा खातों के जरिये वसूली पर ध्यान केंद्रित करने जा रहा है। उन्होंने कहा, "मुझे उम्मीद है कि तकनीकी बट्टा खाते में 6,000 करोड़ रुपये की वसूली होगी।

### ओएनजीसी ने मुंबई अपतटीय में तेल और गैस की खोज की



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने मुंबई अपतटीय क्षेत्र में तेल और गैस की आशाजनक खोज की है। इससे निकट भविष्य में उत्पादन बढ़ाने में मदद मिल सकती है। ओएनजीसी ने अपनी चौथी तिमाही के नतीजों की घोषणा में कहा कि ये खोज मुक्त क्षेत्र लाइसेंसिंग नीति (ओएएलपी) व्यवस्था के तहत दिए गए ब्लॉक में की गई हैं। सूर्यमणि और वज्रमणि नाम की ये खोजें ओएएलपी-6 ब्लॉक एमबी-ओएसएचपी-2020/2 और ओएएलपी-3 ब्लॉक एमबी-ओएसएचपी-2018/1 में की गईं। दोनों ही अपतटीय मुंबई घाटी में हैं। मार्च तिमाही में किए गए परीक्षण के दौरान ब्लॉक एमबी-ओएसएचपी-2020/2 पर अन्वेषणात्मक कुआं एमबीएस202एचएए-1 से प्रतिदिन 2,235 बैरल तेल और 45,18 करोड़ घन मीटर गैस प्रवाहित हुई।

# देश में रेंज रोवर के विशेष संस्करण की होगी पेशकश

एजेंसी ▶▶| गेडॉन (ब्रिटेन)

देश में रेंज रोवर के और अधिक सीमित विशेष संस्करण की पेशकश हो सकती है, जो बाजार में विविध प्रकार के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करेंगे। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इन्हें विशेष रूप से भारत के लिए तैयार किया जाएगा।



भारतीय बाजार में वृद्धि की संभावनाओं को देखते हुए ब्रांड यहां अपनी उपस्थिति बढ़ाने पर विचार कर रहा है। गौरतलब है कि देश में अगले एक दशक के दौरान अति धनी लोगों की संख्या में तेजी से वृद्धि होने की उम्मीद है। रेंज रोवर ब्रांड के वैश्विक प्रबंध निदेशक मार्टिन लिम्पर्ट ने यहां बताया कि कंपनी कुछ हद तक स्थानीयकरण के साथ बेहतर मूल्य चाहने वाले ग्राहकों के लिए उत्पाद पेश करने को तैयार है।

जगुआर लैंड रोवर अपने चार ब्रांड - जगुआर, रेंज रोवर, डिस्कवरी और डिफेंडर के लिए अलग-अलग वृद्धि रणनीति विकसित करने की योजना बना रही है। रेंज रोवर ने पहले ही भारत में रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट के स्थानीय विनिर्माण की घोषणा कर दी है। लिम्पर्ट ने कहा, "हमने पिछले साल पहली बार, भारतीय बाजार के लिए रणथंभौर संस्करण के साथ एक सीमित संस्करण किया था।

#### भारतीय बाजार के साथ जुड़ाव बना रहे

लिम्पर्ट ने कहा, "ग्राहकों ने इस बात की सराहना की कि हम भारतीय बाजार के साथ जुड़ाव बना रहे हैं। हमारे पास अन्य बाजारों में भी ऐसा अनुभव है। इसलिए, हम इस आधार पर और अधिक निर्माण करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, "हम बाजार के लिए और अधिक संस्करण तथा ग्राहकों के लिए विशेष वाहन बनाना चाहते हैं।"

# टाटा मोटर्स फिर ईवी बाजार पर अपना वर्चस्व चाह रहा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



घरेलू इलेक्ट्रिक यात्री वाहन बाजार की अगुवा टाटा मोटर्स अपने उत्पाद पोर्टफोलियो के विस्तार और नवीनीकरण के माध्यम से मध्यम-से-दीर्घावधि अवधि में इस खंड में 50 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी फिर हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

- यात्री इलेक्ट्रिक बाजार पर 50 फीसदी की हिस्सेदारी पाने का लक्ष्य
- बाजार मूल्य के आधार पर चार अलग-अलग खंडों में बटा है ईवी बाजार

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने यहां कहा कि घरेलू इलेक्ट्रिकयात्री वाहन बाजार मूल्य के आधार पर चार अलग-अलग खंड में बंटा हुआ है। कंपनी अपनी आगामी हैरियर.ईवी और सिएरा.ईवी के साथ 20 लाख रुपये से ऊपर के बाजार में उतरने जा रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने बेड़े में ईवी के स्वामित्व की कुल लागत (टीसीओ) को सीएनजी वाहन के बराबर करने के लिए काम कर रही है ताकि मात्रा हासिल की जा सके। चंद्रा ने कहा, "हमारी आकांक्षा मध्यम से दीर्घावधि अवधि में 50 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी बनाए रखने की है...हम बहुत व्यापक उत्पाद पोर्टफोलियो और ग्राहकों की अपेक्षाओं के अनुरूप उत्पाद पेशकर 50 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के लक्ष्य की आकांक्षा रखते हैं।"

#### कंपनी के 20 मॉडल बाजार में

एमडी ने कहा कि कंपनी की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आना काफी हद तक तय है, क्योंकि कई कंपनियां कई उत्पाद लेकर आ चुकी हैं। बाजार में लक्जरी कार सहित इस समय करीब 20 मॉडल हैं। उन्होंने कहा कि यात्री इलेक्ट्रिकवाहन बाजार अब चार खंड में बंटा हुआ है। यह हैं...8-12 लाख रुपये; 12 से 20 लाख रुपये; 20 लाख रुपये से अधिक और फ्लीट खंड।


#### वर्तमान में 41 प्रतिशत भागीदारी

चंद्रा ने कहा कि कंपनी की बाजार हिस्सेदारी वर्तमान में लगभग 40-41 प्रतिशत है, जो पिछले वित्त वर्ष में लगभग 55 प्रतिशत थी, जिसका मुख्य कारण फ्लीट खंड में बिक्री में गिरावट और 12 से 20 लाख रुपये के खंड में तेज प्रतिस्पर्धा है। कंपनी अपनी कुल बाजार हिस्सेदारी को फिर से हासिल करने की तैयारी कैसे कर रही है।

# विदेशी कोषों के प्रवाह से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह कई वृहद आर्थिक आंकड़ों की घोषणाओं, वैश्विक रुख और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। वैश्विक अनिश्चितताओ के बीच बीते सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार गिरावट में रहे थे।



- वृहद आर्थिक आंकड़े, वैश्विक रुझान का भी पड़ेगा असर
- बीते सप्ताह शेयर बाजार का प्रदर्शन सुस्त रहा

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, " वैश्विक और घरेलू घटनाक्रमों की वजह से बीते सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार का प्रदर्शन सुस्त रहा है।

*बाजार की धारणा प्रभावित होगी : मिश्रा ने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी बांड बाजार के घटनाक्रम, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे और अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता से भी बाजार की धारणा प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि मई के डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान और कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजों के अंतिम दौर का भी बाजार पर प्रभाव पड़ेगा।*

*बजाज ऑटो व अरविंदो फार्मा के आएगे नतीजे : सप्ताह के दौरान बजाज ऑटो, अरविंदो फार्मा और आईआरसीटीसी जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे आने हैं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 609.51 अंक नीचे आया। वहीं निफ्टी 166.65 अंक के नुकसान में रहा।*

### निर्गम से 6,600 करोड़ रुपए जुटने की उम्मीद

# इस सप्ताह आएंगे चार मुख्य कंपनियों के आईपीओ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यह सप्ताह आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बाजार के लिए व्यस्त रहने वाला है। सप्ताह के दौरान चार मुख्य मंच के आईपीओ आने हैं। इनमें लीला पैलेस होटल्स एंड रिजॉर्ट्स की परिचालक श्लॉस बेंगलूर लिमिटेड और एजिस वोपैक टर्मिनल्स की सार्वजनिक शेयर बिक्री शामिल हैं।

- आईपीओ में लीला पैलेस होटल्स का निर्गम शामिल

इन आईपीओ से सामूहिक रूप से 6,600 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटने की उम्मीद है। सप्ताह के दौरान जिन दो अन्य कंपनियों के आईपीओ आने हैं उनमें प्रोस्टार्म इन्फो सिस्टम्स और स्कोडा ट्यूब्स शामिल हैं। इसके अलावा 28 मई को बोराना वीव्स और 29 मई को बेलराइज इंडस्ट्रीज के शेयर सूचीबद्ध होंगे।

#### इस साल अब तक 57 आईपीओ को मंजूरी

एक्सिस कैपिटल की आईपीओ बाजार पर सूचना के अनुसार, मई, 2025 तक 57 कंपनियों को सेबी से आईपीओ के लिए अंतिम निष्कर्ष मिला है। वहीं 74 अन्य कंपनियां नियामक से अंतिम निष्कर्ष का इंतजार कर रही हैं।

#### श्लॉस बेंगलूर का आईपीओ

सप्ताह के दौरान जो आईपीओ आने हैं उनमें श्लॉस बेंगलूर का सार्वजनिक निर्गम 3,500 करोड़ रुपये का है। इस आईपीओ में 2,500 करोड़ रुपये का नया निर्गम और प्रवर्तक प्रोजेक्ट डीआईएफसी शामिल है। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 413-435 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। यह आईपीओ 26 मई को खुलकर 28 मई को बंद होगा।





#### प्रोस्टार्म इंफो सिस्टम्स

एकीकृत बिजली समाधान कंपनी प्रोस्टार्म इन्फो सिस्टम्स का आईपीओ में बुक-बिल्डिंग मार्ग से 10 रुपये अंकित मूल्य वाले 1.6 करोड़ इक्विटी शेयरों का नया निर्गम है। कंपनी का 168 करोड़ रुपये का यह निर्गम 27 मई को खुलकर 29 मई को बंद होगा। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 95-105 रुपये प्रति शेयर है।

#### इस साल आईपीओ का बाजार रहा सुस्त

2025 में आईपीओ का बाजार सुस्त रहा है और अभी तक सिर्फ 12 कंपनियां शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुई हैं। वैश्विक और घरेलू कारकों की वजह से शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव से आईपीओ बाजार में सुस्ती रही है। इससे पहले 2024 में कंपनियों ने 91 आईपीओ के जरिये सामूहिक रूप से 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं।

## चिंतन

# दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनना भारत के लिए गर्व

जिसका इंतजार था, वो खबर आ ही गई। भारत आधिकारिक तौर पर जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी भारत से आगे हैं। अगर हम वर्तमान वृद्धि दर बनाए रखने में कामयाब रहते हैं तो 2028 तक भारत जर्मनी की 4.9 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत की जीडीपी 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2028 तक 5.58 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इसके बाद केवल अमेरिका 30.57 ट्रिलियन डॉलर और चीन 19.231 ट्रिलियन डॉलर ही भारत से आगे रहेंगे। नीति आयोग के सीईओ बी.वी. आर सुब्रह्मण्यम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था उसकी विकास दर और आम आदमी के जेब का हिसाब-किताब बताती है। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड यानी आईएमएफ के आंकड़ों के अनुसार, भारत की नॉमिनल जीडीपी 4.187 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई है, जो जापान की अनुमानित जीडीपी 4.186 ट्रिलियन डॉलर से थोड़ा ज्यादा है। भारत की यह उपलब्धि मजबूत घरेलू मांग, अनुकूल जनसांख्यिकीय रुझानों और नीतिगत सुधारों के कारण है। भारत की अर्थव्यवस्था 6-7 प्रतिशत की एनुअल ग्रोथ रेट बनाए हुए है। दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनना किसी उपलब्धि से कम नहीं है। इससे न केवल देश में रोजगार के संसाधानों में इजाफा होगा बल्कि भारत का अंतरराष्ट्रीय मंचों जैसे जी-20 और आईएमएफ में प्रभाव बढ़ेगा। फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट में और वृद्धि होगी, क्योंकि ग्लोबल कंपनियां भारत को एक आकर्षक बाजार के रूप में देख रही हैं। इससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे। भारत इस उपलब्धि के बाद ग्लोबल इकोनॉमिक लीडरशिप की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ गया है। भारत अगर 2028 तक जर्मनी को पीछे छोड़ देता है तो लीडरशिप और मजबूत होगी। यूएन की रिपोर्ट में भी कहा गया है कि भारत दुनियाभर में सबसे तेज गति से विकास कर रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था इस साल न केवल चीन बल्कि अमेरिका और यूरोप को पीछे छोड़ देगी। भारत की अर्थव्यवस्था इस साल 6.3 फीसदी की दर से बढ़ेगी। यह दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ज्यादा है। चीन की अर्थव्यवस्था 4.6, अमेरिका की 1.6, जापान की 0.7 और यूरोप की 1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। असल में भारत की अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने में केंद्र सरकार की अनेक योजनाओं ने खास असर दिखाया है। डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने निवेश को आकर्षित किया और औद्योगिक विकास को बढ़ावा दिया है। युवा आबादी और तकनीकी प्रगति ने वैश्विक मंच पर देश की स्थिति को मज़बूत किया है। यह बात सही है कि हम विकास की लंबी छलांग लगे रहे हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ ऐसा है जो सोचने पर मजबूर करता है। 2024 के वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 105वें स्थान पर रहा, जो दिखाता है कि देश में कुपोषण और भूख अभी भी गंभीर समस्याएं हैं। आय असमानता और बेरोजगारी की दर भी चिंता का विषय बनी हुई है। ऑक्सफैम की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 1 फीसदी सबसे अमीर लोग देश की 50 प्रतिशत से अधिक संपत्ति के मालिक हैं। यह आंकड़ा असमानता की गहरी खाई को दिखाता है। अगर इन तथ्यों पर ध्यान नहीं दिया गया तो विकास की इस रफ्तार का अंतिम छोर पर खड़े आम आदमी को कोई लाभ नहीं होगा।

## वट सावित्री व्रत विशेष

श्वेता गोयल



# वट की छांव में सौभाग्य और समृद्धि का संकल्प

वट सावित्री व्रत और सोमवती अमावस्या का 26 मई को एक दुर्लभ और अत्यंत पुण्यदायक संयोग बन रहा है। यह योग वर्षों में कभी-कभी बनता है और धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। जब अमावस्या सोमवार के दिन पड़ती है तो इसे 'सोमवती अमावस्या' कहा जाता है और ऐसे अवसर को विशेष फलदायी तथा मनोकामना पूर्ति करने वाला माना जाता है। इस दिन का व्रत, पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान न केवल जीवन में सौभाग्य, संतान सुख और समृद्धि लाते हैं बल्कि यह पारिवारिक कल्याण के लिए भी अत्यंत प्रभावशाली होता है। वट सावित्री व्रत और सोमवती अमावस्या का संयोग एक अत्यंत दुर्लभ अवसर है, जिसे श्रद्धा और विधिपूर्वक मनाने से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस दिन किए गए व्रत, पूजा और उपाय अनेक बाधाओं का निवारण करते हैं और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। भारतीय संस्कृति में वट सावित्री व्रत का अत्यंत पावन महत्व है। यह व्रत विवाहित स्त्रियों द्वारा अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और दांपत्य जीवन की स्थिरता के लिए किया जाता है। धार्मिक ग्रंथों और पुराणों में इसका उल्लेख विशेष रूप से किया गया है। मान्यता है कि इसी दिन सतयुग में माता सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लिए थे। यह व्रत नारी शक्ति, संकल्प और श्रद्धा का प्रतीक बन चुका है। वट वृक्ष, जिसे 'अक्षयवट' भी कहा जाता है, उस अद्भुत स्थल का प्रतीक बन गया है, जहां यह चमत्कारी घटना घटित हुई थी। अतः इस दिन वट वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व है। व्रत के दिन महिलाएं प्रातःकाल स्नान करके शुद्ध वस्त्र धारण करती हैं और निर्जल या फलाहार व्रत का संकल्प लेती हैं। वट वृक्ष के नीचे जाकर उसकी पूजा करती हैं, जल अर्पित करती हैं, रोली, चंदन, चावल से तिलक करती हैं और वृक्ष की जड़ों में कच्चा सूत लपेटकर सात बार परिक्रमा करती हैं। यह परिक्रमा हमेशा दक्षिणावर्त दिशा में की जाती है क्योंकि वामावर्त परिक्रमा को अशुभ माना गया है। परिक्रमा करते समय महिलाएं वट सावित्री कथा का श्रवण करती हैं, जिसमें माता सावित्री की तपस्या, उनकी निष्ठा, धैर्य और पतिव्रता धर्म का वर्णन होता है। कथा के माध्यम से यह संदेश दिया जाता है कि नारी संकल्प शक्ति से किसी भी संकट को पार कर सकती है। इस व्रत के दौरान सोलह श्रृंगार करना भी अत्यंत शुभ माना जाता है। यह श्रृंगार न केवल बाह्य सौंदर्य का प्रतीक होता है बल्कि सौभाग्य और मनोकामना पूर्ति का सूचक भी है। महिलाएं सिंदूर, चूड़ियां, बिंदी, मेहंदी, आलता आदि से स्वयं को सजाती हैं और पति के सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। श्रृंगार की यह परंपरा इस व्रत को और अधिक आकर्षक बनाती है तथा महिलाओं के मन में एक नवीन ऊर्जा का संचार करती है और यह दिन नारी सशक्तिकरण एवं पारिवारिक जीवन में संतुलन और सौहार्द का प्रतीक बन जाता है। इस बार की विशेषता यह है कि वट सावित्री व्रत सोमवती अमावस्या के दिन पड़ रहा है। सोमवती अमावस्या का योग जब वट सावित्री व्रत के साथ आता है तो इसका महत्व कई गुना बढ़ जाता है। धर्मशास्त्रों के अनुसार सोमवती अमावस्या का व्रत करने से पितृ दोष समाप्त होता है, पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और घर में सुख-शांति का वास होता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन माता लक्ष्मी को पीले रंग की 11 कौड़ियां अर्पित करनी चाहिएं। यदि पीली कौड़ियां न मिलें तो सफेद कौड़ियां हल्दी से रंगकर अर्पित की जा सकती हैं। इस उपाय से धन संबंधित समस्याओं का समाधान होता है और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। इसी प्रकार यदि वैवाहिक जीवन में तनाव है या पति-पत्नी के बीच मनमुटाव बना रहता है तो इस दिन वट वृक्ष के नीचे दीपक जलाकर माता लक्ष्मी की पूजा करें, प्रणम्य मंत्रों का जाप करें और पांच-पांच मीठे नींबू वट वृक्ष को अर्पित करते हुए 11 बार परिक्रमा करें। इस उपाय से वैवाहिक जीवन में सामंजस्य बढ़ता है और पारिवारिक तनाव दूर होता है। यह व्रत नारी सशक्तिकरण और पारिवारिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। जिस प्रकार सावित्री ने अपने पति के लिए मृत्यु के देवता यमराज से संघर्ष करके उन्हें पुनर्जीवन दिलाया, उसी प्रकार आज की नारी भी अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रयत्नशील रहती है। यह व्रत स्त्रियों को यह प्रेरणा देता है कि श्रद्धा, संकल्प और निष्ठा से किसी भी कठिन परिस्थिति को बदला जा सकता है। यह दिन महिलाओं को उनकी शक्ति, करुणा और श्रद्धा का पुनः स्मरण कराता है, जिससे वे अपने जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़ सकें।

(लेखिका शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# विद्यार्थी परिषद में व्यक्तित्व का निर्माण



विजन

चेतस सुखाड़िया

विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता अधिष्ठित जन आंदोलन की तरह विकसित हुआ। हमारे यहां कार्यकर्ता एक सामान्य विद्यार्थी के रूप में आता है, वहीं धीरे-धीरे कार्यकर्ता के स्वरूप में कार्यकर्ता विकास की प्रक्रिया में जुड़ जाता है। कार्यकर्ता विकास का मतलब एक वाक्य में कहा जाए तो कह सकते हैं कि कार्यकर्ता की विवेक बुद्धि का विकास। कार्यकर्ता को सही जीवन दृष्टि प्रदान करना ही कार्य की सफलता है। जाति, भाषा, प्रांत से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकात्मता के लिए विद्यार्थी परिषद ने निरंतर प्रयास किए। परिषद कार्यकर्ताओं ने समरसता के भाव के साथ सामाजिक निष्ठा को परिश्रम पूर्वक व्यवहार में लाकर कई बार विघटनकारी व जातिवादी शक्तियों को परास्त किया है।

विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रम, बैठक, अभ्यास मंडल, अभ्यास वर्ग, अधिवेशन यह सब उपक्रम से एक दिशा में चलने वाले कार्यकर्ताओं की श्रृंखला खड़ी होती है जिसके आधार पर लाखों छात्र अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ते हैं। ऐसे ही विद्यार्थी परिषद एक कार्यकर्ता अधिष्ठित जन आंदोलन की तरह विकसित हुआ। हमारे यहां कार्यकर्ता एक सामान्य विद्यार्थी के रूप में आता है, वहीं धीरे-धीरे कार्यकर्ता के स्वरूप में कार्यकर्ता विकास की प्रक्रिया में जुड़ जाता है। कार्यकर्ता विकास का मतलब एक वाक्य में कहा जाए तो कह सकते हैं कि कार्यकर्ता की विवेक बुद्धि का विकास।

कार्यकर्ता को सही जीवन दृष्टि प्रदान करना ही कार्य की सफलता है। अपने प्रमुख कार्यकर्ता को किसी एक कार्यकर्ता ने कहा कि आप दंगा, लड़ाई-झगड़ा, मारपीट या अन्य कोई शारीरिक काम मुझे बताइए परंतु यह कंधे के ऊपर के हिस्से का काम मत बताइये, बहुत तकलीफ होती है। मन में बड़ी अस्वस्थता होती है। प्रमुख कार्यकर्ता ने उस कार्यकर्ता से कहा कि देखो भाई, हमारा काम ही युवा विद्यार्थियों को सामाजिक स्थिति के बारे में अस्वस्थ करने का है, समाज की विषम परिस्थितियों के बारे में उसके मन में पीड़ा उत्पन्न करने का है। सामाजिक वेदना से जोड़ने का है। समाज की परिस्थितियों के बारे में उनके मन में पीड़ा होगी, तभी आगे चलकर सामाजिक उत्थान के किसी ना किसी काम में अपने आप को लगाएगा। आचार्य चाणक्य कहते थे कि जब हम अपने स्वयं की पीड़ा सहते हैं तो हमारा बल बढ़ता है और जब किसी और की पीड़ा सहते हैं तो हमारा आत्मबल बढ़ता है। विद्यार्थी परिषद का कार्य यही है। एक छात्रा कार्यकर्ता से बातचीत करते हुए किसी ने उसको पूछा कि विद्यार्थी परिषद में काम करने से तुम्हें क्या मिला तो उसने कहा पहले भिखारी सामने आता था तो थोड़ा असहज होती थी, घृणा होती थी लेकिन आज मन में प्रश्न उठता है कि इसकी स्थिति ऐसी क्यों है? पहले गंदा बच्चा देखती थी तो मुझे मन में तिरस्कार उत्पन्न होता था। आज उस बच्चे को गोद में उठा सकती हूं, उठाती भी हूं। यह परिवर्तन विद्यार्थी परिषद के कारण हुआ। पिछले दिनों हमने अखिल भारतीय स्तर पर सामाजिक अनुभूति नाम का कार्यक्रम पूरे देशभर में किया। इस कार्यक्रम के द्वारा विद्यार्थी परिषद के हजारों कार्यकर्ताओं ने देश के ग्रामीण व वनांचल क्षेत्र में जाते हुए समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के साथ संवाद करते हुए उनकी समस्या, उनके प्रश्नों, उनके जीवन को समझने का प्रयास किया और साथ ही भारत के जनजीवन को एक सामान्य व्यक्ति के रूप में अनुभव करने का भी प्रयास किया। सबसे बड़ी बात है कि जिस सामाजिक संवेदना की अनुभूति हम हमारे कार्यकर्ताओं को कराना चाहते थे उसमें हम कई हद तक सफल हुए। समाज के प्रति उनके मन में एक संवेदना के भाव के साथ, वास्तव में ऐसे समाज जो पीड़ित, पतित, शोषित व वंचित है और पिछड़े वर्गों के साथ हमारे समाज के जनजाति बंधुओं के साथ स्वाभाविक ही मिलना हुआ, परिचय हुआ।

एक गांव में अपने कार्यकर्ता की एक वृद्ध महिला से मिले दो बेटे में से एक बेटे की एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। दूसरे बेटे की शादी हो गयी थी, वह अलग रहता था। आज वह महिला लोगों के कपड़े प्रेस करके अपना




गुजारा चला रही है। बड़े बेटे की विधवा पत्नी बीमा योजना की और विधवा पेंशन के सारे पैसे लेकर घर छोड़कर चली गई थी। उसी बूढ़ी मां ने सर्वे में गए कार्यकर्ताओं को पूछा कि आप इतनी धूप में आए हैं, आप लोगों ने कुछ खाना खाया है या नहीं? अपने कार्यकर्ताओं को उन्होंने खाना खिलाया, जब उनके घर की स्थिति व गरीबी देखकर एक रोटी खाकर वह कार्यकर्ता खड़े हो रहे थे तो बूढ़ी मां ने जबरदस्ती उनको बिठाकर ठीक से भोजन करवाया और कहा कि आप आराम से भोजन करो, मैं किसी आशा अपेक्षा से आपको यह भोजन नहीं करवा रही हूँ। ऐसे ही सामाजिक अनुभूति के दौरान एक और अनुभव - एक गांव में अपने ही बेटे ने अपनी बूढ़ी मां को घर के बाहर निकाल दिया था। आज भी वह बूढ़ी मां गांव के चौराहे के पास एक टूटी -फूटी झोपड़ी में रहती है और भीख मांग कर अपना जीवन यापन करती है। ग्रामीण सर्वे के दौरान अपनी एक छात्रा कार्यकर्ता उनको मिलने के लिए गई तब अपनी आपबीती सुनाते हुए वह वृद्ध मां कई समय तक रोती रही, अपने पास पर्स में रखे हुए कुछ पैसे लेने के लिए जब अपनी छात्रा कार्यकर्ता ने उन्हें आग्रह किया तो बड़े ही आग्रह के बाद उन्होंने उसे स्वीकृत किया। छात्रा कार्यकर्ताओं को अपने मन से भरपूर आशीर्वाद दिया और कहां कि तुम मेरी इस छोटी सी टूटी-फूटी कुटिया में आई तेरा और मेरा कोई भी संबंध नहीं है, न कोई परिचय है, न खून का कोई रिश्ता है फिर भी मेरी वेदना को आपने समझा। अनुभूति के दौरान ऐसे ही कई अनुभवों के कारण अपनी एक छात्रा कार्यकर्ता जिसकी पॉकेट मनी करीबन 4000 रुपये मासिक थी और मां को समझा-बुझाकर जो मिल जाते थे वह अलग। ऐसी छात्रा ने जब सामाजिक अनुभूति में गांव की व्यवस्था देखी, गांव की शिक्षा देखी, गांव के बच्चे देखे, गांव में चल रही नशावृत्ति देखी तो व्यथित हो गई। मेरे देश में, मेरे शहर के नजदीक के किसी एक गांव में ऐसी स्थिति है तो दूरदराज क्षेत्र में रहने वाले लोगों की स्थिति क्या होगी? उसी समय मन ही मन उस छात्रा ने संकल्प लिया कि अपनी पॉकेट मनी से कम से कम 50 प्रतिशत इन गरीब, पीड़ित, शोषित लोगों के बीच में कार्य करने के लिए, उनके उत्थान के लिए, उनके विकास के लिए खर्च करूंगी और आज वह कार्यकर्ता उस दिशा में कार्यरत भी है। विद्यार्थी परिषद का कार्य ही विजन देने का है। विद्यार्थी कार्यकर्ताओं के विजन को व्यापक बनाने का है। मित्रों, विद्यार्थी परिषद में हमें सामूहिक रूप से और व्यक्तिगत रूप से विजन तो मिलता ही है और वही विजन हमारे अंदर संक्रमित होते हुए हमारा मिशन बनता है, जिसके आधार पर हमारा वर्तन और व्यवहार और एक्शन बनता है। वास्तव में हमारे विजन को संतुलित करने का प्रयास विद्यार्थी परिषद में होता है। ऐसा हम सभी अनुभव करते होंगे। महिला विषयक दृष्टिकोण आज भी सहज रूप से समानता का नहीं है। 1990 के दशक में देश में आरक्षण विरोधी आंदोलन से माहौल बिगड़ रहा था। परिषद ने सामंजस्य बनाने का आह्वान किया। उस समय प्रमुख नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन काफी प्रयास के बाद बढ़ नहीं पाया। विद्यार्थी परिषद में हमने छात्र-छात्रा कार्यकर्ता को समान समझा। एक अधिवेशन में एक महिला पत्रकार ने कहा कि छात्र संगठनों में छात्राओं का सबसे ज्यादा सहभाग विद्यार्थी परिषद में ही है, हमारा महिला विषयक दृष्टिकोण यह सम्यक है। परिषद में हर स्तर पर छात्राओं को बड़ी संख्या में तथा महत्वपूर्ण दायित्वों पर सहभागी करते हुए सामाजिक जीवन मे अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जाति, भाषा, प्रांत से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकात्मता के लिए विद्यार्थी परिषद ने निरंतर प्रयास किए। परिषद कार्यकर्ताओं ने समरसता के भाव के साथ अपनी सामाजिक निष्ठा को परिश्रम पूर्वक व्यवहार में लाकर कई बार ऐसे विघटनकारी व जातिवादी शक्तियों को परास्त किया है।

(लेखक अभाविप मध्यक्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## ज्ञान का अभिषेक




संकलित

**दर्शन**

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो।

## समस्याएं तो आती रहेंगी, हमें रुकना नहीं चाहिए



संकलित

**प्रेरणा**

एक व्यक्ति बहुत दुखी था। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, पूरे घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। बहुत मेहनत करने के बाद भी उसकी समस्याएं खत्म नहीं हो रही थीं। वह निराश रहने लगा था। एक दिन उस व्यक्ति को एक विद्वान संत मिले। व्यक्ति ने संत से कहा कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। मुझे अपना शिष्य बना लीजिए।संत ने कहा कि ठीक है, तुम शिष्य बन जाना, लेकिन पहले अपनी परेशानी बताओ। शिष्य ने कहा कि गुरु जी मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती है और उससे पहले ही दूसरी सामने आ जाती है। इस कारण मैं बहुत दुखी हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है, घर की भी समस्याएं बनी रहती हैं। गुरु ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो। वह व्यक्ति संत के साथ चल दिया। कुछ देर में संत और शिष्य पास की नदी के किनारे पहुंच गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है। इतना कहकर संत किनारे पर ही खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा रहा। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने कहा कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूख जाएगी, हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। ये बात सुनकर शिष्य बहुत हैरान हो गया। वह बोला कि गुरु जी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार करनी होगी। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं आती-जाती रहेंगी। हमें सकारात्मक रहना चाहिए।

## जद्दोजहद



प्रयागराज के बाहरी इलाके में शंकरगढ़ में गंगा नदी से ज्यादा दूर स्थित क्षेत्र में पानी की कमी के बीच लोग बारिश के पानी से भरे तालाब से पीने का पानी लेने जाते हुए।

## आज की पाती

### नशा बनाता है हैवान

नशा किस तरह किसी व्यक्ति को हैवान बना देता है, इसके बारे में हम खबरों के जरिए भी जानते हैं। इन खबरों में इनसानियत को शर्मसार करने की हरकतों या अपराध का जिक्र होता है। कभी नशे की खातिर कोई अपनी मां की, कोई बाप की, कोई भाई की तो कभी किसी और की हत्या कर देता है। नशा बल-बुद्धि, शरीर और परिवार के लिए घातक होता है। नशा इनसान को हैवान भी बना देता है, हैवानियत के कारण नशेड़ी इनसान अपने घर-परिवार के सदस्यों के साथ, यहां तक कि अपने बच्चों के साथ भी क्रूरता भरा व्यवहार करने से गुरेज नहीं करता है। मां-बाप अपने बच्चों को लाड़ प्यार से पाल कर उनके भविष्य के लिए सुनहरे सपने संजोते हैं, लेकिन जब कोई बच्चा बचपन या जवानी की दहलीज पर पांव रखते ही नशे के दलदल में धंसना शुरू होता है, तो उन्हें बड़ी परेशानी होती है। *- विनय पटेल, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# अमेरिका के साथ परमाणु समझौता नहीं करेगा ईरान

ईरान ने स्पष्ट कहा है कि अगर अमेरिका उसके यूरेनियम संवर्धन को रोकना चाहता है तो उसके साथ कोई परमाणु समझौता नहीं होगा। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने इटली की राजधानी रोम में ईरान और अमरीका के प्रतिनिधिमंडलों के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के पांचवें दौर से पहले सरकारी आईआरआईबी टीवी के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि हमारे बीच अभी भी बुनियादी मतभेद मौजूद हैं। अमेरिकी पक्ष ईरान में यूरेनियम संवर्धन में विश्वास नहीं करता है। अगर यह उनका उद्देश्य है, तो कोई समझौता नहीं होगा। अराघची ने अमरीकी अधिकारियों की हाल की उन मांगों के संदर्भ में यह टिप्पणी की, जिसमें कहा गया था कि वह चाहता है कि ईरान अपनी धरती पर यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह से रोक दे। उन्होंने कहा कि यदि वह चाहते हैं कि ईरान परमाणु हथियारों की ओर न बढ़े, तो यह हासिल कियाजा सकता है। हम परमाणु हथियार नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 2015 में ईरान और कई अन्य देशों के बीच हस्ताक्षरित परमाणु समझौता अब प्रभावी नहीं है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि समझौता खत्म हो गया है तथा औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना के रूप में जाना जाने वाला समझौता फिर से शुरू किया जा सकता है।



## ऑफ बीट

# ऐसा जीवाणु जो अस्पताल के प्लास्टिक पर रहता है निर्भर

हाल के वर्षों में सूक्ष्मजीव विज्ञानियों ने विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक को तोड़ने में सक्षम एक ऐसे जीवाणु की खोज की है, जो भविष्य में प्लास्टिक के निपटान के लिए अधिक टिकाऊ मार्ग की ओर संकेत करता है। ये 'प्लास्टिक खाने वाले' सूक्ष्मजीव एक दिन लैंडफिल और महासागरों में जमा कचरे के पहाड़ों को कम करने में मदद कर सकते हैं। गलत वातावरण में, वे गंभीर समस्याएं पैदा कर सकते हैं। अस्पतालों में टांके (खास तौर पर घुलने वाले टांके), घाव की ड्रेसिंग और प्रतिरोपण जैसी चीजों में प्लास्टिक का व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है। तो क्या अस्पतालों में पाए जाने वाले जीवाणु प्लास्टिक को तोड़कर खा सकते हैं? हमें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि अस्पतालों में पाए जाने वाले कुछ जीवाणु जैसे कि स्यूडोमोनास एरुगिनोसा, प्लास्टिक को विघटित करने में सक्षम हो सकते हैं। पी एरुगिनोसा जीवाणु के कारण हर साल दुनिया भर में लगभग 5,59,000 लोगों की मौत होती है और इनमें अधिकतर संक्रमण अस्पतालों में फैलता है। वेंटिलेटर पर रहने वाले अथवा सर्जरी या जलने से खुले घाव वाले मरीजों को पी एरुगिनोसा संक्रमण का विशेष खतरा होता है। साथ ही, कैथेटर वाले मरीजों को भी पी एरुगिनोसा संक्रमण का खतरा होता है।



## ट्रेंड

### विकास की गति पर जोर



मैंने विकास की हमारी गति को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया और यह तय किया कि डबल इंजन वाली सरकार का लाभ लोगों तक प्रभावी तरीके से पहुंचे। स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवा, युवा सशक्तिकरण, कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत तालमेल बनाने के बारे में बात की।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भारतीयों की ताकत



भारत जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। नीति आयोग के सीईओ बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम ने सही कहा है, यह ऐतिहासिक उपलब्धि 1.4 अरब भारतीयों की ताकत, लचीलापन और एकता का प्रमाण है।

-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र

### शहद उत्पादन में वृद्धि



आज से 10-11 साल पहले भारत में शहद उत्पादन एक साल में करीब 70-75 हजार मीट्रिक टन होता था। आज यह बढ़कर करीब सवा लाख मीट्रिक टन हो गया है। यानि शहद उत्पादन में 60% की वृद्धि हुई है।

-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

### पुंछ में सब एक समान



पुंछ में पाकिस्तानी हमलों से प्रभावित मंदिर, गुरुद्वारा और मदरसे में गया। यहां हर धर्म के लोग साथ रहते हैं, साथ दुख सहते हैं। हमें बांटने और तोड़ने की कोशिश करने वाले कभी सफल नहीं होंगे।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**अमेरिकी रक्षा खुफिया रिपोर्ट में हुआ खुलासा**

# अस्तित्व मिटने की चिंता के चलते चीन की मदद से पाकिस्तान बना रहा विनाशकारी हथियार, भारत ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा





» भारत ने 2024 में अपनी सेना का आधुनिकीकरण जारी रखा

» भारत 2025 में भी रूस के साथ अपने संबंधों को मजबूत करेगा

» भारत ने परमाणु-संचालित पनडुब्बी को भी चालू किया

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी ने 2025 के लिए अपनी विश्वव्यापी खतरा आकलन रिपोर्ट में ये बताया है। रिपोर्ट में पूर्वानुमान लगाया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रक्षा प्राथमिकताएं संभवतः भारत को ग्लोबल लीडरशिप के रूप में प्रस्तुत करने, चीन का मुकाबला करने और नई दिल्ली की सैन्य शक्ति को बढ़ाने पर केंद्रित होंगी। रिपोर्ट में कहा गया है, मई के मध्य में भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच सीमा पार से किए गए हमलों के बावजूद चीन को भारत अपना प्राथमिक विरोधी मानता है और पाक को एक सहायक सुरक्षा समस्या मानता है।

रक्षा खुफिया एजेंसी अमेरिकी रक्षा विभाग के अंतर्गत आती है और सैन्य खुफिया में विशेषज्ञता रखती है। इसमें कहा गया है कि भारत चीनी प्रभाव का मुकाबला करने और अपनी ग्लोबल लीडरशिप भूमिका को बढ़ाने के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को प्राथमिकता दे रहा है। इसने भारत-चीन सीमा विवाद का भी जिक्र किया और कहा कि पिछले साल की वापसी ने सीमा सीमांकन के बारे में लंबे समय से चले आ रहे विवाद को हल नहीं किया।



### पाक बना रहा हाईटेक शस्त्रागार

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिकीकरण कर रहा है। पाकिस्तान अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिकीकरण कर रहा है और अपनी परमाणु सामग्री तथा परमाणु कमान और नियंत्रण की सुरक्षा बनाए रख रहा है। पाकिस्तान लगभग निश्चित रूप से विदेशी आपूर्तिकर्ताओं और बिचौलियों से डब्ल्यूएमडी-लागू सामान खरीदता है। डब्ल्यूएमडी का मतलब यहां सामूहिक विनाश के हथियार हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान को चीन से आर्थिक और सैन्य सहायता मिलती है और इसकी सेना चीनी सेना के साथ कई सैन्य अभ्यास करती है।

### भारत रक्षा के क्षेत्र में बढ़ा रहा ताकत

रिपोर्ट में कहा गया है, भारत निश्चित रूप से अपने घरेलू रक्षा उद्योग का निर्माण करने, आपूर्ति श्रृंखला की चिंताओं को कम करने और अपनी सेना का आधुनिकीकरण करने के लिए इस साल अपनी मेड इन इंडिया पहल को बढ़ावा देना जारी रखेगा। भारत ने 2024 में अपनी सेना का आधुनिकीकरण जारी रखा, परमाणु-सक्षम विकासात्मक अग्नि-प्रथम प्राइम एमआरबीएम और अग्नि-5 मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल रीएंट्री व्हीकल का परीक्षण किया, साथ ही अपने परमाणु त्रिभुज को मजबूत करने और विरोधियों को रोकने की अपनी क्षमता को बढ़ाने के लिए अपनी दूसरी परमाणु-संचालित पनडुब्बी को भी चालू किया।

### खतरों से निपटने में सक्षम है भारतीय सेना

*भारत-रूस संबंधों पर, अमेरिकी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत 2025 में भी रूस के साथ अपने संबंधों को बनाए रखेगा, क्योंकि वह रूस के साथ अपने संबंधों को अपने आर्थिक और रक्षा उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण मानता है। वो रूस-चीन संबंधों को गहरा भी होते नहीं देखना चाहता है। मोदी के नेतृत्व में, भारत ने रूसी मूल के सैन्य उपकरणों की खरीद कम कर दी है, लेकिन अभी भी रूसी मूल के टैंकों और लड़ाकू विमानों के अपने बड़े भंडार को बनाए रखने और बनाए रखने के लिए रूसी स्पेयर पार्ट्स पर निर्भर है, जो चीन और पाक से संभावित खतरों का मुकाबला करने की उसकी सेना की क्षमता की रीढ़ हैं।*

---

## खबर संक्षेप

### अमेरिका के निर्णय का सीरिया ने किया स्वागत

**दमिश्क।** सीरिया के विदेश मंत्रालय ने कहा कि युद्ध प्रभावित देश पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने के अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के निर्णय को सीरिया मानवीय पीड़ा और आर्थिक संकट को दूर करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दमिश्क के साथ सहयोग के लिए इच्छुक किसी भी देश का सीरिया हाथ बढ़ाकर स्वागत करता है। बशर्ते वह देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करे।



### नेपाल में हादसा भारतीय पर्यटक की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के चितवन जिले में एक केबल कार स्टेशन के शौचालय के पास रविवार को 62 वर्षीय एक भारतीय नागरिक की गिरने से मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना सुबह करीब साढ़े आठ बजे काठमांडू से करीब 200 किलोमीटर दक्षिण में कुरिनतार के मनकामना केबल कार स्टेशन पर हुई। केबल कार स्टेशन के उप महाप्रबंधक उज्ज्वल सेरचन के अनुसार, मन्नू प्रसाद भट्ट नामक व्यक्ति को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।



## भारतीय नेताओं ने दिखाया पाकिस्तान का आतंकी चेहरा

# थरूर बोले- बंद हो आतंकवाद, भारत पर हमला करने वालों को कतई नहीं छोड़ेंगे

**ओवैसे ने कहा पाकिस्तान आतंकियों का दाना पानी बंद करे**

*भारतीय प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि भारत शांतिप्रिय है युद्ध नहीं चाहता*

*जब संप्रभुता की बात आती है तो जवाब देना ही पड़ता है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान की करतूत से पूरी दुनिया को वाकिफ कराने भारत ने अपने नेताओं को दुनिया के कोने-कोने में भेज दिया है। एक ऐसे ही सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के नेता कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अमेरिका से दुनिया को संदेश दिया कि भारत अपने ऊपर हमला करने वाली बुरी ताकतों के खिलाफ चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने वैश्विक समुदाय से आतंकवाद के खतरे के खिलाफ आपसी एकजुटता और ताकत के साथ खड़े होने का आह्वान किया।

वहीं बहरीन गए प्रतिनिधिमंडल में शामिल एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने बहरीन में कहा कि जब तक पाकिस्तान इन आतंकवादी समूहों को बढ़ावा देना, सहायता करना और प्रायोजित करना बंद नहीं करता, तब तक आतंकवाद की समस्या दूर नहीं होगी। जैसा कि आप जानते हैं, मैं सरकार के लिए काम नहीं करता। मैं एक विपक्षी पार्टी के लिए काम करता हूं। मैंने खुद एक ऑप-एड लिखा है... जिसमें कहा गया है कि कड़ा प्रहार करने का समय आ गया है, लेकिन होशियारी से प्रहार करने का। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि भारत ने बिल्कुल यही किया। 9 खास ज्ञात आतंकवादी ठिकानों, मुख्यालयों और लॉन्चपैडों पर बहुत सटीक और कैलिब्रेटेड हमले हुए।



### पाकिस्तान को हमने बहुत मौके दे दिए


शशि थरूर ने न्यूयॉर्क 9/11 मेमोरियल (स्मारक) के बाहर मीडिया से बात करते हुए रखी। मिस्टर थरूर ने कहा कि 9/11 स्मारक का दौरा इस बात की गंभीर याद दिलाता है कि कैसे अमेरिका की तरह भारत भी आतंकवाद का शिकार रहा है। यह स्पष्ट रूप से हमारे लिए एक बहुत ही भावुक क्षण था, लेकिन इसका मतलब एक बहुत मजबूत संदेश देना भी था कि हम यहां एक ऐसे शहर में हैं जो अभी भी हमारे देश में एक और आतंकवादी हमले के बाद उस क्रूर आतंकवादी हमले के निशान को सहन कर रहा है। हम याद दिलाने आए है कि यह एक साझा समस्या है। थरूर ने यहां पाकिस्तान में जड़ जमा चुके आतंकवाद से भी दुनिया को परिचित कराया। उन्होंने कहा, हम अब दृढ़ हैं कि इसके लिए एक नई बॉटम लाइन होनी चाहिए। हमने (पाकिस्तान के साथ) सब कुछ करने की कोशिश की है, इंटरनेशनल डोजियर, शिकायतें, हर चीज की कोशिश की गई है। पाकिस्तान इनकार की स्थिति में रहा है, बिल्कुल कोई दोषसिद्धि नहीं हुई है, कोई गंभीर आपराधिक मुकदमा नहीं चला है, उस देश में आतंकी ढांचे को नष्ट करने का कोई प्रयास नहीं हुआ है, और सुरक्षित पनाहगाह बने हुए हैं।

### उकसावे के बावजूद भारत शांत रहाः ओवैसी

*एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। उन्होंने बहरीन में प्रमुख हस्तियों के साथ बातचीत के दौरान पाकिस्तान को विफल राज्य कहा। बातचीत के दौरान ओवैसी ने कहा, हमारी सरकार ने हमें यहां भेजा है...ताकि दुनिया को पता चले कि भारत पिछले कई सालों से किस खतरे का सामना कर रहा है। दुर्भाग्य से, हमने कई निर्दोष लोगों की जान गंवाई है। यह समस्या केवल पाकिस्तान से उत्पन्न होती है। जब तक पाकिस्तान इन आतंकवादी समूहों को बढ़ावा देना, सहायता करना और प्रायोजित करना बंद नहीं करता, तब तक यह समस्या दूर नहीं होगी। ओवेसी ने कहा कि गंभीर उकसावे के बावजूद भारत ने बार-बार अधिकतम संयम बरता है। पहलगाम हमले को याद करते हुए जिसमें 26 पर्यटक मारे गए थे।*

**खतरनाक माल से लदा था जहाज**

## भारतीय नेवी ने संभाला मोर्चा, पर्यावरण को हो सकता है नुकसान



एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल तट के पास 640 कंटेनर ले जा रहा लाइबेरियाई मालवाहक जहाज एमएससी एल्सा 3 समुद्र में पलटकर डूब गया है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचने की आशंका पैदा हो गई है। हादसे के समय जहाज पर मौजूद तीन अंतिम क्रू सदस्यों को भी भारतीय नौसेना ने बहादुरी से बचा लिया। तटरक्षक बल ने रविवार को एक बयान में कहा, 25 मई की सुबह, एमएससी ईएलएसए 3 तेजी से झुका और पलटकर डूब गया। इससे पहले भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने 24 में से 21 क्रू सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया था। इनमे एक रूसी, 20 फिलीपीनी, दो यूक्रेनी और एक जॉर्जियन नागरिक शामिल हैं।

### दूसरे जहाजों के लिए खतरा बन सकते हैं कंटेनर

*आईएनएस सुजाता नामक भारतीय नौसेना के जहाज ने तीनों बचे हुए क्रू सदस्यों को कठिन परिस्थितियों में बचा लिया। भविष्य में किसी बड़े संकट की संभावना को देखते हुए कोस्ट गार्ड ने चेतावनी दी है कि जहाज से गिरे कंटेनर समुद्र में तैरते हुए दूसरे जहाजों के लिए खतरा बन सकते हैं और ये कंटेनर तट पर भी आ सकते हैं।*

### जहाज में 640 कंटेनर लदे थे

जहाज शुक्रवार को तिरुवनंतपुरम के नजदीक स्थित विझिंजम पोर्ट से रवाना होकर कोच्चि जा रहा था। जहाज की लंबाई 184 मीटर है और इसमें कुल 640 कंटेनर लदे थे, जिनमें से 13 कंटेनर खतरनाक रसायनों से भरे थे।

---

**आतंक की फैक्ट्री पर प्रकृति का कहर**

## आंधी-बारिश से पाकिस्तान में 20 की मौत, अंधेरे में डूबे शहर

**एक विमान एफएल-842 भयानक टर्बुलेंस में फंसा**

एजेंसी ▶▶ लाहौर

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार शाम चली तेज आंधी और भयंकर बारिश ने 20 लोगों की जान ले ली। इसमें करीब 150 लोग भी घायल हो गए। तूफान कितना तेज था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सड़क और एयर ट्रैफिक पूरी तरह से ठप पड़ गए। तूफान में इंफ्रास्ट्रक्चर को तो नुकसान पहुंचाया ही, बल्कि कई इलाकों की बिजली भी गुल हो गई। अधिकारियों ने कहा कि ज्यादातर मौतें जर्जर घरों के ढहने या गिरे हुए बिलबोर्ड के नीचे दबने के कारण हुईं। मरने वाले लोगों में बच्चे भी शामिल हैं।

तेज हवाओं और ओलों का असर पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद और खैबर पख्तूनवा में भी देखने को मिला। फसलों और पावर लाइन को काफी नुकसान पहुंचा। हालांकि यहां से किसी मौत की खबर नहीं आई।



### पोल और पेड़ उखड़े

*भारी बारिश के साथ आए तूफान के कारण कई निचले इलाकों में पानी जमा हो गया और कई जगहों पर पेड़ गिर गए। कराची से लाहौर जा रहा एक निजी एयरलाइन के विमान एफएल-842 को भयानक टर्बुलेंस का सामना करना पड़ा। सोशल मीडिया पर इसके कई वीडियो वायरल हो रहे हैं।*

**महिलाओं पर टूटा दुखों का पहाड़**

## कुवैत ने रातोंरात 26 हजार की छिन गई नागरिकता

एजेंसी ▶▶ कुवैत

कुवैत की सरकार ने रातोंरात हजारों लोगों की नागरिकता रद्द कर दी है। इस लिस्ट में ज्यादातर महिलाएं हैं और यह संख्या 26 हजार तक जा सकती है। सरकार के इस फैसले का नतीजा ये कि लोग सुबह सोकर उठे तो उनका बैंक अकाउंट बंद हो गया।

ऐसे लोगों की सारी सुविधाएं ठप हो गई है। इस बारे में जब कारण पता किया गया तो जानकारी मिली कि उनकी नागरिकता चली गई। बता दें कि मई 2024 में अमीर ने लोकतंत्र को खतरा बताया था और संविधान संशोधन करने की घोषणा कर दी थी। सरकार उन लोगों की नागरिकता ज्यादा रद्द कर रही है, जिन्हें शादी के बाद यहां की नागरिकता मिली थी। इस लिस्ट में वे महिलाएं शामिल हैं, जिन्होंने कुवैत के पुरुषों से शादी करके नागरिकता हासिल की थी।



**रूस ने यूक्रेन पर किया सबसे बड़ा हमला**

## दागे 367 ड्रोन और मिसाइल भीषण तबाही में 13 की मौत

**जेलेंस्की ने डोनाल्ड ट्रंप को बताया जिम्मेदार**

एजेंसी ▶▶ कीव

कैदियों की रिहाई के बीच रूस ने यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस ने यूक्रेन पर 367 ड्रोन और मिसाइल दाग दिए। इस हमले से यूक्रेन में बड़े पैमाने पर तबाही हुई है। यह युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला बताया जा रहा है। जानकारी के मुकाबले हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हुई है जिसमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। वहीं दर्जनों लोग घायल हो गए हैं। यूक्रेन ने दावा किया कि उसकी एयर फोर्स ने रूस के 266 ड्रोन और 45 मिसाइलों को मार गिराया। हालांकि नुकसान को पूरी तरह रोका नहीं जा सका। इस हमले में अपार्टमेंट्स और इमारतों को नुकसान हुआ है। कीव का कहना है कि रूस बलिस्टिक मिसाइल से भी हमला करने में कोताही नहीं बरत रहा है।



### दुनिया की चुप्पी से बढ़ा संकट

*जेलेंस्की ने कहा, अमेरिका और विश्व की चुप्पी व्लादिमीर पुतिन का उत्साहवर्धन कर रही है। रूस यूक्रेन पर आतंकी हमले कर रहा है। क्या यह उसपर प्रतिबंध लगाने के लिए काफी नहीं है? बिना दबाव के कुछ भी बदलने वाला नहीं है। वहीं रूस और उसके सहयोगी पश्चिमी देशों में ऐसे ही तबाही मचाते रहेंगे।*

---

**माओवादियों ने बिजली, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं को ध्वस्त कर दिया था**

## 40 साल तक अंधेरे में रहे ग्रामीणों के घरों में बिजली लौटी तो खुशी से झूम उठे पोलमपाड़ के निवासी

**सुरक्षा बलों के पहुंचने से ग्रामीणों को मिली ताकत**

पोलमपाड़ के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण बन गया, जहां ग्रामीणों ने बिजली आने का जश्न नई उम्मीद के साथ मनाया। वर्षों तक समुदाय बुनियादी सुविधाओं के बिना रहता था, क्योंकि माओवादियों ने बिजली की लाइनें, सड़कें नष्ट कर दी थीं और विकास तक पहुंच को काट दिया था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सुकमा िजले का पोलमपाड़ गांव में चार दशक बाद फिर से बिजली पहुंची तो स्थानीय लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यह गांव सुकमा जिले में पड़ता है।

इस माओवाद प्रभावित क्षेत्र में 40 साल में पहली बार बिजली लौटी है। पोलमपाड़ के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण बन गया, जहां ग्रामीणों ने बिजली आने का जश्न नई उम्मीद के साथ मनाया। वर्षों तक समुदाय बुनियादी सुविधाओं के बिना रहता था, क्योंकि माओवादियों ने बिजली की लाइनें, सड़कें नष्ट कर दी थीं और विकास तक पहुंच को काट दिया था। 2024 में यह स्थिति बदल गई। जब नजदीक में सीआरपीएफ कैंप स्थापित किया गया। जिससे सुरक्षा सुनिश्चित हुई और सरकार को लंबे समय से लंबित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को फिर से शुरू करने में मदद मिली।



**माओवादियों का चलता था एक छत्र राज**

### ग्रामीणों में बढ़ा सरकार पर भरोसा, दिख रहा उत्साह

सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने कहा कि इससे विकास के द्वार खुलेंगे। सीआरपीएफ के आने के बाद बिजली, सड़क और अन्य सेवाएं आखिरकार बहाल हो गईं। चव्हाण ने कहा कि करीब 40 साल बाद बिजली आई है। सीआरपीएफ ने 2024 में गांव के पास अपना कैंप लगाया और बिजली बहाल की। इस इलाके में बहुत से गांवों में बिजली थी, लेकिन नक्सलियों ने बहुत से गांवों की बिजली कनेक्शन नष्ट कर दी। उन्होंने सड़कें भी नष्ट कर दीं। लेकिन सीआरपीएफ कैंप स्थापित होने के बाद बिजली, सड़कें और अन्य सुविधाएं बहाल हो गईं। एक स्थानीय निवासी ने एएनआई को बताया कि हमें कल बिजली मिल गई और हम बहुत खुश हैं।

### ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर हादसा

**देहरादून।** ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। पंतगांव के पास नोएडा के यात्रियों की एक कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। कार के पलटते ही चीख पुकार मच गई। गनीमत रही कि कार खाई की तरफ नहीं गिरी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। परिवार के लोग सुरक्षित हैं। थानाध्यक्ष महिपाल सिंह रावत के अनुसार, नोएडा निवासी अनुभव प्रसाद डिमरी पुत्र वीरेंद्र प्रसाद अपनी पत्नी और बच्चों के साथ श्रीकोट गंगानली, श्रीनगर की ओर आ रहे थे। पंतगांव के पास ड्राइवर अनुभव को अचानक झपकी आ गई, जिसके बाद उन्होंने हैंडब्रेक खींच लिया। इससे कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई।

**इंडोनेशिया और चीन ने की टैरिफ पर चर्चा**

## मलयेशिया ने कहा- हम सबको एकजुट होने की है जरूरत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने रविवार को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से मुलाकात की और अमेरिका के वैश्विक व्यापार युद्ध तथा आर्थिक वैश्वीकरण के समक्ष चुनौतियों के दौरान व्यापार और निवेश बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। ली दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था इंडोनेशिया की तीन दिवसीय यात्रा पर शनिवार दोपहर को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंचे। यह इस साल उनकी पहली विदेश यात्रा का पहला पड़ाव था। इंडोनेशिया और चीन 20 प्रमुख विकासशील देशों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं व ब्रिक्स के सदस्य देश हैं। ली रविवार शाम को इंडोनेशिया-चीन व्यापार स्वागत समारोह में अपने संबोधन के लिए 60 प्रमुख चीनी व्यवसायियों को अपने साथ लाए। उन्होंने जोर दिया कि बाहरी चुनौतियों के बावजूद चीन की अर्थव्यवस्था ने इस साल तेजी से विकास हासिल किया है।





# तबादलों से माननीयों को परहेज

## बंगले के बाहर लागाया बोर्ड- तबादलों के लिए न करें संपर्क

जबलपुर।

मप्र में सरकारी अधिकारियों-कर्मचरियों के लिए इस समय तबादलों का सीजन चल रहा है। इस कारण सांसद और प्रदेश सरकार के मंत्री अपने यहां ट्रांसफर के लिए आने वाले आवेदकों से परेशान हैं। परेशान इतने है कि अपने बंगलों पर जगह-जगह पम्पलेट लगा दिए हैं- ट्रांसफर के लिए संपर्क ना करें... ऑनलाइन आवेदन करें। वहीं सुनवाई नहीं होने से कर्मचारी भी परेशान हैं...। भोपाल के चार इमली और 74 बंगले इलाके में जब कोई मंत्री का बंगला पास से गुजरता है, तो दरवाजों और दीवारों पर ये पोस्टर दिख जाते हैं। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार समेत कई मंत्रियों ने ये नोटिस लगवा दिए हैं। लेकिन दूसरी तरफ, दूर-दूर से कर्मचारी भोपाल आकर सुबह से शाम तक बाहर खड़े रहते हैं। कारण ये कि वे मंत्री से मिलकर ट्रांसफर की अर्जी देना चाहते हैं, लेकिन मिलने का मौका ही नहीं मिल रहा।

सरकार कहती है कि ट्रांसफर प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है, लेकिन कर्मचारियों को भरोसा नहीं है। उनका कहना है कि जब तक मंत्री जी से मिलकर बात नहीं होगी, तब तक ट्रांसफर आगे नहीं बढ़ेगा। यही वजह है कि ऑफलाइन कॉपी लेकर मंत्री बंगलों के बाहर लाइन लगी रहती है। कई कर्मचारी सुबह-सुबह पहुंचते हैं और देर शाम तक वहीं इंतजार करते हैं। मंत्री और अफसरों की ओर से कहा जा रहा है कि अब सबकुछ ऑनलाइन होगा, कोई ऑफलाइन सुनवाई नहीं होगी। लेकिन कर्मचारी कहते हैं कि जब वेबसाइट ठीक से काम नहीं कर रही है और कोई सुनवाई नहीं हो रही, तो




आखिर कहां जाएं? ट्रांसफर की उम्मीद लेकर लोग गांव-गांव से भोपाल आ रहे हैं, लेकिन बंगलों के बाहर सिर्फ पम्पलेट मिल रहे हैं, मंत्री नहीं।

### डिप्टी सीएम से स्वास्थ्य मंत्री तक...परेशान

दरअसल, मप्र में माननीय इन दिनों उन कर्मचारियों से परेशान हैं, जो चौखट पर ट्रांसफर की अर्जी लेकर पहुंच रहे हैं। वहीं परेशान मंत्री जी ने अपने स्टाफ से पूरे बंगले पर पम्पलेट चिपकवा दिए हैं। ट्रांसफर वालों से वो मिलना ही नहीं चाहते... चार इमली से लेकर 74 बंगलों में बैठने वाले मप्र के डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के साथ कई कैबिनेट मंत्रियों के बंगलों पर इस तरह के प्रिंटआउट लगा दिए गए हैं। गौरतलब है कि, मप्र में तबादलों के लिए 1 मई से 30 मई तक का समय निर्धारित किया गया है। 3 साल बाद तबादलों से छूट मिली तो तबादला आवेदनों की संख्या भी तय सीमा से अधिक पहुंच गई है। तबादलों की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है, लेकिन लोगों का मानना है कि ऑफलाइन अनुमति के बिना काम नहीं हो पाएगा। यही कारण है कि आवेदक ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद भी एप्लिकेशन की कॉपी लेकर मंत्रियों के बंगलों पर पहुंच रहे। आवेदक सांसदों तक गुहार लगा रहे हैं। दरअसल, मध्य प्रदेश में इन दिनों मंत्रियों के पास कर्मचारी अपने मनपसंद और सहूलियत वाली जगह ट्रांसफर की अर्जी लेकर पहुंच रहे हैं। इनसे परेशान होकर मंत्रियों ने अपने स्टाफ से पूरे बंगले की बाहरी दीवारों और गेट पर पर पम्पलेट चिपकवा दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, तबादलों की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और डिजिटल तरीके से हो रही है, लेकिन लोगों का मानना है कि, मंत्री जी से ऑफलाइन मिले बिना काम नहीं हो पाएगा या काम बीच में अटक जाएगा, इसलिए सुबह से ही मंत्री जी से मिलने के लिए कर्मचारियों की लाइन लग जाती थी। इससे परेशान होकर ही मध्य प्रदेश के मंत्रियों ने यह पोस्टर लगाए हैं। मप्र में तबादला नीति लागू होना मानो जनप्रतिनिधियों के लिए आफत बन गया हो। उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया ने अपने कार्यालय के बाहर एक पम्पलेट चस्पा किया है। पम्पलेट पर लिखा है कि कृपया स्थानांतरण के लिए संपर्क न करें. सांसद ने इसके साथ शस्त्र लाइसेंस के लिए संपर्क न करने का भी एक सूचना चस्पा करवाई है। वर्ष 2025 में तबादला के लिए शासन द्वारा जारी नई पालिसी में 30 मई तक का समय तय हुआ है, जिसमें विभाग अपने कर्मचारियों के ट्रांसफर कर सकेंगे। इसके बाद सामान्य तौर पर होने वाले और विशेष परिस्थितियों में होने वाले ट्रांसफर ही होंगे। बस इसी तय तारीख के चलते दफ्तर में लगी कतार के बाद परेशान होकर सांसद ने दो सूचना चस्पा कार्रवाई है।

# आगे बढ़ेगी तबादला नीति की मियाद!

## ज्यादातर विभाग जारी नहीं कर पाए सूची

**जबलपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा हटाए गए तबादलों से प्रतिबंध की मियाद 31 मई को खत्म होने जा रही है। इस बीच ज्यादातर विभाग तबादला सूची जारी नहीं कर पाए हैं। जिलों में तो अभी तबादले शुरू ही नहीं हुए हैं। ऐसे में तबादला नीति को आगे बढ़ाया जा सकता है। इसकी वजह यह बताई जा रही है कि नीति लागू करते समय सरकार ने सीमा पर तनाव के चलते प्रदेश में हाईअलर्ट जारी कर दिया था। साथ ही 13 विभागों में अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया था। अब ज्यादातर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 31 मई को प्रस्तावित दौरे की तैयारियों में व्यस्त हैं। इस वजह से तबादला सूची तैयार नहीं हो पाई हैं। ऐसे में मंत्री तबादला नीति की अवधि बढ़ाने की मांग कर सकते हैं। जिसके तहत 7 दिन या फिर 15 जून तक प्रतिबंध अवधि बढ़ाई जा सकती है।

दरअसल, प्रदेश में तबादले को लेकर मारामारी देखने को मिल रही है। शिक्षा, राजस्व और स्वास्थ्य विभाग में सबसे अधिक आवेदन आए है। अब तक डेढ़ लाख से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। जबकि सिर्फ 50 हजार ट्रांसफर होना है। ऐसे में तबादलों की तारीख को आगे बढ़ाया जा सकता है। प्रदेश में नई तबादला नीति के मुताबिक, 31 मई तक ट्रांसफर होंगे। 1 मई से 24 मई के बीच 1.5 लाख से ज्यादा आवेदन आए हैं, जिनमें 50 हजार होना है। इसकी वजह पिछले तीन सालों से ट्रांसफर पर प्रतिबंध था। सबसे ज्यादा ट्रांसफर की मारामारी स्कूल शिक्षा विभाग में है, जहां 35 हजार आवेदन आए हैं। राजस्व में 8 हजार और स्वास्थ्य में 4 हजार से ज्यादा तबादलों के आवेदन आए हैं। इन सबके बीच सरकार तबादलों की तारीख एक सप्ताह तक बढ़ाने पर भी विचार कर रही है। कुछ विभागों को छोड़ दिया जाए तो ज्यादातर विभाग एक भी तबादला नहीं कर पाए हैं। मई के शुरूआत में भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव के चलते सरकार नागरिक सुरक्षा की तैयारियों में जुटी थी। हालात सामान्य होने के बाद विभागों में तबादलों के आवेदनों पर काम किया। स्कूल शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग में तबादलों के लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया। ऑनलाइन आवेदनों की स्क्रूटनी हो रही है। गृह विभाग के अनुसार मप्र पुलिस में फिलहाल कोई थोकबंद तबादले नहीं होंगे। पुलिस में मैदानी अधिकारियों की छुट्टियों पर अभी भी प्रतिबंध है।

**15 जून तक हट सकता है प्रतिबंध**

सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार तबादला नीति के अनुसार 31 मई तक विभागों को तबादले करना है। विभाग यदि समय सीमा

# पीएमपी चिकित्सा एसो. व मानव अधिकार अपराध नियंत्रण ने दी सैनिकों को बधाई

जबलपुर।

पीएमपी चिकित्सा एसोसिएशन एवं मानव अधिकार अपराध नियंत्रण द्वारा "शौर्य का सम्मान" कार्यक्रम आयोजित कर सैनिकों को ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने की बधाई दी गई। विधायक अशोक रोहाणी के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में बताया गया 22 अप्रैल 2025 को आतंकवादियों द्वारा 28 निर्दोष लोगों की जान ली गई जिसका जवाब भारत सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान को मुँह तोड़ जवाब दिया गया। भारत ने पानी रोककर और 9 आतंकी ठिकाने नष्ट कर पाकिस्तान को झुकने मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में डॉ. आरसी गुप्ता (अध्यक्ष PMP), डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन जबलपुर), संजय जैन, एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. कमल विश्वास, एड. भावना निगम, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. अभिजीत जैन, डॉ. आशीष डेंगरा, डॉ. सरिता साहू, डॉ. चंद्रेश जैन, डॉ. मुकेश पांडे, डॉ. शशिकांत साहू, डॉ. आरके मिश्रा, डॉ. अनंत वर्मा, डॉ. एसके मिश्रा, डॉ. मकशूद चिस्ती, डॉ. नीरज जैन सहित सैकड़ों की संख्या में डॉक्टर उपस्थित हुए।



## अब एक जिले में पदस्थ कर्मचारी दूसरे जिले में अटैचमेंट लेकर नहीं कर सकेंगे काम

**जबलपुर।** परिवहन विभाग द्वारा एक जिला कार्यालय में पदस्थापना प्राप्त कर्मचारियों का दूसरे जिले में प्रतिनियुक्ति पर काम करने पर पूरी तरह रोक लगा दी है, साथ ही ऐसे सभी कर्मचारियों को तुरंत मूल कार्यालय में काम पर लौटने के आदेश दिए हैं, साथ ही कहा है कि अगर आदेश का पालन नहीं किया जाता है तो ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से परिवहन विभाग के सचिव मनीष सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि यह देखने में आया है कि विभाग के जिला स्तरीय कार्यालयों में अन्य जिले के कार्यालयों से कर्मचारी संलग्न होकर कार्यरत है। जिस कारण से कर्मचारियों की कमी के कारण मूल कार्यालय का कार्य प्रभावित होता है और आम जनता को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

# बच्चों में आत्म-विश्वास और आत्म-सम्मान बढ़ाने आवश्यक हैं समर कैंप : बीके भावना

## पंच दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

**जबलपुर।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शिव स्मति भवन (नेपियर टाउन) के सभागार में बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें राजयोग मेडिटेशन पर मुख्य रूप से ध्यान दिया गया, जिससे उन्हें मानसिक शांति और स्थिरता प्रदान की जा सके। कैंप में बच्चों को पेंटिंग, डांसिंग, सिंगिंग, एक्टिंग और राइटिंग जैसी विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लेने का अवसर भी दिया जाता है। बीके वर्षा ने बताया कि राजयोग मेडिटेशन के बच्चों के जीवन में कितने फायदे हैं, जिसमें तनाव कम करना, राजयोग, ध्यान तनाव और चिंता को कम करने तथा बच्चों को अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद मिलती है। भावनाओं का नियंत्रण- ये ध्यान भावनाओं को नियंत्रित करने और मानसिक स्थिरता बढ़ाने में मदद करती है, जिससे बच्चों को अपने लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिलती है। राजयोग ध्यान से ध्यान और केंद्रिता बढ़ती है, जिसे बच्चों को अपनी पढ़ाई और अन्य कार्यों में सकारात्मक परिणाम मिलता है। समर कैंप की विशेषतायें- विभिन्न प्रतियोगिताएं, पेंटिंग, नृत्य, गायन, अभिनय और लेखन में भाग लेने का अवसर मिला, मानसिक शांति और स्थिरता प्रदान करने के लिए राजयोग ध्यान का अभ्यास कराया गया, बच्चों में आत्म-विश्वास और आत्म-सम्मान बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किये गए।राजयोगिनी बीके भावना ने कहा कि इस प्रकार के समर कैंप में बच्चों को न केवल मानसिक शांति और स्थिरता प्रदान की जाती है, बल्कि उन्हें अपने कौशल को विकसित करने और अपने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए भी प्रेरित किया जाता है।





## भूकंप की बरसी पर अभा कायस्थ महासभा की प्रार्थना सभा संपन्न

**जबलपुर।** भूकंप की 28वीं बरसी पर 22 मई 2025 को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में मढ़ाताल स्थित स्मृति स्थल पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया एवं दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। अखिल भारतीय महासभा के इस आयोजन में समाज के प्रदेश अध्यक्ष केके श्रीवास्तव एवं जिला अध्यक्ष प्रणीत वर्मा ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए यह बताया कि 28 वर्ष से निरंतर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा यहां पर प्रार्थना सभा का आयोजन करती आ रही है, इस प्रार्थना सभा में रत्ना श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, डॉ. आशीष श्रीवास्तव, शशि खरे, राजेंद्र व्योहार, संतोष श्रीवास्तव, श्चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, प्रकाश खरे, सचिन खरे सहित बड़ी संख्या में समाज सेवी मौजूद रहे।

# नगर पालिक निगम की आईईसी टीम ने किया पौधारोपण

**जबलपुर।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पालिक निगम जबलपुर की आईइसी टीम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के संदर्भ में ट्रिपल आईटी डी.एम., डुमना परिसर में एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 1 मप्र Armd और एनसीसी जबलपुर की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में कर्नल ए.पी. सिंह, जॉइंट कर्नल सत्य प्रकाश सिंह, एन.सी.ओ. भारत सिंह, एस.आर.एम. डी. राना मार्कण्डेय, सी.टी.ओ. भावना पांडे, डी.एन.ओ. विजय राघव, D/M साहिल सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर नवज्योति नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र के संचालक हेमंत सोलंकी द्वारा एनसीसी कैडेट्स को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूक किया गया। उन्होंने छात्रों को स्वच्छता बनाए रखने, नशामुक्त जीवन शैली अपनाने तथा परिसर को स्वच्छ और हरित बनाए रखने का संकल्प दिलाया। साथ ही, समस्त छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इस अभियान का उद्देश्य केवल पौधारोपण करना नहीं था, बल्कि स्वच्छता के प्रति सामाजिक चेतना को बढ़ावा देना भी था। सभी प्रतिभागियों ने जबलपुर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने और स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में अग्रणी स्थान दिलाने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। नगर पालिक निगम जबलपुर द्वारा इस प्रकार की जन-जागरूकता गतिविधियां भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगी, जिससे जबलपुर स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल शहर के रूप में विकसित हो सके।



# सरकारी कर्मचारी अब निजी अस्पताल में करा सकेंगे इलाज

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश सरकार ने शासकीय कर्मचारियों और उनके आश्रितों के लिए इलाज को और अधिक सुलभ और रियायती बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। अब प्रदेश के 50 से अधिक निजी अस्पतालों को मनोनीत सूचीबद्ध अस्पताल घोषित किया गया है। यहां सरकारी कर्मचारी सीजीएचएस (सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम) की पैकेज दरों पर उपचार ले सकेंगे।लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, इन अस्पतालों में रजिस्ट्रेशन से लेकर ऑपरेशन, दवाएं, जांच, आईसीयू, डॉक्टर फीस, फिजियोथेरेपी और नर्सिंग सेवाएं तक सभी शुल्क पैकेज में शामिल होंगे। अस्पतालों को अलग से दवा या उपकरण बेचने की अनुमति नहीं होगी। इलाज के बाद कर्मचारी को शासन द्वारा तय प्रारूप में बिल देना अनिवार्य होगा। इस सूची में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, शाजापुर, कटनी, हरदा, बैतूल, विदिशा, होशंगाबाद जैसे शहरों के प्रतिष्ठित अस्पताल शामिल हैं।

### इन सेवाओं का मिलेगा लाभ

जनरल मेडिसिन, सर्जरी, कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, न्यूरोसर्जरी, यूरोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी, रेडिएशन और मेडिकल ऑन्कोलॉजी, पीडियाट्रिक सर्जरी, स्त्री-रोग, ईएनटी, दंत शल्य चिकित्सा, कार्डियोथोरेसिक सर्जरी, पॉलिट्रोमा और डायलिसिस जैसी सेवाएं अस्पतालों में उपलब्ध होंगी।सरकार ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई अस्पताल सीजीएचएस दर से अधिक शुल्क वसूलता है या सेवा मानक में कमी पाई जाती है, तो उसकी मान्यता बिना सूचना के तत्काल रद्द कर दी जाएगी।

# विभागों की आर्थिक स्थिति का होगा आकलन

## बैंक खातों में जमा राशि का वित्त विभाग ने मांगा हिसाब-किताब

जबलपुर।

मप्र में सरकार विभागों की आर्थिक स्थिति का आकलन करेगी। इसके लिए प्रदेश सरकार के अलग-अलग विभागों की ओर से बैंकों में कितनी राशि जमा करके रखी गई है। इसकी जानकारी राज्य शासन ने विभाग प्रमुखों से मांगी है। सरकार ने यह जानकारी विभागों से 31 मार्च 2025 की स्थिति में मांगी है। इसलिए तीन दिन के भीतर फाइनेंसियल डिटेल भेजी जाए। इसके बाद विभागों के वित्तीय सलाहकारों और वित्त अधिकारियों के साथ वित्त विभाग द्वारा समीक्षा बैठक बुलाई जाएगी। इसके साथ ही कहा है कि सरकार द्वारा बजट में प्रस्तावित नई योजनाओं पर लिए गए नीतिगत फैसलों के चलते भविष्य में कितने फंड की जरूरत होगी, इसकी भी जानकारी दी जाए। इसके साथ ही सरकार द्वारा लोन और एडवांस के बारे में भी विस्तार से जानकारी देने के लिए कहा गया है। वित्त विभाग ने कहा है कि सभी विभाग यह ब्यौरा जल्द से जल्द भेजें ताकि इसकी रिपोर्ट सरकार के साथ ऑडिटर जनरल को भी भेजी जा सके। संचालक बजट ने सभी विभागों के बजट नियंत्रण अधिकारी, एसीएस, प्रमुख सचिव, सचिव व विभागाध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा है कि वर्ष 2024-25 में हुए खर्च और अन्य जानकारी देने के लिए पूर्व में भी विभागों को निर्देश जारी किए गए थे और इसके लिए 2 मई तक की छूट भी दी गई थी लेकिन विभागों की ओर से जानकारी आना बाकी है। सरकार ने यह जानकारी विभागों से 31 मार्च 2025 की स्थिति में मांगी है। इसलिए तीन दिन के भीतर फाइनेंसियल डिटेल भेजी जाए। इसके बाद विभागों के वित्तीय सलाहकारों और वित्त अधिकारियों के साथ वित्त विभाग द्वारा समीक्षा बैठक बुलाई जाएगी।

### ऑडिटर जनरल भी मांग चुके हैं जानकारी

गौरतलब है कि सरकार के कामकाज के हिसाब की गलतियां पकडऩे और उसमें सुधार कराने की जिम्मेदारी निभाने वाले महालेखाकार भी इस तरह की जानकारी राज्य सरकार से मांग चुके हैं। ऑडिटर जनरल द्वारा 31 मार्च की स्थिति में पहले अप्रैल में ही जानकारी देने को कहा गया था लेकिन विभागों की ओर से ब्यौरा नहीं मिला तो इसकी टाइम लिमिट बढ़ाकर 2 मई कर दी। इसके बाद भी अभी तक विभाग जानकारी नहीं दे सके हैं।

### यह प्रमुख जानकारी देना जरूरी

ऑफबजट लायबिलिटीज, अनपेड बिलों की लायबिलिटीज, फंड आपरेटेड आउटसाइड गवर्नमेंट अकाउंट्स, विभागों की बैंकों में जमा राशि, पंचायत राज संस्थाओं को दिए गए ग्रांट पर बकाया, पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप में निवेश की राशि का ब्यौरा, बजट में प्रस्तावित नई योजनाओं पर लिए गए नीतिगत फैसलों के चलते भविष्य में कितने फंड की जरूरत, सिंचाई परियोजनाओं पर हुए खर्च की स्थिति कितना भुगतान हुआ कितना होना बाकी, बिजली योजनाओं पर हुए खर्च का ब्यौरा, अपूर्ण कार्यों की सूची और होने वाला खर्च, सरकार द्वारा विभिन्न विभागों को कितना अनुदान दिया गया, रिजर्व फंड की स्थिति। पिछले वित्त वर्ष में दिए गए लोन और एडवांस की डिटेल, लोन और एडवांस की ऋणी समूहवार और क्षेत्रवार जानकारी, निगम मंडल, कम्पनियों, सहकारी संस्थाओं को सरकार द्वारा कितना लोन दिया गया, पिछले सालों में हुए खर्च और उसके समायोजन की पूरी रिपोर्ट, सरकार ने अनुदान किस काम के लिए दिया? इसकी डिटेल रिपोर्ट, जिन खातों को बंद किया गया है।

# समर कैम्प ले रहे शिक्षकों को अर्जित अवकाश का लाभ दिया जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मॉर्टिन ने बताया कि पूरे प्रदेश में ग्रीष्म अवकाश के दौरान शिक्षा विभाग में कार्य कर रहे लोकसेवकों को अर्जित अवकाश का लाभ दिए जाने हेतु शिक्षा विभाग में प्रत्येक जिला शिक्षा अधिकारी को आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय का आदेश जारी किया जाना चाहिए, की ग्रीष्म अवकाश के दरम्यान कार्य कर रहे या समर कैम्प ले रहे शिक्षकों/लोकसेवकों को तत्काल प्रभाव से अर्जित अवकाश का लाभ दिया जाए, क्योंकि जहां एक तरफ शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश को कटौती कर सिर्फ एक माह कर दिया गया है उसमें भी आदेश जारी कर समर कैम्प लगाने या अन्य किसी भी प्रकार के प्रशिक्षण में ड्यूटी लगायी जाती है, तो शिक्षकों को भी अन्य विभाग में कार्यरत लोकसेवकों के समान अर्जित अवकाश का लाभ दिया जाना चाहिए।संगठन के रॉबर्ट मार्टिन, शहीर मुमताज़, राजेश सहारिया, एनोस विक्टर, धनराज पिल्ले, राम प्रसाद दुबे, रऊफ खान, गुडविन चार्ल्स, मक़सूद अहमद अंसारी, संतोष श्रीवास्तव, राजकुमार यादव, रिंकू पीटर, राजेश सिंह ठाकुर, आशीष कोरी, मक़सूद कादरी आदि ने आयुक्त लोकशिक्षण संचालनालय से मांग की है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान कार्य कर रहे/ समर कैम्प ले रहे शिक्षकों को अर्जित अवकाश का लाभ अन्य विभागों में कार्य कर रहे लोकसेवकों के समान दिया जाए।

### महर्षि ब्रह्मश्री बावरा नर्मदा विद्यापीठ गौरीघाट में बच्चे सीख रहे हॉकी की बारीकियां

**जबलपुर।** गुरुदेव विशवात्मा बावरा महाराज के आशीर्वाद से ज्ञानेश्वरी दीदी एवं मैत्रेयी दीदी के कुशल मार्गदर्शन व जबलपुर के जाने-माने अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अखिलेश गुमास्ता के विशेष सहयोग से नर्मदा नदी के तट पर विराट हॉकी अकादमी की नींव रखी गई जिसमें ब्रह्मर्षि बावरा नर्मदा विद्यापीठ में खेल युवक कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सी.से. स्कूल, ग्वारीघाट स्थित छात्र-छात्राओं को एवं आसपास रहने वाले बच्चों के लिए निःशुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 01.05.2025 से नियमित रूप से जारी है जिसमें पांच वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक के बच्चों को राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं मध्य प्रदेश हॉकी संघ के पूर्व प्रशिक्षक गणेश श्रीवास्तव एवं गजेंद्र मेहरोलिया के द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है, साथ ही शिविर में आने वाले बच्चों के लिये हॉकी, बॉल, किट एवं स्वल्पाहार की सुविधा भी रखी गई है।

**नाम सुधार**

सर्व सामान्य को सूचित किया जाता है मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम PUSHPENDRA SINGH एवं मेरे पिता जी का नाम BHUPENDRA SINGH लिखा है एवं कुछ अन्य शासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम PUSHPENDRA SINGH THAKUR एवं मेरे पिता जी का नाम THAKUR BHUPENDRA SINGH लिखा है। इस सूचना पश्चात मुझेPUSHPENDRA SINGH THAKUR एवं मेरे पिता का नाम BHUPENDRA SINGH THAKUR पताः- H. No. 2764 FLAT No.2 SECOND FLOOR NIKITA COMPLEX, NAGRATH CHOWK NORTH CIVIL LINES, NAPIER TOWN, JABALPUR पढ़ा लिखा एवं समझा जावे, क्योंकि उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही हैं

पुष्पेन्द्र सिंह ठाकुर

**नाम सुधार सूचना**

सर्व सामान्य को सूचित किया जाता है मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम JULEE JAT और कुछ अन्य शासकीय दस्तवेजों में मेरा नाम JULI THAKUR एवं मेरे पिता जी का नाम VIJYENDRA JAT और कुछ में VIJYENDRA SINGH लिखा हैं। कुछ दस्तावेजों में मेरे पति का नाम PUSHPENDRA SINGH THAKUR लिखा है। कुछ दस्तावेजों में मेरे नाम की स्पैलिंगJULI और कुछमें JULEE लिखा है। इस इस सूचना पश्चात मुझे JULEE THAKUR एवं मेरे पति का नाम PUSHPENDRA SINGH THAKUR एवं मेरे पिता का नाम VIJYENDRA SINGH / JAT पताः- H. No. 2764 FLAT No.2 SECOND FLOOR NIKITA COMPLEX, NAGRATH CHOWK NORTH CIVIL LINES, NAPIER TOWN, JABALPUR पढ़ा लिखा एवं समझा जावे, क्योंकि उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही हैं।

जूली ठाकुर

# एफसीआई और केंद्रीय भंडारण निगम के गोदाम होंगे हाईटेक

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और केंद्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी) के मौजूदा गोदामों के इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करने के लिए सरकार लगभग 1,280 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने, दक्षता में सुधार करने और रिसाव को रोकने के लिए नवीनतम तकनीकों का उपयोग कर रही है। समग्र उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन की दुकानों के माध्यम से 80 करोड़ से अधिक लोगों को गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न की आपूर्ति करना है। वर्तमान में मध्यप्रदेश सहित देशभर में 2,278 गोदाम हैं, जिनमें स्वामित्व वाले और किराये पर लिए गए गोदाम शामिल हैं। भारतीय खाद्य निगम अपने गोदामों के इंफ्रा के अपग्रेडेशन पर 1,000 करोड़ रुपए और सीडब्ल्यूसी 280 करोड़ रुपए का निवेश करेगा। इससे अलग-अलग स्तर पर घाटे को कम करके एफसीआई और सीडब्ल्यूसी दोनों को भारी बचत करने में मदद मिलेगी। केंद्र इन गोदामों में टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए ये निवेश करेगा। सरकार किसी भी आपात स्थिति के दौरान खाद्यान्न के भंडारण और वितरण के लिए पूरी तरह तैयार है। सरकार के गोदामों में चावल और गेहूं का पर्याप्त स्टॉक है और खाद्य मुद्रास्फीति भी नियंत्रण में है। इसके अलावा सहकारिता मंत्रालय 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश से 700 लाख टन भंडारण क्षमता बना रहा है।

## सरकार ने 290 लाख टन गेहूं खरीदा, कुल खरीदी 320-325 लाख टन होने की उम्मीद





**1,280 करोड़ रुपए खर्च करेगी सरकार**

सरकार ने इस साल अब तक 290 लाख टन से अधिक गेहूं खरीदा है और रिकॉर्ड उत्पादन के चलते यह आंकड़ा 320-325 लाख टन तक भी पहुंच सकता है। मार्केटिंग ईयर 2024-25 (अप्रैल-मार्च) में कुल गेहूं खरीद 265.9 लाख टन रही। ज्यादातर खरीद अप्रैल-जून की अवधि के दौरान होती है। जानकारी के अनुसार अब तक 290 लाख टन से अधिक गेहूं का उपार्जन हो चुका है। खरीदी अभियान अभी भी जारी है और 320-325 लाख टन के आंकड़ा तक पहुंच सकता हैं। सरकार ने मार्केटिंग ईयर 2025-26 के लिए 312 लाख टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा है। भारत में फसल वर्ष 2024-25 (जुलाई-जून) में 11.53 करोड़ टन गेहूं की रिकॉर्ड फसल होने का अनुमान है। एफसीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि गेहूं खरीदने वाले सभी पांच प्रमुख राज्यों- पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश- ने पिछले साल की तुलना में चालू वर्ष में अधिक गेहूं खरीदा है। इस दौरान 16 मई तक पंजाब ने 1.16 करोड़ टन, मध्य प्रदेश ने 74 लाख टन, हरियाणा ने 70.1 लाख टन और राजस्थान ने 16.4 लाख टन गेहूं खरीदा है। आंकड़ों से पता चलता है कि लगभग 62,346.23 करोड़ रुपए का न्यूनतम समर्थन मूल्य भुगतान किया गया है, जिससे 22.7 लाख किसानों को लाभ हुआ है. मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में गेहूं की कटाई पूरी तरह से समाप्त हो चुका है, जबकि पंजाब, उत्तर प्रदेश और बिहार में आंशिक कटाई अभी बाकी है।

### मध्यप्रदेश में 77.75 लाख टन गेहूं का हुआ उपार्जन

# अब तक एफसीआई और सहयोगी एजेंसियों ने खरीदा 297.24 लाख टन से अधिक गेहूं



भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) तथा उसकी सहयोगी एजेंसियों द्वारा वर्तमान रबी मार्केटिंग सीजन के दौरान अब तक मध्यप्रदेश सहित राष्ट्रीय स्तर पर किसानों से कुल 297.24 लाख टन से कुछ अधिक गेहूं खरीदा गया, जो पिछले साल की इसी तिथि तक की कुल खरीद 261.92 लाख टन से काफी अधिक रहा। चालू वर्ष के दौरान गेहूं की कुल खरीद में भारतीय खाद्य निगम का योगदान महज 17.40 लाख टन रहा, जबकि शेष 279.84 लाख टन गेहूं एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 2025 में रबी मार्केटिंग सीजन के दौरान सरकारी एजेंसियों द्वारा 22 मई तक पंजाब में 119.24 लाख टन, हरियाणा में 71.43 लाख टन, उत्तर प्रदेश में 10.18 लाख टन, मध्य प्रदेश में 77.75 लाख टन, बिहार में 18 हजार टन, राजस्थान में 18.30 लाख टन, उत्तराखंड में 515 टन, चंडीगढ़ (केन्द्र शासित प्रदेश) में 9065 टन, गुजरात में 3441 टन तथा हिमाचल प्रदेश में 2987 टन गेहूं खरीदा गया जबकि दिल्ली एवं जम्मू कश्मीर में इसकी कोई खरीद नहीं हुए। चालू वर्ष के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर कुल मिलाकर 392.93 लाख टन गेहूं की आवक हुई जिसमें से सरकारी एजेंसियों को 297.24 लाख टन की खरीद करने में सफलता मिली। इसका मतलब यह हुआ कि फ्लोर मिलर्स, प्रोसेसर्स, छोटे-बड़े व्यापारी, स्टॉकिस्ट एवं अन्य प्रतिष्ठान द्वारा भी भारी मात्रा में गेहूं की खरीद की गई। इससे घरेलू बाजार में आपूर्ति एवं उपलब्धता की स्थिति सुगम रह सकती है।

### *विभिन्न मंडियों में आ चुका है 393 लाख टन का स्टॉक*

*सरकारी तौर पर गेहूं का घरेलू उत्पादन 1154.30 लाख टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने का अनुमान लगाया गया है जिसमें से करीब 393 लाख टन का स्टॉक विभिन्न मंडियों में आ चुका है। इससे संकेत मिलता है कि उत्पादकों के पास भी इसका विशाल स्टॉक बचा हुआ है। आगामी महीनों में इस स्टॉक का कुछ भाग मंडियों में नियमित रूप से आता रहेगा। गेहूं की सरकारी खरीद अंतिम चरण में पहुंच गई है और आगे इसकी मात्रा में कोई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी होने की संभावना नहीं है क्योंकि मंडी भाव एक बार फिर मजबूत होने लगा है। सरकार के पास गेहूं का अच्छा खासा स्टॉक उपलब्ध हो गया है।*

### इंडियन ऑयल का टीबी उन्मूलन में बड़ा योगदान राज्य सरकार ने किया सम्मानित

# आईओसी ने 100 पोर्टेबल मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक मशीनें और 52 हैंडहेल्ड एक्स-रे डिवाइस कराए उपलब्ध

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य में तपेदिक (टीबी) उन्मूलन के प्रयासों में इंडियन ऑयल के अहम योगदान को मान्यता दी है। राजधानी में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंडियन ऑयल को सम्मानित किया। इंडियन ऑयल ने राज्य सरकार के राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को सशक्त बनाने के लिए 100 पोर्टेबल मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक मशीनें और 52 हैंडहेल्ड एक्स-रे डिवाइस उपलब्ध कराए हैं, जिससे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में त्वरित और सटीक जांच संभव हो पाई है। इंडियन ऑयल की ओर से पीके सकलेचा, महाप्रबंधक (एचआर-सीएसआर) और श्रेयांश दीक्षित, मुख्य प्रबंधक (एचआर-सीएसआर) ने यह सम्मान प्राप्त किया।

## अब तक लगभग 3.44 लाख लोगों की हो चुकी है जांच




जुलाई 2024 में इंडियन ऑयल ने राज्य एनटीईपी सेल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत प्रदेश में टीबी जांच की क्षमता को बढ़ाया गया। इन अत्याधुनिक उपकरणों के माध्यम से फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कर्मियों को शुरुआती स्तर पर टीबी के मामलों की पहचान करने और समय रहते इलाज शुरू करने में मदद मिल रही है। इस पहल के तहत अब तक लगभग 3.44 लाख लोगों की जांच की जा चुकी है, जिनमें से 22,000 से अधिक टीबी पॉजिटिव मरीजों की पहचान हुई है। इससे ग्रामीण एवं संवेदनशील इलाकों में समय पर हस्तक्षेप कर कई बहुमूल्य जीवन बचाए जा सके हैं और संक्रमण की श्रृंखला को भी तोड़ा गया है। ये डिवाइस मध्य प्रदेश के करीब 50 जिलों में लगाए गए हैं।

### *आईओसी सदैव रहा सामुदायिक कल्याण के कार्यों में अग्रणी*

*इंडियन ऑयल के मुख्य महाप्रबंधक एवं राज्य प्रमुख अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहाकि इंडियन ऑयल हमेशा सामुदायिक कल्याण के कार्यों में अग्रणी रहा है। 'टीबी मुक्त भारत' अभियान में हमारा सहयोग राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य के अनुरूप है। इससे पहले वर्ष 2022 में इंडियन ऑयल ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की केंद्रीय टीबी प्रभाग तथा उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य सरकारों के साथ भी एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे।*

### कार्लसन और नाकामुरा जैसे शीर्ष खिलाड़ी भी आज से पेश करेंगे चुनौती

# विश्व चैंपियन गुकेश नॉर्वे शतरंज के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶ स्टावेंगर

क्लासिकल शतरंज शैली में सबसे कड़े प्रतिद्वंद्वियों को मात देने की क्षमता रखने वाले विश्व चैंपियन डी. गुकेश और अर्जुन एरिगेसी सोमवार से शुरू होने वाले नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। इस टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे शीर्ष खिलाड़ी भी चुनौती पेश करने के लिए तैयार है।

शतरंज कैलेंडर पर सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक नॉर्वे शतरंज में पुरुष और महिला वर्ग में छह-छह खिलाड़ी शामिल हैं। इसे 'डबल राउंड-रॉबिन' प्रारूप में खेला जाता है। महिला वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व दो बार की महिला विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी और आर वैशाली करेंगी। यह पहली बार है जब पुरुष वर्ग में भारत के दो खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे जिससे टूर्नामेंट में भारत के लिए पहला खिताब जीतने की उम्मीद बढ़ गई हैं।

### वैश्विक चुनौती से पार पाना मुश्किल

पुरुष वर्ग में कार्लसन और अमेरिका के ग्रैंडमास्टर नाकामुरा जबकि महिला वर्ग में चीन की जू वेनजुन और ली टिंगजी की महिला जोड़ी को मात देना आसान नहीं होगा। नाकामुरा विश्व रैंकिंग में कार्लसन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। इसके बाद गुकेश (विश्व नंबर तीन) और एरिगेसी (नंबर चार) का स्थान है। इन दोनों को स्थानीय नायक कार्लसन और नाकामुरा के डिफेंस को भेदने के लिए बहुत धैर्य और एकाग्रता की आवश्यकता होगी। गुकेश हालांकि विश्व चैंपियन बनने के बाद सर्वश्रेष्ठ लय में नहीं है।

### अब तक खिताब का इंतजार

यह टूर्नामेंट 2013 में पहली बार खेला गया था। उस समय पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद सहित इसमें 10 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शामिल थे। आनंद इस टूर्नामेंट में छह से अधिक बार खेले हैं और 2015 में उपविजेता रहे।

## *होंडा ने लांच की ऑल न्यू सीबी 750 हॉर्नेट और सीबी1000 हॉर्नेट एसपी 'बुकिंग्स शुरू'*

*गुरुग्राम। होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने प्रीमियम पोर्टफोलियो में दो दमदार नई मोटरसाइकलों सीबी750 हॉर्नेट और सीबी1000 हॉर्नेट एसपी के लांच की घोषणा की। इन दोनों मोटरसाइकलों की बुकिंग अब खुल चुकी है और इनकी डिलीवरी जून 2025 से शुरू की जाएगी। नई होंडा सीबी750 हॉर्नेट की कीमत 8,59,500 (एक्स-शोरूम, गुरुग्राम) रखी गई है, जबकि सीबी1000 हॉर्नेट एसपी की कीमत12,35,900 एक्स-शोरूम, निर्धारित की गई है। सीबी750 हॉर्नेट देश भर के सभी बिग विंग टॉपलाइन और बिग विंग डीलरशिप्स पर उपलब्ध होगी, वहीं सीबी1000 हॉर्नेट एसपी को केवल बिग विंग टॉपलाइन डीलरशिप्स के माध्यम से बेचा जाएगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक, प्रेसीडेंट और सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा कि भारत का प्रीमियम मोटरसाइकल सेगमेंट वर्षों से शानदार विकास कर रहा है, खासकर उन युवाओं के बीच जो स्टाइल के साथ परफॉर्मेंस की तलाश में रहते हैं। सीबी750 हॉर्नेट और सीबी1000 हॉर्नेट एसपी के लांच के साथ, हम फन बाइकिंग के क्षेत्र में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करना चाहते हैं।*

### एलआईसी ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

# एलआईसी ने एक ही दिन में बेचीं 5.88 लाख से ज्यादा बीमा पॉलिसी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी ) ने जीवन बीमा उद्योग में एक नया इतिहास रचते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया है। देश की सबसे बड़ी सरकारी बीमा कंपनी ने 20 जनवरी 2025 को एक ही दिन में सबसे अधिक जीवन बीमा पॉलिसियां बेचने का रिकॉर्ड बनाया। इस रिकॉर्ड को एलआईसी ने "मैड मिलियन डे" नाम दिया है। कंपनी के आधिकारिक बयान के अनुसार भारत भर के 4,52,839 एलआईसी एजेंट्स ने मिलकर 5,88,107 जीवन बीमा पॉलिसी केवल 24 घंटे में जारी कीं। कंपनी ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे ग्राहकों और उनके परिवारों को आवश्यक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के मिशन के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एलआईसी ने इस रिकॉर्ड को अपने मजबूत एजेंसी नेटवर्क की ₹अटूट निष्ठा, दक्षता और अथक मेहनत₹ को समर्पित किया है। इस अभियान की अगुवाई एलआईसी के सीईओ और एमडी सिद्धार्थ मोहंती ने की, जिन्होंने सभी एजेंटों से 20 जनवरी को कम से कम एक पॉलिसी पूरी करने की अपील की थी। यह अपील देशभर में सकारात्मक प्रतिक्रिया लाने में सफल रही।इस ऐतिहासिक क्षण की आधिकारिक घोषणा 24 मई 2025 को मुंबई स्थित एलआईसी के मुख्यालय से की गई।

### राजा सराफ प्रदेश अध्यक्ष और संजीव गर्ग बने कोषाध्यक्ष

# मप्र सराफा एसो. की प्रादेशिक बैठक में हुआ प्रांतीय पदाधिकारियों का चयन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



मध्यप्रदेश सराफा एसोसिएशन की प्रादेशिक बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों के चयन की प्रक्रिया संपन्न हुई। जिसमें मध्य प्रदेश के सभी संभागों से मध्य प्रदेश सराफा एसोसिएशन की कोर कमेटी के सदस्य उपस्थित थे। कोर कमेटी के सभी सदस्यों में मध्य प्रदेश सराफा एसोसिएशन के चुनाव के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए प्रदेश संरक्षक झमक भरगट रतलाम, प्रदेश अध्यक्ष के लिए राजा सराफ जबलपुर, प्रदेश महासचिव देवीलाल सोनी आगर, प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीव गर्ग (गांधी) भोपाल, प्रदेश उपाध्यक्ष नर्मल वर्मा घुंघरू इंदौर, प्रदेश सहसचिव नरेन्द्र रोड़ा विदिशा, प्रदेश कोषाध्यक्ष रविन्द्र सोनी उज्जैन का सर्वसम्मति से चयन किया गया।

नव चयनित पदाधिकारी का उपस्थित सभी कोर कमेटी के सदस्यों ने भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में भोपाल सराफा एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्यों नरेश अग्रवाल, सुशील धनवानी, विजय वर्मा, आनंद सोनी, रितेश अग्रवाल, सुमंत सोनी, राजेश सोनी, योगेश सोनी, विनीत सिंघल, विक्रम सोनी सागर, राजकुमार सराफ विदिशा आदि ने सम्मानित किया तथा नवचयनित पदाधिकारियों ने एक सप्ताह में मध्य प्रदेश के संपूर्ण कार्यकारिणी घोषित करने की घोषणा की। इसके अलावा आगामी महीनों में मध्य प्रदेश सराफा एसोसिएशन के तत्वावधान में प्रदेश के महानगरों में सराफा व्यापारियों को जागरूक एवं शासन की नव नीतियों से व्यापारियों को अपडेट करने के लिए सेमिनार आयोजित करने का निर्णय लिया गया। वर्तमान समय में शराब का व्यापारियों को होने वाली समस्याओं के समाधान के संदर्भ में आवश्यक रुप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार मध्य प्रदेश सराफा एसोसिएशन के महासचिव देवीलाल सोनी आगर द्वारा कर बैठक का समापन किया गया। उसके पश्चात सोफा व्यापार में एमसीएक्स के महत्व को समझाने के लिए नवीन मृदभटकल बाम्बे द्वारा सराफा व्यापारियों को सट्टेबाजी से दुर रहने तथा वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर चांदी सोने के भाव में हो रही तेजी मंदी से होने वाले नुकसान को अपने व्यापार को कैसे बचाया जाए एवं अपने व्यापार में मुनाफे को केसे सुरक्षित रखा जाए उस पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

- **मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।
- **वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।
- **मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।
- **कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।
- **सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।
- **कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।
- **तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।
- **वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।
- **धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।
- **मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।
- **कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।
- **मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।


# मप्र सहित अन्य राज्यों में बढ़ रही जमीनी स्तर पर उद्यमिता

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के छोटे कारोबार अब डिजिटल युग में कदम रख रहे हैं और इस बदलाव में उनका भरोसेमंद साथी बन रहा है टाइड। एक ऐसा राज्य जहां उद्यमियों को अब तक लंबी कतारों, भारी-भरकम कागजी कार्यवाही और सीमित कर्ज सुविधाओं जैसी चुनौतियों से जूझना पड़ता था, वहीं अब टियर-2 और टियर-3 शहरों में डिजिटल-फर्स्ट बिजनेस ओनर्स की एक नई पीढ़ी उभर रही है और वे टाइड को अपना विकास-साथी बना रहे हैं। टाइड वन एक अग्रणी बिजनेस मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म है, जो देशभर के छोटे और मझोले कारोबारों (एमएसएमई) को उनके पैसे, कागजात, बिजनेस एडमिन, और भुगतानों को एक ही मोबाइल एप से मैनेज करने की सुविधा देता है। चाहे कोई कारोबारी अपना व्यापार शुरू कर रहा हो या पहले से एक बढ़ता हुआ बिजनेस चला रहा हो,टाइड उनके लिए काम को तेज, आसान और स्मार्ट बनाता है।

अब कारोबारियों को न तो शाखा-दर-शाखा दौड़ने की जरूरत है और न ही दस्तावेजों के लिए हफ्तों इंतजार करना पड़ता है।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

## शब्द पहेली - 5878



**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

### शब्द पहेली- 5877 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | गा | म | | अ | | त | र | ब | त | र |
| ल | | त | म | स | | ह | म | ला | | खै |
| क | श | | | ल | | ल | | | का | ल |
| | ही | | क | हा | नी | का | र | | र | |
| ब | द | मा | श | | र | | च | म | क | ना |
| | | | ल | क्ष | | सी | ना | | | |
| र | त | ज | गा | | आ | | का | म | या | ब |
| | र | | ना | ना | स | सु | र | | च | |
| य | ह | | | म | | य | | | क | म |
| ह | | त | ना | व | | पा | य | ल | | हु |
| त | ल | ब | गा | र | | न | | ब | ल | वा |

## सूडोकु नवताल - 5888

★★★★★ कठिनतम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5887 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |



# जारी है 'रेड 2' का जलवा वीकेंड में बढ़ा कलेक्शन

**मुंबई।** अजय देवगन और रितेश देशमुख की फिल्म 'रेड 2' सिनेमाघरों में 1 मई को रिलीज हुई थी। इस क्राइम थ्रिलर फिल्म को राजकुमार गुप्ता के डायरेक्ट किया है। मूवी में अजय और रितेश की एक्टिंग ने हर किसी का दिल जीता। फिल्म की कहानी को क्रिटिक्स के भी बेहतरीन रिव्यू मिले हैं। 'रेड 2' को रिलीज हुए 25 दिन हो गए हैं। फिल्म के रिलीज के इतने दिनों बाद भी ये शानदार कमाई कर रही है। इसी बीच अब 'रेड 2' के चौथे शनिवार के कलेक्शन सामने आ चुके हैं। शनिवार को घरेलू बॉक्स पर 1.85 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। ऐसे में अब इसका टोटल कलेक्शन 159.70 करोड़ रुपए हो चुका है।




लाइफ Style

# आलिया

## ब्लू स्टोन से सजे गाउन में बिखेरा जलवा

एजेंसी ▶▶ पेरिस

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने बीती रात कान में अपना शानदार डेब्यू किया। पीच कलर के फ्लोरल गाउन में पहली बार कान की रेड कार्पेट पर उतरने वाली आलिया का कान से दूसरा लुक भी सामने आया है। इस बार आलिया ब्लैक ड्रेस में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरती नजर आई हैं।

अपने दूसरे लुक में आलिया नीले रंग की ज्वेलरी से सजे जेम स्टडेड अरमानी प्रिवी गाउन में नजर आईं। आलिया के इस लुक को रिया कपूर ने स्टाइल किया था। आउटफिट आलिया भट्ट को काफी स्लीक लुक दे रहा था। गाउन के ऊपरी भाग में ब्लू कलर के जेमस्टोन लगाए गए हैं और बाकी के गाउन को छोटे-छोटे चमकदार स्टोन्स से सजाया गया है। आलिया भट्ट ने इस ब्यूटिफुल गाउन के साथ मैचिंग कलर के ब्लूस्टोन इयर रिंग्स पहने थे। इसके साथ ही आलिया ने मैचिंग हेडपीस पहना था और एक डायमंड रिंग भी पहनी थी।

इस दौरान एक्ट्रेस ने नो मेकअप लुक कैरी करने का तय किया था, जिसमें उन्होंने न तो कोई बोल्ड लिपस्टिक लगाई और न ही हाई कलर टोन लिया। इससे पहले आलिया भट्ट ने आइवरी-न्यूड शिआपरेली ड्रेस में कान की रेड कार्पेट पर अपना डेब्यू किया। पीच कलर के फ्लोरल डिजाइन गाउन में आलिया बेहद खूबसूरत नजर आईं। कान में अपने डेब्यू के लिए आलिया ने इटैलियन डिजाइनर एल्सा शिआपरेली के डिजाइन किए गए गाउन को पहना।

हॉलीवुड मसाला



# प्राइवेट जेट में जला दी सिगरेट

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर ब्रिटनी स्पीयर्स अक्सर चर्चा में रहती हैं। स्टारडम, नशे और उत्पीड़न को लेकर सुर्खियों में रहीं सिंगर इस बार प्राइवेट जेट में शराब और सिगरेट पीने के कारण विवादों में घिर गई हैं। हंगामा होने के बाद ऑफिसर्स ने उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया। रिपोर्ट के अनुसार, 'ब्रिटनी अपने सिक्योरिटी गार्ड्स के साथ कैबो सैन लुकास, मेक्सिको से लॉक्स जा रही थीं, तभी उन्होंने शराब पीना शुरू कर दिया। फिर उन्होंने सिगरेट निकाली, उसे जलाया और स्मोक करना शुरू कर दिया। इस पर कई लोगों ने उन्हें जेट के अंदर सिगरेट बुझाने के लिए कहा, क्योंकि ऐसा करना सख्त मना है। ब्रिटनी उनकी बात मान गईं, लेकिन तब तक हंगामा हो चुका था।'



# हैरी पॉटर के विक्टर क्रुम की हुई इमरजेंसी सर्जरी

**लॉस एंजिल्स।** 'हैरी पॉटर' फ्रेंचाइजी में 'क्विडिच' चैंपियन विक्टर क्रुम का किरदार निभाने वाले एक्टर स्टानिस्लाव नेवस्की से जुड़ एक खबर सामने आ रही है। उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, जहां सांस लेने में तकलीफ के कारण उनकी सर्जरी हुई। एक्टर ने अपने बर्थडे पर इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए ये खबर अपने फैंस को दी। अपने पोस्ट में आगे एक्टर ने खुलासा किया कि ये फोटो उनके सर्जिकल रूम से बाहर आने के ठीक बाद ली गई थी। उन्होंने आगे कहा, 'मेरे जन्मदिन के तुरंत बाद मुझे सांस लेने में दिक्कत के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मुझे सर्जरी के लिए ले जाया गया और सर्जरी रूम से बाहर आने के ठीक बाद यह फोटो ली गई। हमेशा की तरह और जो लोग मुझे करीब से जानते हैं।



# शैतान की दुनिया से कुछ नया लेकर आईं

**मुंबई।** काजोल ने हाल ही में एक इंस्टाग्राम पोस्ट की है, जिसमें अपनी नई फिल्म का टीजर शेयर किया है। इस टीजर पर लिखा है, 'शैतान की दुनिया से'। काजोल की फिल्म 'मां' 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगू और बांग्ला भाषा में भी यह फिल्म रिलीज होगी। फिल्म में रोनित रॉय, इंद्रनील सेनगुप्ता जैसे कलाकार भी हैं। यह एक हॉरर, सुपरनेचुरल ड्रामा फिल्म है। इसमें काजोल लीड रोल में नजर आएंगी। फिल्म को अजय देवगन फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म 'मां'के डायरेक्टर विशाल फुरिया हैं। विशाल हॉरर जॉनर की फिल्म बनाने के लिए जाने जाते हैं, हाल ही में उनकी एक हॉरर फिल्म 'छोरी 2' रिलीज हुई। पिछले दिनों अपनी फिल्म 'मां' की रिलीज से पहले काजोल को कोलकाता के दिव्य दक्षिणेश्वर काली मंदिर में देखा गया।



# हर लड़की को शादी के लिए कह रहा था

**नई दिल्ली।** जहां गौहर खान 'बिग बॉस 7' की विनर रही थीं, वहीं साजिद खान इसके 16वें सीजन में बतौर कंटेस्टेंट नजर आए थे। पर कभी दोनों रिलेशनशिप में थे। कभी गौहर खान और साजिद खान की सगाई हुई थी, और शादी होने वाली थी। पर बाद में उनका ब्रेकअप हो गया। साजिद खान ने बताया था कि वह और गौहर खान एक साल तक रिलेशनशिप में रहे। उन दोनों की सगाई भी हुई थी, जिसे मीडिया ने कवर किया था। साजिद ने ब्रेकअप के लिए अपनी गलतियों को जिम्मेदार ठहराया था। 'मेरा कैरेक्टर बहुत ढीला था। मैं बहुत लड़कियों के साथ बाहर घूम रहा था, उन्हें झूठ बोल रहा था। कभी कुछ ऐसी बदतमीजी नहीं की, लेकिन हर लड़की को 'आई लव यू' और 'विल यू मैरी मी?' बोलता था। अब तक मेरी कोई 350 शादी होनी चाहिए थी, लेकिन नहीं हुई।

टीवी मसाला



# 'नॉयनतारा' सीरियल में दिखेगी भूत-प्रेतों की कहानी

**नई दिल्ली।** जल्द ही एक सीरियल 'नॉयनतारा' में एक लड़की की कहानी दिखाई जाएगी, वह शादी करके नए घर में आती है तो उसका सामना एक नहीं, कई भूतों, आत्माओं से होता है। उसके ससुराल का भूतों से क्या नाता है? इसी उलझन को नॉयनतारा सुलझ जाएगी। इस सीरियल में लीड रोल में श्रुति बिष्ट, अर्जुन चक्रवर्ती और नारायणी शास्त्री हैं। इससे पहले भी कई हॉरर सीरियलों ने दर्शकों को डराया है। सीरियल 'जादू तेरी नजर-डायन का मौसम' भी एक सुपरनेचुरल थ्रिलर सीरियल है। इस सीरियल में डायन की कहानी को दिखाया गया है। सीरियल में खुशी दुबे, जियान खान, अदिति शर्मा और अंतरा बिस्वास (मोनालिसा) जैसे एक्टर्स अहम किरदारों में नजर आए। यह सीरियल कई बार टीआरपी लिस्ट में भी शामिल होता है। सीरियल 'नजर' भी एक हॉरर, सुपरनेचुरल थ्रिलर सीरियल है। इसके दो सीजन आ चुके हैं। पहला सीजन 2018 में दर्शकों को देखने को मिला था। पहले सीजन में मोनालिसा, नियति फतनानी और हर्ष राजपूत लीड रोल में थे। इस सीरियल में डायन के रोल में मोनालिसा नजर आईं। दूसरा सीजन 2020 में प्रीमियर हुआ, इसमें मोनालिसा और श्रुति शर्मा लीड रोल में दिखीं। यह सीरियल हॉरर फैंटेसी के साथ रोमांटिक ड्रामा भी था। पिछले साल यह सीरियल दर्शकों को देखने को मिला। इसके पहले सीजन में नकिया हाजी, विभव रॉय ने लीड रोल निभाए। दूसरे सीजन में सुमित सिंह और रेयांश वीर चड्ढा ने लीड रोल निभाए थे। इसकी कहानी में एक परिवार के छिपे हुए डरावने राज सीरियल की लीड एक्ट्रेस के सामने आते हैं। 'कयामत की रात' साल 2018 का एक हिट सुपरनेचुरल, हॉरर ड्रामा सीरियल था। इसमें लीड रोल में करिश्मा तन्ना, निर्भय वाधवा और विवेक दहिया नजर आए। सीरियल में मधुरिमा तुली भी अहम किरदार निभाती दिखीं। इस सीरियल में प्यार, पुनर्जन्म की कहानी के साथ भूत वाला एंगल भी शामिल था। साल 2022 में एक सीरियल 'पिशाचिनी' भी दर्शकों को देखने को मिला। इस सीरियल में नायरा बैनर्जी, जिया शंकर और हर्ष राजपूत लीड रोल निभाते दिखे। सीरियल की कहानी एक लड़की रानी है, जो असल में एक पिशाचिनी है। वह एक परिवार से बदला लेना चाहती है। इसी कहानी के साथ सीरियल आगे बढ़ता है और दर्शकों को डराने में कामयाब रहता है।

# भारतीय सिनेमा की पहली महिला संगीत निर्देशक थीं 'बिब्बो'

**नई दिल्ली।** बिब्बो, जिनका असली नाम इशरत सुल्ताना था, भारतीय और पाकिस्तानी सिनेमा की एक मशहूर एक्ट्रेस, सिंगर और म्यूजिक कंपोजर थीं। बिब्बो का जन्म 1906 में हुआ था। बिब्बो 1930 और 1940 के दशक की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में से एक थीं, जिन्होंने अपनी अदाकारी और गायकी से दर्शकों का दिल जीता।

**सिनेमा में शानदार सफर:** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बिब्बो ने अपने कॅरियर की शुरुआत 1933 में अजंता सिनेटोन लिमिटेड के साथ की। उन्होंने एम.डी. भवानी और ए.पी. कपूर जैसे निर्देशकों के साथ काम किया। 1930 के दशक में वह देविका रानी, दुर्गा खोटे और सुलोचना जैसी अभिनेत्रियों के साथ टॉप की लीडिंग लेडी थीं। उनकी लोकप्रियता इतनी थी कि 1939 में आई फिल्म 'गरीब के लाल' के एक गाने में उनका नाम शामिल किया गया, जिसमें लिरिक्स थे- 'तुझे बिब्बो कहूं के सुलोचना।' वह भारतीय सिनेमा की पहली महिला संगीत निर्देशक थीं।

**बेहतरीन एक्ट्रेस और शानदार सिंगर :** बिब्बो ने 1931 से 1947 तक भारतीय सिनेमा में कई यादगार फिल्मों में काम किया। उनकी प्रमुख फिल्मों में 'मायामच्छिंद्र', 'वासुदेव', और 'सीता' शामिल हैं। वह न सिर्फ एक्टिंग बल्कि गायकी



और म्यूजिक कंपोजिंग में भी माहिर थीं। उनकी मधुर आवाज और अभिनय ने उन्हें उस दौर की सबसे खास कलाकार बनाया। 1947 में भारत-पाकिस्तान विभाजन के बाद बिब्बो पाकिस्तान चली गईं। वहां भी उन्होंने कुछ फिल्मों में काम किया, लेकिन उनका भारतीय सिनेमा जैसा जादू दोबारा नहीं चला। फिर भी, वह दोनों देशों के सिनेमा में अपनी छाप छोड़ गईं।

**बिब्बो का योगदान :** बिब्बो अपनी निजी जिंदगी को सुर्खियों से दूर रखती थीं। उनकी सादगी और काम के प्रति समर्पण ने उन्हें हमेशा सम्मान दिलाया। बिब्बो उस समय की उन गिनी-चुनी अभिनेत्रियों में से थीं, जिन्होंने सिनेमा में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। उस दौर में एक्टिंग को महिलाओं के लिए अच्छा पेशा नहीं माना जाता था, लेकिन बिब्बो ने अपने टैलेंट से इस सोच को चुनौती दी।

# कान्स फिल्म फेस्टिवल से खाली हाथ लौटा भारत, होमबाउंड ने किया निराश

**पेरिस।** फ्रांस में 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया, जो 13 मई से लेकर 24 मई तक चला। इस समारोह में देश-दुनिया के दिग्गज कलाकारों ने भाग लिया और अपना जलवा बिखेरा। इतना ही नहीं, कान्स फिल्म फेस्टिवल में उल्लेखनीय फिल्में और ऐतिहासिक उपलब्धियां भी प्रदर्शित की गईं, जिसमें कई फिल्मों और कलाकारों ने अवॉर्ड जीता। भारतीय निर्देशक नीरज घेवन की 'होमबाउंड' को कान्स में काफी सराहना मिली थी, इस कारण दर्शकों को इससे काफी उम्मीद थी।

***अवॉर्ड के मामले में भारत पीछे :*** कान फिल्म फेस्टिवल में भारत की ओर से नीरज घेवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'होमबाउंड' की स्क्रीनिंग के दौरान उसे स्टैंडिंग अवेशन मिला था और लगभग नौ मिनट तक लगातार हॉल में तालियां बजी थी। ईशान खट्टर, विशाल जेठिया और जान्हवी कपूर अभिनीत यह फिल्म अवॉर्ड पाने की होड़ में आगे दिख रही थी, लेकिन फिल्म अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन में ही पिछड़ गई और इसे खाली हाथ लौटना पड़ा। इसके अलावा बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर की 'तन्वी द ग्रेट' से भी भारत को उम्मीदें थीं, लेकिन इसे भी कोई अवॉर्ड नहीं मिला। इस बार पुरस्कार के मामले में भारत कान्स में सबसे पीछे रहा।




| अवॉर्ड का नाम | विजेता का नाम |
|---|---|
| पाम डी'ओर | जाफर पनाही |
| ग्रैंड प्रिक्स | जोआचिम ट्रायर |
| सर्वश्रेष्ठ निर्देशक | क्लेबर मेंडोंका फिल्हो |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेता | वैगनर मौरा |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री | नादिया मेलिटि |
| जूरी पुरस्कार | ओलिवियर लैक्स और माशा शिलिंस्की |
| सर्वश्रेष्ठ पटकथा | जीन-पियरे और ल्यूक डार्डेन |
| कैमरा डी'ओर | हसन हादी |
| अन सर्टेन रिगार्ड | हैरिस डिकिंसन |
| ग्रैंड प्राइज | रत्चापूम बूनबंचचोक |

### इराक ने जीता पहला पुरस्कार


78वां कान्स फिल्म फेस्टिवल इराक के लिए काफी खास रहा, क्योंकि उसने अपना पहला पुरस्कार हासिल किया। हसन हादी को उनकी फिल्म 'प्रेसिडेंट्स केक'को सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फीचर फिल्म के लिए कैमरा डी'ओर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवॉर्ड की घोषणा होते ही, वहां मौजूद सभी लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाकर जश्न मनाया। इसके अलावा ईरान के फिल्म निर्माता जफर पनाही को 'इट वॉज जस्ट एन एक्सीडेंट' के लिए पाम डी'ओर पुरस्कार मिला।

## जिंदगी में सब कुछ मिला, पर कभी भी इन्हें खुद पर हावी होने नहीं दिया

# असल जिंदगी में हीरो थे सुनील दत्त, प्लेन क्रैश में टूटी टांग, पर पहले बचाई दूसरों की जान

*नई दिल्ली। सुनील दत्त वो 'हीरो' थे, जो असल जिंदगी में भी हीरो थे। वो रियल लाइफ हीरो थे अपनी बीवी नरगिस के लिए, अपने बेटे संजय दत्त के लिए और अपनी जनता के लिए, जिनसे उन्हें बहुत लगाव था। उन्हें जिंदगी में सब कुछ मिला, नाम , पैसा, शोहरत और रुतबा... पर कभी भी इन्हें खुद पर हावी नहीं होने दिया और सबसे नरम दिल एक्टर कहलाए। मेरे नाम पर कोई मूर्ति या सड़क नहीं होनी चाहिए, मेरे चेहरे वाला कोई डाक टिकट या मेरे नाम पर कोई संगठन नहीं होना चाहिए। मैं चाहता हूं कि लोग मुझे मेरे काम के लिए याद रखें... ये शब्द थे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री से सबसे नरम दिल कहे जाने वाले एक्टर सुनील दत्त के। जिन्होंने अपनी जिंदगी परिवार, सिनेमा और आम जनता के नाम कर दी। आप शायद ही जानते होंगे कि एक बार लोगों की जान बचाते-बचाते वो खुद अपनी जान गंवाने वाले थे। आइये आज 'संडे सिनेमा' में उस 'हीरो' के बारे में जानते हैं, जो असल जिंदगी में भी हीरो थे।*

### 5 साल की उम्र में पिता की मौत, मुस्लिम ने बचाई जान



सुनील दत्त का असली नाम बलराज रघुनाथ दत्त था। इनका जन्म 6 जून 1929 को खुर्द, पंजाब (अब पाकिस्तान में है) में पंजाबी हिंदू फैमिली में हुआ था। उनकी मां का नाम कुलवंती देवी दत्त था। सुनील जमींदारों के परिवार से थे। उनके एक छोटे भाई सोम दत्त और छोटी बहन राज रानी बाली हैं। सुनील के पिता की मौत तब हुई, जब वो 5 साल के थे। सुनील जब 18 साल के हुए, तब भारत का विभाजन हुआ और पूरे देश में हिंदू-मुस्लिम हिंसा भड़क गई थी। सुनील के पिता के एक मुस्लिम दोस्त याकूब ने उनके पूरे परिवार की जान बचाई थी और और उन्हें भारत भेजने में मदद की थी। परिवार यमुना नदी के तट पर पूर्वी पंजाब (अब हरियाणा में) के यमुनानगर जिले में स्थित छोटे से गांव मंडौली में बस गया।

***पढ़ाई-लिखाई :*** सुनील दत्त कॉलेज जाने से पहले कुछ समय के लिए अपनी मां के साथ लखनऊ के अमीनाबाद बाजार मोहल्ले में रहने लगे। फिर वे बॉम्बे (अब मुंबई) शिफ्ट हो गए। वहां उन्होंने जय हिंद कॉलेज से पढ़ाई की और बेस्ट ट्रांसपोर्टेशन इंजीनियरिंग डिवीजन में नौकरी की। उन्होंने 1954 में इतिहास (ऑनर्स) में आर्ट्स में ग्रेजुएशन किया था।

### 'मदर इंडिया' फिल्म ने बदल दी थी तकदीर

सुनील को बीआर चोपड़ा की 'एक ही रास्ता' (1956) और महबूब खान की 'मदर इंडिया' (1957) से स्टारडम मिला था। 'मदर इंडिया' 50 के दशक की सबसे सफल फिल्म होने के साथ-साथ ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर बन गई थी। न्यूकमर होने के बावजूद सुनील ने विलेन के रोल को स्वीकार किया और इस फिल्म ने उन्हें 'बॉलीवुड का पहला खलनायक' बना दिया। इस मूवी को कई यूरोपी भाषाओं में डब किया गया, जैसे- स्पेनिश, फ्रेंच और रूसी। ग्रीस, स्पेन और रूस में फिल्म सक्सेसफुल रही। रिलीज होने के कम से कम 10 साल बाद भी इसे अल्जीरिया जैसे देशों में दिखाया जाता रहा। इसने कई अवॉर्ड अपने नाम किए।

### कर्ज में डूब गए, नहीं किया समझौता



इस तरह से सुनील का एक्टिंग का सफर आगे बढ़ता रहा। 60 के दशक में वो करियर के पीक पर थे। उन्होंने 'पड़ोसन' में कॉमिक रोल करके अपने फैंस को चौंका दिया था। 1969 में राजेश खन्ना के सुपरस्टार बनने के बाद सुनील के करियर का ग्राफ लुढ़कने लगा था। उन्होंने एक्टिंग के अलावा डायरेक्शन में हाथ आजमाया। पर उनकी 'रेशमा और शेरा' बुरी तरह फ्लॉप हुई। तब सुनील 60 लाख रुपये के कर्ज में डूब गए थे। उन्हें अपनी कार बेचनी पड़ी।

### ऐसे इंडस्ट्री में आए थे बलराज दत्त, बन गए सुनील दत्त

*डायरेक्टर रमेश सहगल ने सुनील दत्त को फिल्म इंडस्ट्री में लाने में अहम भूमिका निभाई, जो उस समय रेडियो शो 'लिप्टन की महफिल' होस्ट करते थे। रमेश की सुनील से मुलाकात साल 1953 में हुई थी, जब सुनील 'शिकस्त' फिल्म की रिपोर्टिंग कर रहे थे। सुनील की आवाज और पर्सनैलिटी से प्रभावित होकर रमेश ने उन्हें अपकमिंग प्रोजेक्ट का ऑफर दिया। दिलचस्प बात ये है कि सुनील ने वो ऑफर ठुकरा दिया, क्योंकि उन्होंने अपनी मां से वादा किया था कि वो पहले अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे, लेकिन फिर उनका मन बदल गया और वे रमेश की फिल्म में एक्टिंग करने चले गए। चूंकि उस समय इंडस्ट्री में बलराज साहनी जाने-माने एक्टर थे, इसलिए रमेश ने उन्हें सुझाव दिया कि उन्हें एक नया स्क्रीन नाम अपनाना चाहिए और फिर उनका नाम 'सुनील दत्त' रखा।*




# श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स में बने उपविजेता

**कुआलालंपुर।** भारतीय खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत रविवार को यहां मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में चीन के विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी ली शी फेंग से सीधे गेम में हारकर उप विजेता रहे और लंबे समय से चला आ रहा उनके खिताब का सूखा खत्म नहीं हो सका। चोटों और मौकों को गंवाने के बाद वापसी करने वाले 32 वर्षीय श्रीकांत ने छह साल में पहली बार बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल में जगह बनाई। क्वालीफायर से शुरुआत करने के बाद फाइनल तक पहुंचे इस भारतीय का शानदार अभियान 36 मिनट में दूसरे वरीय शी फेंग से 11-21, 9-21 से मिली हार से खत्म हो गया।


शी फेंग से मिली हार

# इंटर मियामी ने यूनियन को बराबरी पर रोका

**चेस्टर।** दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी के प्रेरक भाषण ने खराब दौर से गुजर रहे इंटर मियामी ने एमएलएस लीग में दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए फिलाडेल्फिया यूनियन को 3-3 की बराबरी पर रोका। मेसी ने इस दौरान 87वें मिनट में फ्री किक पर गोल कर मैच में टीम की वापसी कराई। क्वेन सुलिवन के गोल से यूनियन की टीम ने मैच के सातवें मिनट में बढ़त बना ली थी जबकि ताई बारिबो ने मध्यांतर से पहले टीम को 2-0 से आगे कर दिया। तादेओ अलेंदे ने दूसरे हाफ में गोल करके इंटर मियामी का खाता खोला लेकिन बारिबो ने मैच के अपने दूसरे गोल से यूनियन को एक बार फिर से दो गोल (3-1) से आगे कर दिया। मेसी ने फ्री किक को गोल में बदल कर स्कोर 2-3 किया जबकि स्टॉपेज समय (90+5 मिनट) टेलास्को सेगोविआ के गोल ने टीम के लिए मैच से एक अंक सुनिश्चित कर लिया।


3-3 की बराबरी

खास खबर

# पिछली गलतियों को सुधारने के लिए तैयार : सुनील छेत्री

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

करिश्माई भारतीय स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने रविवार को कहा कि उनकी टीम 2027 एशियाई कप के क्वालीफाइंग दौर प्रतियोगिता में इस साल मार्च बांग्लादेश के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ में की गई गलतियों को सुधारने के लिए बेताब है। भारत को 25 मार्च को शिलांग में एशियाई कप क्वालीफाइंग के तीसरे चरण में ग्रुप सी के अपने शुरुआती मैच में निचली रैंकिंग वाली बांग्लादेश ने गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया था। इस परिणाम ने टीम के मुख्य कोच



मनोलो मार्केज को नाराज कर दिया था। भारत अपना दूसरा मैच 10 जून को कॉव्लून में हांगकांग से खेलेगा।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 |
| पंजाब | 13 | 8 | 4 | 17 |
| बेंगलुरु | 13 | 8 | 4 | 17 |
| मुंबई | 13 | 8 | 5 | 16 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 6 | 15 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| कोलकाता | 13 | 5 | 6 | 12 |
| हैदराबाद | 13 | 5 | 7 | 11 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 14 | 4 | 10 | 8 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
679 रन
गुजरात

पर्पल कैप



नूर अहमद
24 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप



### गिल को आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा

**मुंबई।** पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को विराट कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा लेकिन युवा टीम का आकलन इतनी जल्दी नहीं किया जाना चाहिए। गिल को शनिवार को भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जबकि ऋषभ पंत उनके उप कप्तान होंगे क्योंकि अगले महीने इंग्लैंड दौरे से नयी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत होगी। हरभजन ने कप्तान के रूप में गिल के चयन का स्वागत किया लेकिन कहा कि आगे काफी चुनौतियां हैं।

### अब भी भारत के लिए खेलने का सपना

**नई दिल्ली।** लगभग दो साल से भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ से बाहर अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा अब भी टेस्ट टीम का हिस्सा बनने का सपना संजोए हुए हैं।



उन्होंने कहा कि उन्हें अपने करियर की दिशा को लेकर कोई पछतावा नहीं है। सैंतीस वर्षीय पुजारा ने आखिरी बार जून 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान भारत के लिए टेस्ट मैच खेला था। पुजारा ने कहा, 'अगर मुझे मौका मिलता है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी, लेकिन निश्चित रूप से मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो वर्तमान में रहना पसंद करता है।'

### पवन थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**बैंकॉक।** भारतीय मुक्केबाज पवन बार्तवाल ने रविवार को यहां कंबोडिया के साओ रंगसे पर 5-0 की शानदार जीत के साथ चौथे



थाईलैंड ओपन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट के पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता बर्तवाल ने बेहतरीन फुटवर्क और रणनीतिक कौशल के साथ मुकाबले पर अपना दबदबा बनाया और टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत हासिल की।

## आईपीएल : गुजरात को 83 रन से रौंदा, टाइटंस के शीर्ष दो का सपना टूटा

# जीत का जश्न... पर चेन्नई का पहली बार अंतिम स्थान से अभियान का समापन

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को आईपीएल मैच में गुजरात टाइटन्स को 83 रन से शिकस्त दी। सीएसके के खिलाड़ियों में प्लेऑफ की शीर्ष टीम को हराने की खुशी साफ तौर पर झलक रही थी। इससे टाइटंस को तालिका में शीर्ष दो में रहने की उम्मीदों को झटका लगा। गुजरात हार के बाद भी 14 मैच में 18 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। सीएसके ने पांच विकेट पर 230 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। पर इस लक्ष्य के जवाब में गुजरात टाइटन्स की टीम 18.3 ओवर में 147 रन पर सिमट गई।

शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए गुजरात की टीम उम्मीद करेगी कि अंतिम लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (17 अंक) की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स से हार जाए। मुंबई इंडियंस (16 अंक) और पंजाब किंग्स (17 अंक) के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता टीम तालिका में गुजरात टाइटन्स से ऊपर पहुंच जाएगी। वहीं सीएसके पहली बार आईपीएल में तालिका में अंत में रहेगी। अनुभवी क्रिकेटर डेवोन कॉनवे (52 रन) और ब्रेविस (57 रन) ने विपरीत अंदाज में अर्धशतक जड़े। सीएसके लिए आयुष म्हात्रे (34 रन) और उर्विल पटेल (37 रन) ने तेज शुरुआत की।



### 'अलविदा नहीं कह रहा, न ये कह रहा कि लौटूंगा...' धोनी

*आईपीएल के अपने आखिरी लीग मैच में चेन्नई सुपर किंग्स की गुजरात टाइटंस पर जीत के बाद एमएस धोनी ने अपने आईपीएल भविष्य को लेकर स्थिति साफ नहीं की है। धोनी ने कहा कि वह इस फैसले के लिए कुछ समय लेंगे और आने वाले कुछ महीनों में तय करेंगे कि वे अगला सीजन खेलेंगे या नहीं। मैच के बाद धोनी ने कहा, '**मेरे पास फैसला करने के लिए 4-5 महीने हैं। कोई जल्दी नहीं है कि क्या करना है। हर साल शरीर को फिट रखने में 50% ज्यादा मेहनत लगती है। यह क्रिकेट का सर्वोच्च स्तर है। अगर खिलाड़ी प्रदर्शन के आधार पर संन्यास लेने लगें, तो कई तो 22 की उम्र में ही संन्यास ले लेंगे। ज़रूरी यह है कि आपके अंदर कितनी भूख है, आप कितने फिट हैं और टीम के लिए कितना योगदान दे सकते हैं, और क्या टीम को आपकी ज़रूरत है। मेरे पास पर्याप्त समय है। मैं रांची वापस जाऊंगा, लंबे समय से घर नहीं गया हूं। कुछ बाइक राइड्स का आनंद लूंगा, फिर दो-तीन महीने बाद फैसला करूंगा। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि मैं अब खत्म हो गया हूं और ये भी नहीं कह रहा कि मैं वापसी करूंगा। मेरे पास समय की सुविधा है।**'*

### 10वें स्थान पर रही चेन्नई सुपर किंग्स

*मौजूदा सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स का ये आखिरी मुकाबला रहा, यानी उसने जीत के साथ विदाई ली। 14 मैच खेलकर 4 में जीत हासिल की। चेन्नई अंकतालिका में 10वें एवं आखिरी नंबर पर रही। दूसरी ओर गुजरात टाइटन्स की 14 मैचों में ये 5वीं हार रही।*

## स्कोर बोर्ड


| चेन्नई | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| म्हात्रे का सिराज बो कृष्णा | 34 | 17 | 3 | 3 |
| डेवोन कॉनवे बो राशिद | 52 | 35 | 6 | 2 |
| उर्विल का गिल बो किशोर | 37 | 19 | 4 | 2 |
| दुबे का कोएत्जी बो शाहरुख | 17 | 08 | 0 | 2 |
| ब्रेविस का बटलर बो कृष्णा | 57 | 23 | 4 | 5 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 21 | 18 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 20 ओवर में 230/5
गेंदबाजी : सिराज 4-0-47-0, अरशद 2-0-42-0, कृष्णा 4-0-22-2, कोएत्जी 3-0-34-0, किशोर 2-0-23-1, राशिद 4-0-42-1, शाहरुख 1-0-13-1.

| गुजरात | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का शिवम बो जडेजा | 41 | 28 | 6 | 0 |
| गिल का पटेल बो कम्बोज | 13 | 09 | 1 | 1 |
| बटलर का कम्बोज बो खलील | 05 | 07 | 0 | 0 |
| रदरफोर्ड का म्हात्रे बो कम्बोज | 00 | 04 | 0 | 0 |
| शाहरुख का पाथिराना बो जडेजा | 19 | 15 | 0 | 2 |
| तेवतिया का शिवम बो नूर | 14 | 10 | 1 | 0 |
| राशिद खान का पटेल बो नूर | 12 | 08 | 1 | 1 |
| जेराल्ड कोएत्जी बो पाथिराना | 05 | 05 | 1 | 0 |
| अरशद खान बो नूर | 20 | 14 | 0 | 3 |
| किशोर का धोनी बो कम्बोज | 03 | 07 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 03 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 18.3 ओवर में 147/10
गेंदबाजी : जडेजा 3-0-17-2, खलील 3-0-17-1, कम्बोज 2.3-0-13-3, दुबे 2-0-33-0, नूर अहमद 4-0-21-3, पाथिराना 3-0-29-1, हुड्डा 1-0-15-0.

# हर किसी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया



**जयपुर।** पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में बेहतरीन अर्धशतक लगाने वाले दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज समीर रिजवी ने कहा कि उनकी टीम आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन करने के बाद भी प्लेऑफ में पहुंचने में नाकाम रही। रिजवी ने कहा, 'जीतना या हारना हमारे हाथ में नहीं है। हमारे नियंत्रण में अच्छा क्रिकेट खेलना है। सभी ने पूरे टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। हम प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाए, लेकिन टीम ने कुल मिलाकर बेहतरीन प्रयास किया।' दिल्ली कैपिटल्स ने इस तरह अपने अभियान को सात जीत, छह हार और एक बेनतीजा मैच के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर समाप्त किया।

# हेजलवुड प्लेऑफ से पहले आरसीबी से जुड़े

**लखनऊ।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड इंडियान प्रीमियर लीग के प्लेऑफ मुकाबलों से पहले रविवार को अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से जुड़ गए। आरसीबी को प्लेऑफ से पहले लीग चरण में मंगलवार को यहां अपना आखिरी मुकाबला खेलना है। हेजलवुड की वापसी से टीम का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत होगा। भारत और पाकिस्तान के सैन्य संघर्ष के कारण आईपीएल के एक सप्ताह तक निलंबित होने के बाद हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे। वह इस दौरान वह कंधे की मामूली चोट से भी जूझ रहे थे। जिससे अब पूरी तरह से उबर चुके हैं।



5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला

# 10 खिलाड़ी पहली बार जाएंगे इंग्लैंड दौरे पर, तीन करेंगे डेब्यू



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीसीसीआई ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद इंग्लैंड दौरे के लिए टेस्ट टीम का ऐलान कर दिया। शुभमन गिल को नया टेस्ट कप्तान बनाया गया है, जबकि ऋषभ पंत को उप-कप्तानी की जिम्मेदारी मिली है। टीम में कई नए खिलाड़ियों को जगह दी गई है। ऐसे में 10 खिलाड़ी पहली बार इंग्लैंड का दौरा करेंगे।

करुण नायर की 8 साल बाद भारतीय टीम में वापसी हुई है। साई सुदर्शन और अर्शदीप सिंह को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा 20 जून से आगाज होगा। भारतीय टीम में रवींद्र जडेजा, केएल राहुल और जसप्रीत बुमराह सबसे ज्यादा अनुभवी हैं।

### तीन खिलाड़ी अनुभवी

*रवींद्र जडेजा ने 80 टेस्ट मैच अब तक खेले हैं। केएल 58 टेस्ट मैच में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। जसप्रीत बुमराह 45 और ऋषभ पंत 43 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। ऐसे में भारतीय टीम में अनुभव की कमी है। खासकर रोहित और कोहली के संन्यास लेने के बाद।*

### पहली बार इंग्लैंड दौरा

*भारतीय क्रिकेट फैंस को यह जानकर हैरानी होगी कि टीम इंडिया के 18 में से 10 खिलाड़ी पहली बार इंग्लैंड का दौरा करेंगे। अर्शदीप सिंह, अभिमन्यु ईश्वरन, यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा और नीतिश रेड्डी ये वो नाम हैं जो पहली बार इंग्लैंड का दौरा करेंगे।*

### तीन के पास डेब्यू का मौका

इसके अलावा 3 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिनका अभी तक टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू तक नहीं हुआ है। इनमें अभिमन्यु ईश्वरन, साई सुदर्शन और अर्शदीप सिंह शामिल हुए हैं। इन तीनों खिलाड़ियों को इंग्लैंड में अपने टेस्ट डेब्यू करने का मौका मिल सकता है। हालांकि, इंग्लैंड की परिस्थितियों में इन युवा खिलाड़ियों की परीक्षा होगी।

# मिश्रित टीम ने जूनियर निशानेबाजी विश्व कप में जीता रजत और कांस्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने रविवार को जर्मनी के सुहल में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ जूनियर विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक जीता। भारत इस तरह दो दिनों में टूर्नामेंट में दूसरी बार दो पोडियम स्थान हासिल करने में सफल रहा। नारायण प्रणव और ख्याति चौधरी की जोड़ी ने रजत जीता जबकि हिमांशु और शांभवी क्षीरसागर की जोड़ी ने कांस्य पदक हासिल किया।



भारत इससे पदक तालिका दोहरे अंक (दो स्वर्ण, चार रजत, चार कांस्य) पर पहुंचने में सफल रहा। सोमवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन दो और फाइनल होने हैं। ख्याति और नारायण की जोड़ी ने 38 टीमों के क्वालीफाइंग राउंड में 631.0 अंक हासिल कर दूसरा स्थान हासिल किया। यह जोड़ी चीन के हुआंग युटिंग और हुआंग लिवानलिन की जोड़ी के पीछे रही। चीन की जोड़ी ने 632.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। स्वर्ण पदक के मैच में भारतीय जोड़ी ने चीन की जोड़ी को कड़ी टक्कर दी। टीमों टीमें 15वीं सीरीज तक 14-14 अंक की बराबरी पर थी। चीन की जोड़ी ने 15वीं सीरीज को 0.5 से जीतकर 16 अंक हासिल किए और स्वर्ण पदक जीता।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला जबलपुर म. प्र.**
दूरभाष- 0761-2676111, फैक्स-2676222 Email-Sp-Jabalpur@mppolice.gov.in

क्रमांक :-पुअ / जबल / रनि / एमटी / 855-अ / 2025 दिनांक :- 21.05.2025

**बैटरी प्रदाय के लिए विज्ञापन**

जिला पुलिस बल जबलपुर में उपलब्ध शासकीय वाहनों में वितीय वर्ष 2025-26 हेतु निम्नानुसार साईज/पॉवर की एक्साइड/एमरान/पावरजोन कंपनी की बैटरी भारी, मध्यम, हल्के, एवं मो. सा वाहनों हेतु क्रय किया जाना है । अत: निविदा प्रक्रिया में भाग लेने हेतु इच्छुक सभी कंपनियों के अधिकृत डीलरों से बंद निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है । निविदा ( टेंडर ) पुलिस अधीक्षक जिला जबलपुर के नाम से कार्यालय रक्षित निरीक्षक, रक्षित केंद्र जबलपुर में दिनांक 19.06.2025 दिन गुरूवार को 17:00 बजे तक अथराइज्ड डीलर सर्टिफिकेट की छायाप्रति के साथ टेंडर बाक्स में जमा किये जा सकते है । निविदायें दिनांक 20.06.2025 दिन शुक्रवार को कार्यालय रक्षित निरीक्षक, रक्षित केन्द्र जबलपुर में उप पुलिस अधीक्षक ( लाईन) जबलपुर के द्वारा कायार्लीन समय में खोली जावेगी, जिसमें निविदाकर्ता व उनके प्रतिनिधी उपस्थित रहेंगे ।

**निविदा की शर्ते -:** 1. बैटरी की वारंटी अवधि न्यूनतम 24 माह होना ही चाहिए । 2. वारंटी अवधि में बैटरी खराब होने पर नयी बैटरी प्रदाय किये जाने की समयावधि तक सर्विस बैटरी प्रदाय करना होगा । 3. बैटरी के पोल खराब होने पर पोल को नया / रिपेयरिंग नि:शुल्क करना होगा । 4. देयको का भुगतान शासकीय आवंटन ( बजट राशि ) उपलब्ध होने पर तत्काल किया जावेगा ।

| क्र. | वहन का प्रकार | बैटरी पॉवर/साईज | नयी बैटरी का रेट | पुरानी बैटरी रिबेट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हीरो होण्डा स्प्लेण्डर | 4.A.II | | |
| 2 | बजाज सीटी 100 | 5.A.II | | |
| 3 | हीरो हंक | 7.A.HI | | |
| 4 | बजाज पल्सर | 9.A.I | | |
| 5 | रायल इनफील्ड बुलेट | 14.A.H | | |
| 6 | मारुति जिप्सी | 35.A.11 | | |
| 7 | इको स्पोटर्स कार | 50.A.H | | |
| 8 | टोयोटा इटियोस कार | 60.A.H | | |
| 9 | टोयोटा इनोवा किस्टा | 65.A.H | | |
| 10 | महिन्द्रा बोलेरो | 70.A.H | | |
| 11 | महिन्द्रा मिनी बज | 80.A.H | | |
| 12 | टाटा जेनान पिकप | 85AH | | |
| 13 | एस्कार्ट केन | 90.H | | |
| 14 | टाटा 407 | 100AH | | |
| 15 | टाटा ट्रक 1109 | 130.A.H | | |
| 16 | टाटा बस 52 सीटर | 150.A.H | | |

G-13352/25 "स्वच्छता ही सेवा" पुलिस अधीक्षक, जिला-जबलपुर

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला जबलपुर म.प्र.**
दूरभाष- 0761-2676111, फैक्स-2676222 Email-Sp-jabalpur@mppolice.gov.in

क्रमांक :- पुअ/जबल/रनि/एमटी/854-अ/2025 दिनांक:- ...05.2025

**टायर ट्यूब खरीदी के लिए विज्ञापन**

पुलिस विभाग की शासकीय वाहनों में वित्तीय वर्ष 2025 – 26 हेतु निम्नानुसार साईजों के नये टायर, ट्यूब, फ्लैप्स सिएट / जे. के. / अपोलो / एमआरएफ / मोदी / टीव्हीएस कंपनी के क्रय किये जाने हेतु बंद निविदा के माध्यम से जिला जबलपुर के स्थानीय अथराईज्ड डीलरों से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है । निविदा ( टेंडर) पुलिस अधीक्षक जिला जबलपुर के नाम से कार्यालय रक्षित निरीक्षक रक्षित केन्द्र जबलपुर में दिनांक 19.06.2025 दिन गुरूवार को 17:00 बजे तक जमा किये जा सकते है । निविदायें दिनांक 20.06.2025 दिन शुक्रवार को कार्यालय रक्षित निरीक्षक, रक्षित केन्द्र जबलपुर में उप पुलिस अधीक्षक( लाईन) जबलपुर के द्वारा कायार्लीन समय में खोली जावेगी, जिसमें निविदाकर्ता व उनके प्रतिनिधी उपस्थित रहेंगे ।

**निविदा की शर्ते -:** 1. प्रदाय किये गये नये टायर, ट्यूब में फूलने एवं क्रेक होने की स्थिति में वॉरटी पर बदली करना होगा । 2. स्वीकृति निविदा में जो रेट प्रदाय किये जावेंगे उसी रेट पर टायर व ट्यूब वित्तीय वर्ष में प्रदाय करना होगा । 3. सामान्यत: सप्लाई ऑडर प्रदाय किये जाने की 01 सप्ताह की अवधि में टायर व ट्यूब प्रदाय करना होगा 4. देयको का भुगतान शासकीय आवंटन (बजट राशि) उपलब्ध होने पर तत्काल किया जावेगा ।

| क्र. | टायर साईज | टायर साईज |
|---|---|---|
| 1 | 900-20-R-15 | Tata bus 1512 |
| 2 | 25×20-16 | Tata 1109 |
| 3 | 7.50 × 16 | Tata 407 |
| 4 | 8.25×16 | Swaraj mazda bus |
| 5 | 205-R-16 | Tata 207 |
| 6 | 7.50×16 | Mahindra pickup |
| 7 | 600 × 16 | Mahindra jeep |
| 8 | F78×15 | Maruti gypsy |
| 9 | 215-75-R-15 | Mahindra bolero |
| 10 | 235-75-R-15 | Mahindra bolero |
| 11 | 185-85-R-16 | Mahindra bolero |
| 12 | 195-70-R-14 | Toyota Qalish |
| 13 | 205-65-R-15 | Toyota innova |
| 14 | 235-70-R-16 | Tata safari |
| 15 | 175-65-R-14 | Ford feasta |
| 16 | 205-65-R-16 | Toyota innova crysta |
| 17 | 165-80-R-14 | Swift desire |
| 18 | 185-60-R-15 | Toyota Etios |
| 19 | 195-65-R-15 | Toyota Eco sports |
| 20 | 3.00-18 | Hero honda passion |
| 21 | 2.75×18 | Hero honda passion |
| 22 | 110-80×17 | Tvs apache |
| 23 | 80-100-18 | Hero hunk |
| 24 | 100-90-18 | Hero hunk |
| 25 | 100-80-17 | Tvs apache |
| 26 | 90-90-17 | Tvs apache |
| 27 | 2.75x17 | Bajaj ct 100 |
| 28 | 3.00×17 | Bajaj ct 100 |
| 29 | 90-90×17 | Bajaj pulsar 180 |
| 30 | 120-80-17 | Bajaj pulsar 180 |
| 31 | 900-100-10-53 | Hero duet |
| 32 | 3.25×19-54 | Royal Enfield bullet |

G13350/25 पुलिस अधीक्षक जिला जबलपुर

# अरब सागर में उठ रहा समुद्री तूफान शक्ति, अलर्ट जारी

**नौतपा में गर्मी की बजाय आंधी-बारिश...भोपाल, इंदौर-उज्जैन समेत 40 जिलों में अलर्ट, 28 मई तक ऐसा ही मौसम**

**जबलपुर।** ग्रहों के राजा सूर्य ने रविवार से रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश कर लिया और इसके साथ ही नौतपा की शुरुआत हो गई है। नौतपा को सबसे तीव्र गर्मी के दिनों के रूप में देखा जाता है, लेकिन इस बार नौतपा नहीं तपेगा। आमतौर पर हर साल गर्मी के मौसम का सर्वाधिक तापमान इन्हीं दिनों में दर्ज किया जाता है। इसलिए इसे सबसे ज्यादा गर्मी वाले 9 दिन माना जाता है, लेकिन कई बार इन दिनों में बारिश भी देखने को मिलती है और इस बार तो मई की शुरुआत से ही शहर में रुक-रुककर बारिश हो रही है। इस बार आंधी-बारिश वाला मौसम रहेगा। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन यानी, 28 मई तक मप्र में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। जबलपुर, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर समेत 40 जिलों में तेज आंधी चलने और बारिश होने की संभावना है। आंधी की रफ्तार 30 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रह सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, अरब सागर में एक तूफान जिसे शक्ति नाम दिया गया है, वह एक्टिव होने वाला है। जिससे देश के कई राज्यों में तेज बारिश होगी। मध्य प्रदेश के मौसम पर भी तूफान का असर होने की संभावना है। जिससे प्रदेश भी बारिश से तर हो जाएगा। मौसम विभाग के मुताबिक, अरब सागर के पूर्व-मध्य हिस्से में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है। यह सिस्टम आने वाले 36 घंटों में और ताकतवर हो सकता है। बारिश को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है।

## नौतपा में बारिश

मई के महीने में पूरे प्रदेश में तेज गर्मी का असर रहता है। वहीं, नौतपा में भीषण गर्मी रहती है। इस बार अब तक आंधी-बारिश वाला मौसम ही रहा है। लगातार 24 दिन से प्रदेश में कहीं न कहीं बारिश हुई या फिर आंधी चली है। नौतपा के शुरुआती दिनों में भी ऐसा ही मौसम बना रहेगा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने पुष्टि की है कि पूर्वी-मध्य अरब सागर के ऊपर मंडरा रहा कम दबाव वाला क्षेत्र अगले 36 घंटों में डिप्रेशन में तब्दील हो सकता है। चक्रवात शक्ति के पश्चिमी तट की ओर बढ़ने की संभावना है। जिससे मध्य प्रदेश, दक्षिण और पश्चिम भारत के कई राज्यों में आंधी तूफान के साथ भारी बारिश का अनुमान है। समुद्र पर ऊंची-ऊंची लहरें उठेंगी और जोरदार आंधी भी चलेगी। मौसम वैज्ञानिक दिव्या ई सुरेंद्रन ने बताया कि अरब सागर के दक्षिणी कोंकण तट पर लो प्रेशर एरिया बना हुआ है। जिसके कारण अधिकतर राज्यों में बारिश हो रही है। इसके साथ ही आज सुबह मानसून ने केरल में दस्तक भी दे दी है। जबकि केरल में मानसून पहुंचने का सामान्य समय एक जून है। ऐसे में मध्य प्रदेश में भी आने वाले 7 दिनों तक आंधी-बारिश और गरज-चमक की संभावना जताई गई है।

## 15 जून तक आ सकता है मानसून

शनिवार को मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर उज्जैन, रतलाम, शाजापुर, देवास, बड़वानी, नर्मदापुरम, बैतूल सहित 47 जिलों में आंधी तूफान और बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं बालाघाट, अनूपपुर, शहडोल, सीधी, सिंगरौली में 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में 15 जून तक मानसून आने की उम्मीद है।

# शादी का पंडाल लगाने से पहले लेनी होगी फायर एनओसी

**5 हजार वर्गफीट के मकान भी होंगे दायरे में**

**जबलपुर।** मप्र में किसी को शादी के लिए पंडाल लगाना है या किसी राजनीतिक दल को सभा करनी है या फिर कोई सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन होना है, तो आयोजकों को सबसे पहले फायर एनओसी लेनी पड़ेगी। उसी के बाद बाकी अनुमतियां दी जाएंगी। जो आयोजक इस नियम का पालन नहीं करेंगे, उन्हें 10 हजार रुपए का जुर्माना और 3 महीने के कारावास की सजा होगी। 5 हजार वर्गफीट पर बने शैक्षणिक संस्थान, व्यवसायिक और व्यापारिक प्रतिष्ठान, औद्योगिक गोदामों के लिए भी एनओसी लेना जरूरी होगा। दरअसल, मध्यप्रदेश में फायर एंड इमरजेंसी सर्विस एक्ट (कानून) लागू होने वाला है। नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग ने इसका फाइनल ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। इसे 3 जून को पचमढ़ी में होने वाली कैबिनेट मीटिंग में रखा जा सकता है। इसके बाद फायर एक्ट के बिल को विधानसभा के मानसून सत्र में पेश किया जाएगा। नया कानून बनने के बाद आम लोगों पर टैक्स का भार आएगा। नगर निगम और नगर पालिकाएं प्रॉपर्टी टैक्स के सरचार्ज के रूप में फायर टैक्स वसूलेंगे।

## प्रदेश में फायर सेफ्टी एक्ट ही लागू नहीं

प्रदेश में फायर सेफ्टी एक्ट ही लागू नहीं है। अब नए एक्ट का जो ड्राफ्ट तैयार किया है, उसमें अग्निशमन सेवाओं का एक नया कैडर बनाया जा रहा है। इसका अपना एक अलग संचालनालय (डायरेक्टोरेट) होगा। डायरेक्टोरेट के गठन के बाद प्रदेश को अग्निशमन सेवा से जुड़े एक्सपर्ट अधिकारी मिलेंगे। नेशनल बिल्डिंग कोड 2016 के मुताबिक, इमारतों में अग्निशमन उपकरण लगाना जरूरी है।











Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. *Fastest compared to all oil & air cooled engine motorcycles in the 125cc segment as per internal testing, with a 0-60 km/h acceleration time of 5.7 seconds. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ##Revised Ex-showroom price of Xtreme 125R IBS Variant after 3000 cash bonus offer in Madhya Pradesh. Based on the data available in the public forum for products in 125cc Motorcycle segments. ^The discount is applicable on minimum transaction of Rs.1,00,000, subject to the credit card company's T&Cs. T&C apply. Financial schemes are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. **Offer of Cash Bonus applicable only on Xtreme 125R. Financial schemes are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs.

अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, बैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलर: पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, बारासिवनी: ठसिया मोटर्स 9425822392 , जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बड़ी : श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजित ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन : रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

FCP.INTERFACE/4380/MAY2025/ENG


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240